

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 192 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 26 अप्रेल 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## अमेरिका भी हिंदुओं के नरसंहार का मांग रहा इंसाफ

### ट्रंप की इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड बोलीं- भारत को फुल सपोर्ट!

दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली. पाकिस्तान की शह पाकरउसके आतंकी गुर्गों ने कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में आए टूरिस्टों पर कहर बरपा दिया. आतंकियों के हमले ने बैसरन घाटी में कहर बरपा दिया है. इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए. आतंकियों ने लोगों को चुन-चुनकर



मौत के घाट उतारा. इससे पूरी दुनिया में आक्रोश फैल गया है. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम नरेंद्र मोदी से बात की और उनको अपने सपोर्ट का वादा किया. अमेरिका इस घटना के जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के भारत के हर कदम का सपोर्ट करता है.

अमेरिका की नेशनल इंटेलीजेंस चीफ तुलसी गेबार्ड ने साफ कहा कि हम पहलगाम में 26 हिंदुओं को निशाना बनाकर किए गए भयानक इस्लामी आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता में खड़े हैं. मेरी प्रार्थनाएं और गहरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के सभी लोगों के साथ हैं. हम आपके साथ हैं और इस जघन्य हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने में आपका समर्थन करते हैं.

## भारत का हाइपरसोनिक धमाका!

### 1000 सेकंड का सफल परीक्षण, पाकिस्तान की खैर नहीं

दैनिक समाज जागरण

*भारत ने स्क्रैमजेट इंजन का 1,000 सेकंड से अधिक सफल परीक्षण किया, जो अगली पीढ़ी की तेज रफ्तार मिसाइलों के विकास में मदद करेगा. यह आधुनिक हथियार निर्माण में बड़ी सफलता है.*



नई दिल्लीः भारत ने अगली पीढ़ी की बहुत तेज रफ्तार वाली मिसाइलें बनाने की दिशा में बड़ा काम किया है. सरकारी अधिकारियों ने बताया कि भारत ने एक खास तरह के इंजन जिसे स्क्रैमजेट इंजन कहते हैं का जमीन पर 1,000 सेकंड से भी ज्यादा देर तक सफल परीक्षण किया है. यह इंजन इन मिसाइलों को बहुत तेजी से उड़ने में मदद करेगा. यह सफलता दिखाती है कि भारत खुद ही आधुनिक हथियार बनाने की तकनीक में आगे बढ़ रहा है और भविष्य में बहुत तेज मिसाइलें बना सकेगा.

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला, रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) ने साझा रूप से इसे तैयार किया है. डीआरडीएल ने 25 अप्रैल को हैदराबाद में नव निर्मित अत्याधुनिक स्क्रैमजेट कनेक्ट टेस्ट फैसिलिटी में 1000 सेकंड से अधिक समय तक सक्रिय रूप से ठंडा किए गए स्क्रैमजेट सबस्केल कंबस्टर का सफल जमीनी परीक्षण किया.

#### क्या है स्क्रैमजेट इंजन वाला मिसाइल?

भारत ने सक्रिय कूल्ड स्क्रैमजेट तकनीक के साथ हाइपरसोनिक मिसाइलों के क्षेत्र में कदम रखा. यह एक स्वदेशी ईंधन से संचालित मिसाइल है. यह आवाज की गति से पांच गुना तेज रफतार चलती है. हाईपरसोनिक मिसाइल तकनीक भी सिर्फ दुनियों के कुछ ही देशों के पास मौजूद है. इस सफलता के साथ भारत ने अपनी बहुत तेज रफ्तार वाली मिसाइल तकनीक में एक और कदम आगे बढ़ाया है. इस साल जनवरी में 120 सेकंड के सफल परीक्षण के बाद अब 1000 सेकंड से भी ज्यादा देर तक स्क्रैमजेट इंजन का जमीन पर परीक्षण किया गया है. इस सफलता का मतलब है कि यह तकनीक जल्द ही पूरी तरह से तैयार होकर मिसाइलों में इस्तेमाल की जा सकेगी.

हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलें ऐसे हथियार हैं जो आवाज की गति से पांच गुना ज्यादा (6100 किमी प्रति घंटे से भी तेज) रफ़्तार से लंबी दूरी तक उड़ सकती हैं. ये मिसाइलें हवा में मौजूद ऑक्सीजन का इस्तेमाल करके चलने वाले खास इंजन से चलती हैं. यह परीक्षण दिखाता है कि स्क्रैमजेट इंजन का डिजाइन और उसे टेस्ट करने की सुविधा दोनों ही ठीक काम कर रहे हैं. यह कामयाबी डीआरडीओ की अलग-अलग प्रयोगशालाओं, कंपनियों और कॉलेजों के मिलकर काम करने का नतीजा है और इससे भारत के लिए हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलें बनाने का रास्ता और मजबूत हो गया है.

## दुमदुमा पुलिस की बड़ी सफलता। लगभग एक करोड़ के ड्रग्स के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार।

दैनिक समाज जागरण

असम के तिनसुकिया जिला में दिन पर दिन मादक पदार्थों का कारोबार बढ़ता जा रहा है ।



पुलिस के लाख कोशिश के बाद भी ड्रग्स कारोबारी बाज नहीं आ रहे हैं । पुलिस कई कारोबारियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त कर चुकी है । कल रात दुमदुमा में दुमदुमा पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की है । एक ड्रग्स व्यवसायी को 7 पैकेट मादक द्रव्य के साथ गिरफ्तार किया। दुमदुमा पुलिस ने कल रात एक अभियान चलाकर बड़हापजान के आमगुड़ी गांव के जीतेन बरूआ (36) नामक ड्रग्स कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । मिली जानकारी के अनुसार दुमदुमा पुलिस ने ड्रग्स व्यापारी के पास से 7 ड्रग्स (ब्राऊन शुगर) के पैकेट जब्त किया है । अधिक जानकारी के लिए दुमदुमा पुलिस जीतेन बरूआ से पूछ ताछ कर रही है। दुमदुमा पुलिस ने जीतेन बरूआ के पास से वर्तमान में 81 ग्राम ड्रग्स जब्त किया है जिसकी बाजार में एक करोड़ रुपए कीमत बताई जा रही है । बताया जा रहा है कि जीतेन बहुत दिनों से तिनसुकिया जिला के दुमदुमा , बड़हापजान आदि अंचलों में ड्रग्स का कारोबार कर रहा था। दुमदुमा पुलिस स्टेशन के भार प्राप्त पुलिस अधिकारी मनोरंजन सैकिया के नेतृत्व में चलाए गए एक अभियान में ड्रग्स कारोबारी को पकड़ने में सफलता प्राप्त किया है।

## पटना में 27 पाकिस्तानियों का बीज रद्द, देश छोड़ने का नोटिश जारी

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद देशभर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में बिहार की राजधानी पटना से एक बड़ा फैसला सामने आया है। प्रशासन ने पटना में रह रहे 27 पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए हैं और उन्हें भारत छोड़ने का निर्देश दिया गया है। इन 27 पाकिस्तानी नागरिकों ने भारत में प्रवेश तो सीमित समय के वीजा के तहत किया था, लेकिन बाद में उन्होंने विभिन्न कारणों से वीजा की अवधि बढ़वा ली। इनमें से कई लोग पर्यटन, विवाह, या बीमार रिश्तेदारों से मिलने जैसे कारणों से आए थे, लेकिन समय बीतने के बाद भी पटना में रुके रहे। वीजा अवधि से अधिक समय तक रुकना नियमों का उल्लंघन है, और इसी आधार पर प्रशासन ने इन पर सख्त कदम उठाया है। पुलिस और खुफिया एजेंसियों को इन नागरिकों की कुछ गतिविधियाँ संदिग्ध लगी हैं। विशेष शाखा यह जांच कर रही




है कि इन नागरिकों ने किन-किन स्थानों का दौरा किया, वे किन लोगों के संपर्क में रहे और क्या उन्होंने किसी संवेदनशील स्थान की तस्वीरें ली हैं। जांच का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इनकी गतिविधियों में कोई खुफिया या गैरकानूनी तत्व शामिल न हो। इनमें से अधिकतर पाकिस्तानी नागरिक पटना के सब्जीबाग, समनपुरा और फुलवारीशरीफ जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में रह रहे थे। इन इलाकों में रहकर उनकी गतिविधियों पर नजर रखना कठिन हो जाता है, इसीलिए प्रशासन ने कार्रवाई को तेज किया। सभी को स्थानीय थानों के माध्यम से नोटिस भेजकर तत्काल भारत छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान लौटने वाले सभी नागरिकों को अपनी यात्रा की पूरी जानकारी पुलिस को देनी होगी। फ्लाइट से यात्रा करने वालों को टिकट और बोर्डिंग पास की फोटो कॉपी जमा करनी होगी, वहीं ट्रेन से जाने वालों को भी यात्रा की पुष्टि करने वाले दस्तावेज देने होंगे। इसके अलावा, दो स्थानीय भारतीय नागरिकों से पहचान की पुष्टि के लिए गवाही लेना भी अनिवार्य किया गया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई पाकिस्तानी नागरिक इस आदेश का उल्लंघन करता है तो उसे गिरफ्तार किया जाएगा। कोर्ट के आदेश के बाद उसे यात्रा से रोका भी जा सकता है और कानूनी प्रक्रिया के तहत हिरासत में लिया जाएगा। इससे यह साफ हो गया है कि सरकार अब सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। यह कार्रवाई सरकार की उस नीति का हिस्सा है जिसमें आतंकी हमलों के बाद हर पहलू पर कठोर निगरानी रखी जा रही है। चाहे वह विदेशियों की उपस्थिति हो या वीजा नियमों का पालन, अब किसी भी स्तर पर चूक की गुंजाइश नहीं रहेगी। प्रशासन इस बात को लेकर पूरी तरह सतर्क है कि देश की सुरक्षा में कोई भी संदिग्ध तत्व स्थान न पा सके। पटना में पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने और उन्हें देश छोड़ने के आदेश से यह संदेश स्पष्ट हो गया है कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ हर स्तर पर सतर्क और सक्रिय है। पहलगाम हमले के बाद सरकार ने जिस तीव्रता से कार्रवाई की है, वह देश की सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह कदम न केवल सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि संदिग्ध गतिविधियों पर भी प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करेगा।

## महाभारत के अर्जुन कृष्ण प्रसंग भी सुनानी चाहिए ।भागवताचार्य

दैनिक समाज जागरण

नोएडा । मथुरा के भागवताचार्य श्री राजेश अग्निहोत्री जी महाराज ने कहा है कि कथा वाचकों को प्रेम कथा के साथ-साथ कृष्ण और अर्जुन के बीच कुरुक्षेत्र के मैदान मे हुए प्रसंग भी सुनानी चाहिए। आखिर समाज को सशस्त्र बनाने की जिम्मेदारी भी तो उन्ही लोगों पर है। अगर हम अपने गौरवशाली इतिहासों को वर्णन अपने कथा मे नही करेंगे तो बच्चे कैसे जानेंगे।



## सदर में 40 हजार दुकान बंद करके फेस्टा ने पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग

मुख्य संवाददाता

नई दिल्ली 25 अप्रैल : दिल्ली में जिस तरह जगह-जगह पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर के कैंडल मार्च धरना प्रदर्शन चल रहा है उसी कड़ी में सदर बाजार के लोगों ने भी बाजार बंद रखा ।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में 28 पर्यटकों के मारे जाने व्यापारी जगत में काफी रोष था जिसको लेकर पूरी दिल्ली के आज बाजार बंद थे और साथ ही एशिया की सबसे बड़ी मार्केट सदर बाजार भी पूरी तरह से बंद रहा। फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव व पर मेयर जयप्रकाश जेपी भाई की अध्यक्षता में संकड़ों व्यापारियों के साथ-साथ सभी धर्म के लोगों ने मिलकर सड़क धरना प्रदर्शन किया। जिसमें वाहिद खान, सदर खान, आमिर खान, जाने आलम शिवकुमार, नारायण गुप्ता, मुकेश जैन, मुकेश अग्रवाल आंतकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग की। परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया सदर बाजार में लगभग 40 हजार दुकाने हैं और आए दिन लाखों व्यापारी यहां पर व्यापार करने आते हैं पूरी तरह से दुकानदारों




ने अपनी दुकान बंद करके रोज प्रकट किया। यहां तक की आए दिन रोग लगने वाली रेडी पटरी भी आज नहीं लगी।

इस अवसर पर जेपी भाई ने कहा कि पूरा देश में इसको लेकर काफी रोष है और पूरा देश का व्यापारी एकजुट होकर प्रधानमंत्री को भरोसा दिला रहा है वह सरकार के साथ है। सरकार किसी प्रकार के भी कोई कदम उठाना चाहती है तो वह पूरा सरकार का साथ देंगे। सरकार को चाहिए जल्द से जल्द अंततकवाद के खिलाफ खड़े कदम उठाए।

परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया सुबह फेडरेशन के ऐलान पर सुबह व्यापारी 12 टूटी चौक पर एकत्रित हुए। जिन्होंने हाथ में तरंगों के साथ-साथ बैनर लिए हुए थे जिस पर लिखा हुआ था दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करो, आंतकवाद के खिलाफ कार्रवाई करो, बे गुनाहों का खून बहाना बंद करो, पाकिस्तान मुदार्बाद जैसे नारे भी लगा रहे थे। पहले व्यापारियों ने वहां पर मारे गए मृत्यु को श्रद्धांजलि दी। फिर व्यापारियों ने 12 टूटी चौक से कुतुब रोड चौक तक हजारों की संख्या में व्यापारियों के साथ एक मार्च निकाला। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने कहां बड़े दुख की बात है जिस प्रकार जम्मू-कश्मीर में यह घटना हुई है इस घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। यह पाकिस्तान व आतंकवादियों का मकसद है कश्मीर में इस प्रकार का माहौल पैदा करके के वहां दहशत का माहौल पैदा करना क्योंकि वहां पर पर्यटकों ना जाए जिससे वह फिर से कहीं कश्मीरी को गुमराह करके पत्थरबाज या आंतकवादी बन सके जिस देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

इस अवसर पर वाहिद खान सदर खान व आमिर खान ने कहा जिस प्रकार वह पर आतंकवादियों ने घटना की है यह उसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और इसमें इसमें आपसी भाईचारे बिगड़ने की भी साजिश रची गई है। इस अवसर पर फेडरेशन के वाइस चेयरमैन पवन खंडेलवाल, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गोगिया, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल, उपाध्यक्ष रमेश सचदेवा, विष्णु यादव हरजीत सिंह छाबड़ा, भारत भरारा, वरिंदर आर्य सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

## मॉस्को के बाहर कार ब्लास्ट में रूसी जनरल को दिनदहाड़े उड़ाया गया, एक-एक कर क्यों मारे जा रहे हैं पुतिन के भरोसेमंद?

### मॉस्को में कार बम धमाके से रूसी जनरल की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई.

मॉस्को. एक वरिष्ठ रूसी सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल यारोस्लाव मोस्कालिक की शुक्रवार को मॉस्को के बाहरी इलाके में एक टारगेटेड कार बम धमाके में हत्या कर दी गई. यह घटना 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमला शुरू करने के बाद से क्रेमलिन समर्थक हस्तियों और सैन्य अधिकारियों की हत्याओं की बढ़ती सीरिज में सबसे ताजा है. खबरों में बताया गया कि रूसी सेना के जनरल स्टाफ के मुख्य संचालन निदेशालय के उप प्रमुख मोस्कालिक की मॉस्को इलाके में स्थित बालाशिखा शहर में हुए विस्फोट में मौत हो गई.

रूसी जांच अधिकारियों के मुताबिक विस्फोट एक रिमोट बम से किया गया. उसे एक खड़ी कार में रखा गया था. उस वक्त स्थानीय निवासी मोस्कालिक वहां



से गुजर रहे थे. यह हमला ऐसे वक्त में हुआ जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के साथ क्रेमलिन में बंद कमरे में बैठक शुरू की. विटकॉफ, जिनके पास औपचारिक राजनयिक पद नहीं है. हाल के महीनों में संभावित शांति समझौते पर चर्चा करने के लिए चार बार रूस का दौरा कर चुके हैं.

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में यूक्रेन में युद्ध को खत्म करना अपनी प्राथमिकता बना लिया है. उन्होंने मीडिया से कहा कि 'अगले कुछ दिन बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं. अभी बैठकें हो रही हैं. मुझे लगता है कि हम एक समझौता करने जा रहे हैं ... मुझे लगता है कि हम बहुत करीब पहुंच रहे हैं.' मोस्कलिक की हत्या का समय ठीक उस समय हुई जब शांति वार्ता चल रही थी. ये वाशिंगटन और मॉस्को के बीच पहले से ही नाजुक बातचीत को और जटिल बना सकता है.

## दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से किया इनकार

नई दिल्लीः दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा अन्य को फिलहाल नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर कार्रवाई कर रहे थे, जिसमें दावा किया गया था कि कानून के नए प्रावधानों के अनुसार आरोपी की सुनवाई किए बिना शिकायत (ईडी का आरोपपत्र के



समतुल्य) पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता।

ईडी ने अदालत से कहा, "हम नहीं चाहते कि यह आदेश लंबा चले। नोटिस जारी किया जाए।" हालांकि, न्यायाधीश ने कहा कि इससे पहले कि अदालत इस बात से संतुष्ट हो जाए कि नोटिस की आवश्यकता है, वह "ऐसा आदेश पारित नहीं कर सकता"। न्यायाधीश ने कहा, "कोई भी आदेश पारित करने से पहले अदालत को यह देखना होगा कि कोई कमी तो नहीं है।"

अहमद ने कहा, "आरोपपत्र में कुछ दस्तावेज गायब हैं। ईडी को उन दस्तावेजों को दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है। उसके बाद अदालत नोटिस जारी करने पर फैसला करेगी।"

ईडी ने कहा कि यह "बहुत पारदर्शी" है। ईडी ने अदालत से कहा, "कुछ भी नहीं छिपाया जा रहा है। संज्ञान लिए जाने से पहले उन्हें अपनी बात रखने का मौका दिया जा रहा है।" न्यायाधीश ने मामले की अगली सुनवाई 2 मई को तय की है।

## पतंजलि क्यों अलग है

पतंजलि का दावा है कि उसके पेय पदार्थ अलग हैं क्योंकि ब्रांड का मुख्य ध्यान स्वास्थ्य, सादगी और किफायतीपन पर है। ऐसे समय में जब लोग अपने खाने-पीने के तरीके के प्रति अधिक सजग हो रहे हैं, पतंजलि का दावा है कि ये प्राकृतिक रूप से तैयार किए गए पेय अत्यधिक संसाधित शीतल पेय का एक बेहतरीन विकल्प हैं - घर पर ताजा जूस बनाने की परेशानी के बिना।




## पतंजलि के पेय इस गर्मी में आपके लिए कैसे शीतल पेय बन सकते हैं

जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है और गर्मियों में सूरज की तपिश बढ़ती है, ठंडे, ताजगी देने वाले पेय पदार्थों की चाहत बढ़ती जाती है। जबकि बाजार में मीठे और कृत्रिम स्वाद वाले पेय पदार्थों की भरमार है, पतंजलि का दावा है कि यह आयुर्वेद और प्राकृतिक अच्छाई पर आधारित एक ताजगी देने वाला विकल्प पेश करता है।

प्रिजर्वेटिव, सिंथेटिक रंग और रिफाइंड शुगर से भरे कई मुख्यधारा के सॉफ्ट ड्रिंक्स के विपरीत, पतंजलि प्राकृतिक सामग्री और पारंपरिक तैयारी विधियों पर ध्यान केंद्रित करके खुद को अलग करता है। ब्रांड का दावा है कि इसके पेय पदार्थ न केवल ठंडक देते हैं बल्कि स्वास्थ्य लाभ भी देते हैं - जो उन्हें इस मौसम के लिए एक बेहतर विकल्प बनाता है।

#### पतंजलि रोज सिरप

पतंजलि का दावा है कि इसका रोज सिरप आयुर्वेदिक परंपराओं से प्रेरित है और असली गुलाब की पंखुड़ियों और कम चीनी से बना है। अपने शांत और ठंडक देने वाले गुणों के लिए जाना जाने वाला यह सिरप ठंडे पानी या दूध के साथ लिया जा सकता है। पतंजलि का दावा है कि यह एक सुखदायक और स्वादिष्ट विकल्प है जो मन और शरीर दोनों को आराम देता है।

## छोटी कारें भी अब आम लोगों की पहुंच से बाहर: मारुति चेयरमैन आर सी भार्गव

*88% भारतीय परिवार 10 लाख की कार खरीदने में सक्षम नहीं, छोटी कारों की बिक्री में भी 9% गिरावट*



मारुति सुजूकी इंडिया (एमएसआईएल) के चेयरमैन आर सी भार्गव ने शुक्रवार को कहा कि भारत में कार की खरीद मुख्य रूप से उन शीर्ष 12 प्रतिशत परिवारों तक सीमित है जिनकी सालाना आय 12 लाख रुपये से अधिक है, जबकि शेष 88 प्रतिशत लोगों के लिए छोटी कारें भी अफोर्डेबल नहीं रह गई हैं। उन्होंने कंपनी के वित्तीय परिणाम के बाद संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को बताया, 'अगर देश के 88 प्रतिशत लोग आय के उस स्तर से नीचे हैं, जहां वे 10 लाख और उससे अधिक कीमत वाली इन कारों को खरीदने में सक्षम नहीं हैं, तो आप ऊंची कार बिक्री वृद्धि कैसे प्राप्त कर सकते हैं? जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, नियामकीय उपायों पर अमल करने की ऊंची लागत से छोटी कारें, सस्ती कारें भी इन लोगों के लिए अफोर्डेबल नहीं रह गई हैं।'

उन्होंने कहा, 'हमने देखा है कि इस चालू वर्ष में, छोटी कारों (सिडैन और हैचबैक) की बिक्री करीब 9 फीसदी तक घटी है। इसलिए, यदि देश में 88 प्रतिशत लोगों द्वारा खरीदी जाने वाली कार श्रेणी में 9 प्रतिशत की गिरावट आई है, तो आप वृद्धि कहां से लाएंगे?' वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में एमएसआईएल का समेकित शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 4.3 फीसदी घटकर 3,711 करोड़ रुपये रह गया। छोटी कारों की बिक्री में लगातार गिरावट और शहरी बाजारों में कमजोर मांग की वजह से शुद्ध लाभ पर यह दबाव पड़ा है।

सायम के आंकड़े के अनुसार भारत में कुल यात्री वाहन बिक्री वृद्धि 2024-25 में 43 लाख वाहन रही, जो एक साल पहले के मुकाबले महज दो फीसदी अधिक है। भार्गव ने कहा, ह्यभारत में प्रति 1,000 लोगों में से केवल 34 की ही कारों तक पहुंच है, जो इस संदर्भ में संभवतः दुनिया के किसी भी देश की तुलना में सबसे कम है। एक विकासशील देश के लिए, यात्री वाहनों की बिक्री में प्रति वर्ष मात्र दो से तीन फीसदी की वृद्धि दर से, देश में कारों की पहुंच में कोई खास वृद्धि नहीं हो सकती है। यह कुछ हद तक चिंता का विषय है, खासकर इसलिए क्योंकि जैसा कि सायम ने पूवार्नुमान लगाया है, 2025-26 बेहतर वर्ष नहीं होगा। विकास दर एक से दो प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।'

# भटके बादल, कहाँ गरजे,कहाँ बरसेंगे ?

समाज जाागरण



हैरान मत होइए,मेरे निशाने में आज भी कोई बदलाव नहीं है । मै आज भी अपने प्राणप्रिय प्रधानमंत्री जी की ही बात कर रहा हूँ । आपको पढ़ना हो तो पढ़िए और न पढ़ना हो तो मत पढ़िए। मुझे अपने भाग्यविधाता उन भटके हुए बादलों की तरह नजर आ रहे हैं जिन्हें अपने गरजने और बरसने के ठिकानों का पता नहीं है। पहलगाम के नृशंस हादसे के बाद मोदी जी से उम्मीद थी कि वे रात 8 बजे दूरदर्शन पर दर्शन देंगे,या फिर पहलगाम में मौकाए वारदात पर नजर आएंगे,किन्तु ऐसा नहीं हुआ। वे आवारा बादलों की तरह उड़कर सीधे बिहार पहुँच गए। और बिहार के मधुबनी में मैथली में नहीं अंग्रेजी में बरसे और जमकर बरसे।

ये कोई व्यंग्य की बात नहीं है। ये हकीकत है और पूरे देश और दुनिया ने माननीय मोदी जी को मधुबनी में गरजते हुए देखा है। उन्होंने मधुबनी में हिंदी में या मैथली में नहीं बल्कि अंग्रेजी में भाषण दिया । मंच चुनाव की सभा का था। सामने गैर अंग्रेजी समझने वाले लोग थे लेकिन मोदी जी अंग्रेजी में बरसे । उन्होंने आतंकवादियों को चेतावनी दी की ' वी टार्गेटिड,आइडेंटिफाइड एंड पनिश्ड।' मुझे लगा कि मोदी जी को पता है की पहलगाम में नृशंस हत्याकांड करने वाले आतंकवादी हिंदी या उर्दू या मैथिली नहीं जानते ,वे केवल अंग्रेजी जानते हैं इसलिए उन्हें अंग्रेजी में ही धमकाया जाए। मुमकिन है कि माननीय मोदी जी भूल गए हों कि वे मधुबनी की चुनावी सभा में नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में बोल रहे हैं और वहां अंग्रेजी में ही बोलने से दुनिया उनकी बात समझेगी।

मुमकिन है कि मोदी जी का प्रयोग कामयाब भी हो जाये । उनकी चेतावनी को आतंकवादी और पाकिस्तान दोनों समझ गए हों और भारत की और से संभावित जबाबी कार्रवाई से बचने में जुट गए हों। पाकिस्तान को पता है कि मोदी जी खाली बादल नहीं हैं, वे गरजे हैं तो कहीं न कहीं बरसेंगे भी। मोदी जी को बरसना भी चाहिए अन्यथा जनता उन्हें और उनकी पार्टी को एकदम से खारिज कर देगी। मोदी जी के सामने हिन्दुओं के जख्मों पार मरहम लगाने के साथ ही पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी से भी बड़ी जंग छेड़ना होगी। बात अब जंग से कम पर हो ही नहीं सकती।

भारत सरकार द्वारा पहलगाम हत्याकांड के फौरन बाद उठाये गए कदमों से पाकिस्तान में बौखलाहट है । भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द किया तो पाकिस्तान शिला समझौता रद्द करने की धमकी दे रहा है ,हालाँकि अभी उसने ऐसा किया नहीं है। हम तो कहते हैं कि पाकिस्तान कोजो करना है वो करे,लेकिन हमें जो भी करना है हम भी करें और निर्णायक ढंग से करें। हम पहलगाम हत्याकांड को बिहार चुनाव के लिए मुद्दा बनाने की गलतीं करें। लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा । माननीय मोदी जी ने तमाम रोकटोकी के बावजूद पहलगाम गत्यकांड को चुनावी मुद्दा बना ही दिया। वे बिहार में भी इस नृशंस हत्याकांड के सहारे ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं।

माननीय प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी पूरे 11 साल से ध्रुवीकरण में लगी है । ध्रुवीकरण भाजपा और प्रधानमंत्री जी का प्रिय खेल है। वे पहलगाम हत्याकांड के बाद पूरे देश को एक ध्रुव पर लाने के बजाय केवल हिन्दुओं का ध्रुवीकरण कर रहे हैं। जनभावनाओं के विरुद्ध जाकर मोदी जी और उनकी सरकार जिस तरह से ध्रुवीकरण का खेल खेल रही है उससे आतांकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई कमजोर हो सकती है। मोदी जी को अभी एक देश ,एक चुनाव की तरह पूरे देश को एक सूत्र में बांधने की कोशिश करना चाहिए थी लेकिन हो उलटा रहा है। हत्याकांड पाक सेना द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों ने किया और सजा दी जा रही है भारत के मुसलमानों को जबकि पहली बार देश भर में मुसलमान तक इस हत्याकांड के खिलाफ एकजुट नजर आ रहे हैं।

मैंने पहले दिन ही ये आशंका जताई थी कि भाजपा और हमारी लंगड़ी सरकार पहलगाम गत्याकाण्ड का इस्तेमाल चुनावों के लिए ठीक उसी तरह करेगी,जैसे की उसने पुलवामा काण्ड का किया था। पुलवामा के शहीदों की तस्वीरें चुनावी सभाओं में खुलकर लगाई गयीं थीं। न केंद्रीय चुनाव आयोग सरकार और भाजपा को रोक पाया था और न अदालतें। आज भी यही सब हो रहा है। खुद मोदी जी ने पहलगाम हत्याकांड का इस्तेमाल बिहार विधानसभा के चुनावों के लिए किया। बेहतर होता कि वे बिहार विधानसभा चुनावों को भूलरकर पहलगाम हत्याकांड का जबाब देने में अपना समय खर्च करते ,किन्तु ऐसा नहीं किया गया। मोदी जी ने एक बार फिर अपने मन की कर दी। बधाई उन्हें, क्योंकि आलोचनाओं का और विरोध का तो मोदी जी पर कोई असर पड़ता ही नहीं है।

मोदी जी का तो ट्रेक रिकार्ड रहा है कि वे जहाँ जाना होता है ,वहां भूलकर भी नहीं जाते और जहां नहीं जाना चाहिए वहां सबसे पहले जाते हैं। आपको याद होगा कि ढाई साल से जल रहे मणिपुर में मोदी जी नहीं गए तो नहीं गए। उन्हें मुर्शिदाबाद और मालदा के दंगों के बाद बंगाल नहीं जाना था,वे नहीं गये । उन्हें पहलगाम जाना चाहिए था किन्तु नहीं गये । अब ये ड्यूटी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी निभा रहे हैं। राहुल अमरीका से वापस लौटे है और सीधे श्रीनगर जा रहे हैं। उनके जाने से क्या होगा और क्या नहीं ये वे जानें लेकिन मै इतना कह सकता हूँ कि राहुल ने अक्ल से काम लिया है। वे भी श्रीनगर न जाकर मधुबनी से पीड़ितों के प्रति अपनी सहानुभूति का प्रदर्शन कर सकते थे ,लेकिन वे मधुबनी नहीं गए। वे मोदी जी का पीछा नहीं कर रहे हैं ,फिर भी पूरी भाजपा जितना पाकिस्तान से नहीं डरती उससे कहीं ज्यादा कांग्रेस और राहुल गाँधी से डरती है। अंततोगत्वा मुझे उम्मीद है कि मोदी जी पाकिस्तान को सबक जरूर सिखाएंगे । हम सब उनके साथ हैं क्योंकि मसला देश की सम्प्रभुता,एकता और अखंडता से जुड़ा है। इस मामले पर हम कोई राजनीति नहींकरना चाहते ,किसी को भी नहीं करना चाहिये । राहुल गाँधी को भी भी नहीं औरमोदी जी को भी नहीं। किन्तु मुझेपता है कि मेरे जैसे अदने से लेखक की बात मानता कौन है ? न माने लेकिन मै अपना काम कर रहा हों और मैं कोई भटका बादल नहीं हूँ की गरजूं कहीं और और बरसूं कहीं और।

**@ राकेश अचल**

## जमीनी स्तर पर शासन

*देश की 2,16,000 पंचायतों को गरीबी उन्मूलन और बेहतर आजीविका, स्वास्थ्य, जल की पर्याप्तता, समुचित अधोसंरचना और सुशासन जैसे मानकों पर आंका गया और रैंकिंग प्रदान की गई।*



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर दिए अपने संबोधन में कहा कि बीते दशक में कई पहल की गई हैं। इस संबंध में हाल ही में पंचायती राज मंत्रालय ने जमीनी स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया और पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (पीएआई) शुरू किया। देश की 2,16,000 पंचायतों को गरीबी उन्मूलन और बेहतर आजीविका, स्वास्थ्य, जल की पर्याप्तता, समुचित अधोसंरचना और सुशासन जैसे मानकों पर आंका गया और रैंकिंग प्रदान की गई। यह सूचकांक देश के सतत विकास के एजेंडे में ग्रामीण स्थानीय निकायों की अहम भूमिका की साहसी स्वीकारोक्ति है।

संयुक्त राष्ट्र जहां विभिन्न देशों के स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों के क्रियान्वयन की प्रगति की निगरानी करता है और नीति आयोग का एसडीजी इंडिया इंडेक्स राज्य स्तर के प्रदर्शन पर नजर रखता है वहीं हाल के वर्षों में इन लक्ष्यों के स्थानीयकरण पर जोर दिया गया है ताकि उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। इस संदर्भ में पीएआई एक स्वागतयोग्य कदम है और भविष्य में इसकी कवरेज को सभी 2,69,000 पंचायतों तक बढ़ाया जाना चाहिए। बहरहाल, इसके परिणाम चिंताजनक हैं। एक भी पंचायत ऐसी नहीं रही जिसने अचीवर्स की श्रेणी में जगह बनाई हो।

केवल 699 पंचायतों को अग्रणी घोषित किया गया है। इसके अलावा बहुत बड़े पैमाने पर भौगोलिक असमानताएं भी हैं। 699 अग्रणी पंचायतों में से 346 गुजरात की, 270 तेलंगाना की और 42 त्रिपुरा की हैं, जबकि कई राज्य काफी पीछे हैं।

पंचायतें शासन का वह स्तर हैं जो जनता के सबसे करीब होता है। शीर्ष से नीचे की ओर आने के मॉडल के बजाय पंचायत के नेतृत्व वाला रुख ऐसी रणनीतियां बनाने की इजाजत देता है जो हर गांव की खास सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यावरण संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रख सकें। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में तो यह और भी अहम है जहां अक्सर सबके लिए एक समान नीतियां नाकाम साबित होती हैं। बहरहाल, अपर्याप्त वित्तीय संसाधन भी ग्रामीण स्थानीय निकायों के सुचारू कामकाज में एक बड़ी बाधा हैं। देश की अधिकांश पंचायतें फंड के लिए सरकार के ऊपरी स्तरों पर बहुत अधिक निर्भर रहती हैं और उनके पास अपने राजस्व के लिए बहुत सीमित संसाधन होते हैं।

संपत्ति, स्थानीय बाजारों या कारोबारों पर या तो समुचित कर नहीं लग पाता या फिर इन पर कर लगाना राजनीतिक रूप से बहुत संवेदनशील होता है, खासतौर पर गरीब या छोटे गांवों में ऐसा करना मुश्किल होता है। रिजर्व बैंक द्वारा पंचायतों की वित्तीय स्थिति पर कराया गया एक अध्ययन बताता है कि 2022-23 में सभी स्रोतों से प्रति पंचायत औसत राजस्व महज 21.23 लाख रुपये था। इसमें से स्थानीय करों और शुल्क द्वारा उनका निजी राजस्व कुल राजस्व का केवल 1.1 फीसदी ही था।

सीमित तकनीकी अधोसंरचना और डिजिटल साक्षरता की कमी भी समस्या को बढ़ाती है। इनकी वजह से निगरानी, आकलन और प्रगति की रिपोर्टिंग पर असर पड़ता है। जमीनी स्तर पर प्रयासों का विभाजित होना भी उतना ही दिक्कतदेह है। गांवों में कई सरकारी विभाग बहुत कम तालमेल के साथ एक ही समय पर काम करते हैं। इसका परिणाम काम के दोहराव और संसाधनों की बरबादी के रूप में सामने आता है। विभिन्न विभागों की गतिविधियों और योजनाओं में तालमेल नहीं होने पर अक्सर सतत विकास लक्ष्यों के अधीन परिकल्पित समग्र विकास दूर ही बना रहता है।

पंचायतों की पूर्ण संभावनाओं का इस्तेमाल करने के लिए यह प्रयास किया जाना चाहिए कि उनकी सांस्थानिक क्षमता बढ़ाई जा सके। इसमें लक्षित प्रशिक्षण मुहैया कराना, डिजिटल समावेशन को बढ़ाना, निर्णय प्रक्रिया में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा और फंड का समय पर आवंटन शामिल है। विभागों के बीच बेहतर समन्वय भी महत्त्वपूर्ण है।

**दैनिक समाज जागरण**
**को अब आप वेबसाइट samajjagran.in**
**से भी डाउनलोड कर सकते है।**

समाज जाागरण

# जेनेरिक दवाओं का गोरखधंधा

अशोक भाटिया , मुंबई

हाल ही में मुझे खुद को एक अनुभव मिला जब मैंने डॉक्टर की लिखी दवा PANAM -DSR अपने मेडिकल स्टोर से खरीदी तो उसे छपे भाव में मिली और उसे ही जेनेरिक रूप में ओन लाइन TRUE MAD से मंगवाई तो 51 % कम में मिली यानि वह जेनेरिक थी । इसी प्रकार जब डायबिटीज की गोली GLIFOZENIX ऑन लाइन मंगवाने की सोची तो उसका भाव ६४० रुपए दशार्या गया था व २० % छुट । उसके बाद भी तुर्रा यह कि उसे आउट ऑफ स्टॉक बताया गया था । ( स्क्रीन शॉट साथ में है ) । बाद में जब प्रधानमंत्री के जन औषधि केंद्र वाले दुकान पर उसकी तलाश की तो वही दवाई २३० रुपये में मिली और वहां भी गोली पर भाव ६४० रुपये ही छपा था । इसके बाद मैंने तय किया कि इसके बारे में मैं विस्तार से तपशील करूँगा । मैं एक ही दवा को लेकर अलग झ अलग जेनेरिक दवाइयों की दुकान पर गया । मैंने पाया कि एक ही दवा अलग – अलग दुकान पर अलग – अलग नामों से व भावों से बिक रही है । 20 रुपये की दवा की कीमत भी 80 रूपया लिखा होता है । और पता करने पर पाया कि जेनेरिक दवाओं के प्रिंट रेट यानी इन दवाओं पर छपने वाली कीमत पर कोई नियंत्रण नहीं है। आईएमए के सदस्य और मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर डॉक्टर हेमंत जैन के एक लेख के अनुसार ब्रांडेड मेडिसिन पर फार्मासिस्ट को 5 से 20 प्रतिशत तक कमीशन मिलता है, पर जेनेरिक मेडिसिन की प्रिंट रेट और रीटेलर की खरीद कीमत में 50 गुना से 350 गुना तक का अंतर होता है। 10 पैसे की बी कॉम्प्लेक्स 35 रुपए तक में बिकती है। इसका आम जनता या मरीजों को उतना फायदा नहीं मिलता, जितना मिलना चाहिए। ऐसे में सरकार को जेनेरिक मेडिसिन के प्रिंट रेट पर भी लगाम लगाने की जरूरत है, वरना जनता को कोई फायदा नहीं होने वाला। आम तौर पर सभी दवाएं एक तरह का \"केमिकल सॉल्ट\' होती हैं। इन्हें शोध के बाद अलग-अलग बीमारियों के लिए बनाया जाता है। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है, उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे- दर्द और बुखार में काम आने वाले पैरासिटामोल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे। वहीं, जब इसे किसी ब्रांड जैसे- क्रोसिन यां डोलो -६५० के नाम से बेचा जाता है तो यह उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि सर्दी-खांसी, बुखार और बदन दर्द जैसी रोजमर्रा की तकलीफों के लिए जेनरिक दवा महज 10 पैसे से लेकर डेढ़ रुपए प्रति टैबलेट तक में उपलब्ध है। ब्रांडेड में यही दवा डेढ़ रुपए से लेकर 35 रुपए तक पहुंच जाती है।

गौरतलब है कि देश में जेनरिक दवाओं के इस्तेमाल को लेकर केंद्र सरकार ने डॉक्टरों को सख्त निर्देश जारी किया था । सरकार ने आदेश जारी कर सभी डॉक्टरों को जेनरिक दवाएं पेशेंट्स के लिए लिखने को कहा था । सरकार ने सख्त होते हुए कहा कि अगर डॉक्टर पर्ची में जेनरिक दवा नहीं लिखी जाती तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य सेवा के डायरेक्टर जनरल ने आदेश जारी करते हुए इस बात की वार्निंग दी थी कि जो कोई भी डॉक्टर जेनरिक दवाओं को अपने पर्ची में शामिल नहीं करेगा, उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा सकता है।केंद्र सरकार ने सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों के डॉक्टरों को जेनरिक दवाएं ही लिखने के लिए निर्धारित नियमों का पालन करने की चेतावनी जारी की थी ।पर न जाने क्यों यह आदेश समय के अनुसार धुंधला पड़ गया ।

बताया जाता है कि सरकार मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कानून में संशोधन की तैयारी करती रहती है। इसके बाद डॉक्टर्स को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवा लिखनी होंगी, न कि किसी विशेष ब्रांड या कंपनी की।ऐसा लगभग 10 साल से सुनते आ रहे हैं पर कानून अमली जामा कब पहनेगा मालूम नहीं ? इसके बाद भी मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने लगेंगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है ।



लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने और सरकारी नीतियों में बदलाव को लेकर काम कर रहे जन स्वास्थ्य अभियान के डॉ. इंद्रनील मुखोपाध्याय बताते हैं- जेनेरिक दवाओं को लेकर भारत और विदेशों में काफी अंतर है। 2007 के बाद से पेटेंट कानून में कोई प्रभावी संशोधन नहीं हुआ। दूसरी बड़ी बात यह है कि सरकारी अस्पतालों में मिलने वाली दवाओं की कीमतों में भी भारी अंतर होता है। खास तौर पर इनकी प्रिंट रेट और खरीद कीमत में भारी अंतर होता है। ऐसे में सरकार को इन दवाओं की एवरेज प्राइसिंग करनी चाहिए। इससे दवाओं की कीमतों में बड़ा फर्क आ जाएगा। अभी किसी भी मरीज का दवाओं पर औसत खर्च 180% ज्यादा है। दवा कीमतों पर नियंत्रण के बाद इसमें भारी कमी आ जाएगी।

डॉ. मुखोपाध्याय बताते हैं कि जेनेरिक दवा ब्रांडेड भी होती है। एक ही कंपनी जेनेरिक और ब्रांडेड, दोनों दवाएं बनाती है, लेकिन उनकी कीमतों में काफी अंतर होता है। ऐसे में अगर सरकार लोगों को या मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाना चाहती है तो उनकी कीमतों पर नियंत्रण जरूरी है। जेनेरिक दवाओं के मामले में भी बड़ा खेल होता है, खासतौर पर सरकारी खरीद या अस्पतालों में खरीदी जाने वाली दवाओं के मामलों में। ऐसे में इनकी कीमतों पर नियंत्रण ही मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने का रास्ता खोल सकता है।


कई जानलेवा बीमारियों जैसे एचआईवी, लंग कैंसर, लीवर कैंसर जैसी बीमारियों में काम आने वाली दवाओं के ज्यादातर पेटेंट बड़ी-बड़ी कंपनियों के पास हैं। वे इन्हें अलग-अलग ब्रांड से बेचती हैं। अगर यही दवा जेनेरिक में उपलब्ध हो तो इलाज पर खर्च 200 गुना तक घट सकता है। जैसे- एचआईवी की दवा टेनोफिविर या एफाविरेज की ब्रांडेड दवा का खर्च 2,500 डॉलर यानी करीब 1 लाख 75 हजार रुपए है, जबकि जेनरिक दवा में यही खर्च 12 डॉलर यानी महज 840 रुपए महीने तक हो सकता है। हालांकि, इन बीमारियों का इलाज ज्यादातर सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में होता है। ऐसे में ये दवाएं इन अस्पतालों में या वहां के केमिस्ट के पास ही मिल पाती हैं।

- नोवार्टिस की कैंसर की दवा ग्लीवियो- इमेटिनिब मिसाइलेट का एक महीने का खर्च 2,158 डॉलर यानी करीब 1.51 लाख रुपए पड़ता है, जबकि जेनरिक रूप में इसी दवा का खर्च 174 डॉलर प्रति माह (12,180 रुपए) है, यानी 12 गुना या 92% से भी कम। - ऐसे ही बेयर की कैंसर ड्रग सोराफेनिब टोसाइलेट, जिसे वह नेक्सावर के नाम से बेचती है, उसका एक महीने का खर्च करीब 5,030 डॉलर है, जबकि जेनरिक दवा लेने पर यही खर्च महज 122 डॉलर प्रति माह रह जाता है।

जर्नल ऑफ हेल्थ इकोनॉमिक्स के मुताबिक, एक पेटेंट इनोवेटर को उस उत्पाद पर रिसर्च के दौरान किए गए खर्च या लागत को वसूलने और उससे लाभ हासिल करने की अनुमति देता है। जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, किसी भी दवा के इनोवेटर या कंपनी उस दवा को बनाने से लेकर बाजार में उतारने और उसके बाद के 10-15 साल के दौरान करीब 80 करोड़ डॉलर यानी करीब 5,600 करोड़ रुपए खर्च करती है। ऐसे में पेटेंट के 20 साल के दौरान उसे इस खर्च को वसूलने और मुनाफा कमाने का मौका मिल जाता है।

डॉ. हेमंत जैन और डॉ. मुखोपाध्याय का कहना है कि अगर जेनेरिक दवा लिखना अनिवार्य होता है तो इसके साथ-साथ फार्मा सेक्टर में हजारों नौकरियों पर भी खतरा पैदा हो जाएगा। इनके मुताबिक, एक दवा को कई कंपनियां बनाती हैं। उनके प्रचार-प्रसार या उन्हें प्रमोट करने के लिए भारी भरकम स्टाफ रखती है। इनमें सबसे ज्यादा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) हैं, जो डॉक्टर्स के पास विजिट कर उन्हें अपनी कंपनी की दवा लिखने को कहते हैं। कई डॉक्टर्स को इसके लिए बाकायदा कमीशन या महंगे-महंगे गिफ्ट तक दिए जाते हैं। ऐसे में डॉक्टर जब सिर्फ जेनेरिक दवा लिखेंगे, तो यह सब करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसका दूसरा असर यह होगा कि ब्रांडिंग खत्म हो जाएगी तो दवा कंपनियों को प्रचार-प्रसार के लिए स्टाफ भी कम रखना पड़ेगा। कई लाख मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्ज की नौकरियां खतरे में आ जाएंगी। फार्मा और मेडिकल सेक्टर से जुड़ी डॉकप्लेक्सस के मुताबिक, बड़ी कंपनियों में से प्रत्येक अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए 5 हजार से ज्यादा फील्ड स्टाफ रखती है। इसके अलावा फार्मा कंपनियां कुल बजट का 20% फील्ड स्टाफ की भर्ती और खर्च का 60% फील्ड स्टाफ और उनसे जुड़ी गतिविधियों पर खर्च करती हैं।

इसका दूसरा पहलू भी है। ज्यादातर डॉक्टर्स सरकार की इस योजना का विरोध कर रहे हैं। वे आशंका जता रहे हैं कि ऐसे किसी कानून के लागू होने के बाद दवा से जुड़ी सभी शक्तियां केमिस्ट के हाथों में चली जाएंगी। उनकी दलील है कि डॉक्टर के जेनेरिक दवा लिखने के बाद केमिस्ट तय करेगा कि मरीज को कौन-सी दवा देनी है। ऐसी स्थिति में वह दवा की गुणवत्ता की परवाह किए बिना वही दवा देगा, जिसकी बिक्री से उसे अधिक मार्जिन या मुनाफा हासिल होगा। फार्मा सेक्टर से जुड़े सूत्र बताते हैं कि इसमें डॉक्टर्स को तो कोई नुकसान नहीं होगा, क्योंकि उनके पास तो मरीज आते रहेंगे, लेकिन जनता को अच्छी गुणवत्ता की जेनेरिक दवा मिलेगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसके बाद दवा कंपनियां सीधे स्टॉकिस्ट या केमिस्ट से संपर्क करेंगी और उसे अपनी दवा बिक्री के लिए कई तरह के लालच दे सकती हैं, जिसका नुकसान आखिरकार आम जनता को उठाना पड़ सकता है। ऐसे में सरकार को इस दिशा में भी सोच-विचार करना चाहिए।अब यह सरकार को तय करना है कि जिस कानून को वह साल दर साल दोहराती है उसे अमली जामा कैसे पहनाया जा सकता हैं ।



**अशोक भाटिया,** *वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार लेखक 6 दशक से लेखन कार्य से जुड़े हुए हैं पत्रकारिता में वसई गौरव अवार्ड से सम्मानित, वसई पूर्व - 401208 ( मुंबई )*

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर प्रभारी जिला जज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 25 अप्रैल 2025: जनपद में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु जनपद न्यायालय सभागार में प्रभारी जिला जज/अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर प्रतिक्षा नागर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।



माननीय प्रभारी जिला जज ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक अदालत के माध्यम से आमजन को शीघ्र एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने स्तर पर ठोस तैयारियाँ सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वादों के चिन्हीकरण से लेकर प्रचार-प्रसार तक की सभी गतिविधियाँ योजनाबद्ध ढंग से की जाएँ ताकि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण आपसी समझौते से हो सके।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम, वैवाहिक वाद, उत्तराधिकारी अधिनियम, दीवानी वाद, एमवी एक्ट व ई-चालान, आर्बिट्रेशन, एनआई एक्ट की धारा 138, विद्युत अधिनियम, भू-राजस्व, पेंशन, श्रम सहित विभिन्न प्रकरणों के साथ-साथ प्री-लिटीगेशन स्तर पर बैंक ऋण, विद्युत व बीएसएनएल के बिलों से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। मामलों के निस्तारण के लिए पक्षकार संबंधित न्यायालय में संपर्क कर सकते हैं एवं अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ईमेल ि'२ुल्लल्लर्ळ्@ि'ॅ्रङ्क व टोल फ्री नंबर 120-2970040 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

प्रभारी जिला जज ने डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय को निर्देशित किया कि वे राजस्व विभाग सहित अपने अधीनस्थ विभागों में लंबित मामलों की सूची तैयार कर निस्तारण हेतु ठोस कार्ययोजना बनाएं। साथ ही यूपीपीसीएल, परिवहन, समाज कल्याण, स्टांप, स्वास्थ्य, पूर्ति, श्रम, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सहित सभी विभागों को अपने-अपने दायरे में आने वाले मामलों का अधिकतम समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

प्रभारी सचिव जिला विधिक प्राधिकरण/सिविल जज सीनियर डिवीजन गौतम बुद्ध नगर मयंक त्रिपाठी ने वृहद प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए कहा कि वादकारी राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठा सकें, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 1 से 09 मई 2025 तक निस्तारित प्री-लिटीगेशन मामलों की सूचना संबंधित नोडल अधिकारी को समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आंकड़ों को लोक अदालत के अंतिम विवरण में जोड़ा जा सके।

# पेंशनरों हेतु जीवन प्रमाण पत्र व मृत्यु सूचना से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 25 अप्रैल, 2025: वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतम बुद्ध नगर शिखा गुप्ता द्वारा जनपद के समस्त पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेंशनरों के लिए वर्ष में एक बार किसी भी माह में जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की व्यवस्था लागू है, जो एक वर्ष तक प्रभावी रहती है।

वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में पेंशनर कोषागार में उपस्थित हुए बिना भी अपना जीवन प्रमाण पत्र बैंक के माध्यम से अथवा ह्यजीवन प्रमाणह्ल पोर्टल के जरिए ऑनलाइन प्रेषित कर सकते हैं। यह प्रमाण पत्र भी अगले एक वर्ष तक वैध रहेगा। इसके अतिरिक्त यह स्पष्ट किया गया कि यदि किसी पेंशनर या पारिवारिक पेंशनर का देहांत हो जाता है, तो उनके परिजनों द्वारा कोषागार को मृत्यु की सूचना 15 दिवस के भीतर देना अनिवार्य है। परंतु वर्तमान में कुछ प्रकरण ऐसे भी सामने आ रहे हैं जिनमें मृत्यु की सूचना केवल संबंधित बैंक को देकर खाता बंद कर दिया जाता है, जबकि कोषागार को समय से अवगत नहीं कराया जाता, जिससे अनावश्यक जटिलताएँ उत्पन्न होती हैं तथा अधिक पेंशन के भुगतान की स्थिति बन जाती है। अतः सभी सम्मानित पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों से अनुरोध है कि वे स्वयं और अपने परिजनों को इस संबंध में जागरूक करें तथा किसी भी स्थिति में सर्वप्रथम कोषागार को ही सूचित करें, ताकि किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कठिनाई से बचा जा सके। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# चंदेल ने भारत की रक्षा के लिए काली लेजर वेपन तैनात करने की मांग की

नई दिल्ली 25 अप्रैल / पहलगाम में सनातनी हिंदुओं को धर्म पूछ कर मौत के घाट उतारने वाले आतंकवादियों और उनके आका पाकिस्तान के प्रति देश के तमाम साधु संत नागा साधु अघोरी साधु जूना अखाड़े के साधु वाल्मीकि साधु संत जैसे तमाम साधु अखाड़े के धर्मगुरु नाराज नजर आ रहे हैं और उनमें इस कदर गुस्सा है कि वह पाकिस्तान के साथ स्वयं युद्ध करना चाहते हैं अघोरी साधु तो यहां तक कह रहे हैं

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गो आश्रय स्थलों के संचालन एवं प्रबंधन हेतु गठित की गई जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 25 अप्रैल 2025: आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गौ आश्रय स्थलों की स्थापना, क्रियान्वयन, संचालन एवं प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा एवं संवर्धन कोष समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमे जनपद के विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों ने भाग लिया।



बैठक में गो संवर्धन कोष में धनराशि एकत्र करने एवं कोष उपयोग के संबंध में विस्तृत विचार विर्मश किया गया, जिसके संबंध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विशेष मार्ग निर्देश दिये गये। इसके संबंध में यह भी बताया गया कि संबंधित शासनादेश में दिये गये दिशा निर्देश के अनुसार मण्डी समिति, टोल प्लाजा व अन्य सरकारी, गैर सरकारी संगठनों आदि के माध्यम से इस कोष में धनराशि एकत्र की जा सकती है। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि गोवंशों के भरण पोषण हेतु गो संवर्धन एवं संरक्षण कोष में अधिक से अधिक दान करें। गो संवर्धन एवं संरक्षण कोष का बैंक खाता केनरा बैंक शाखा सूरजपुर गौतम बुद्ध नगर में है, जिसका खाता संख्या 110221471889 तथा आईएफएससी कोड CNRB0018690 हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने प्राधिकरण/नगर निकाय एवं स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में सड़को पर घूम रहे निराश्रित गौवंशो का शत प्रतिशत संरक्षण कर लिया जाये एवं जान बूझ कर छोड रहें गौवंशों के पशु मालिकों को चिन्हित करते हुये भारी जुर्माना लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित समस्त गौशालाओं में गोवंशों के भरण पोषण हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा, गर्मी से बचाव हेतु समस्त व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहे। साथ ही गौशालाओं से संबंधित चारागाहों में हरा चारा उगाने के निर्देश दिये गये।

मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में सभी उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने-अपने क्षेत्र की गौशालाओं में नियमित रूप से भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि गौशालाओं में पशुओं के भरण पोषण हेतु भूसा, हरा चारा, पानी एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहे। उन्होंने कहा कि सभी पशु चिकित्सा अधिकारी गौशालाओं में पशुओं की संख्या पर विशेष फोकस रखें और अपने भ्रमण के दौरान गौशाला में उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज संख्या से मूल संख्या का मिलान अवश्य करें और पोर्टल पर भी वही संख्या दर्ज करें। मुख्य विकास अधिकारी ने गोवंशों को सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने हेतु प्राधिकरण, नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा संचालित होने वाली सभी गौशालाओं में गोवंशों को रेडियम पट्टी पहनायी जाए। साथ ही कहा कि समस्त को आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी लगे होने चाहिए एवं उनका आईपी एड्रेस भी मुख्यालय को उपलब्ध करा दिया जाए।

इस बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार, समिति के सदस्य के रूप में जिला स्तरीय अधिकारी एवं पशु पालन विभाग के समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी /पशु चिकित्साधिकारी, प्राधिकरण के प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकायो के अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, खण्ड विकास अधिकारी, बिसरख अधिशासी अधिकारी दादरी, दनकौर आदि उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना

# गौतम बुद्ध नगर में एआरपी पदों पर चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

गौतम बुद्ध नगर 25 अप्रैल 2025: शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने जानकारी दी है कि परिषदीय शिक्षकों के लिए जेवर एवं दनकौर में ए.आर.पी के रिक्त पदों पर चयन किया जाना है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जेवर एवं दनकौर में हिंदी विषय के 01, सामाजिक विज्ञान के 02, गणित के 01 तथा अंग्रेजी विषय के 01 ए.आर.पी. पदों के लिए योग्य परिषदीय अध्यापकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक शिक्षक दिनांक 05 मई 2025 तक सायं 5:00 बजे तक अपना आवेदन डाक, व्यक्तिगत रूप से अथवा ईमेल के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतम बुद्ध नगर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जनपद गौतम बुद्ध नगर में जागरूकता कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 25 अप्रैल 2025: जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशानुसार आज जनपद गौतम बुद्ध नगर में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ऌड) द्वारा निर्धारित थीम "मलेरिया हमारे साथः पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जीवन" के तहत जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों–जेवर, दादरी, बिसरख एवं दनकौर में रैली निकालकर जनता को मलेरिया की रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, रूपवास, खानपुर, जेवर खादर एवं बिसरख ग्रामों में गोष्ठियों के माध्यम से मलेरिया उन्मूलन संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा द्वारा राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पैरामेडिकल छात्रों को मलेरिया की रोकथाम व बचाव के प्रति संवेदीकृत किया गया।

उन्होंने बताया कि मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलने वाला रोग है, जो रुके हुए साफ पानी में पनपता है। इसके सामान्य लक्षणों में ठंड लगकर बुखार आना, सिर दर्द, पेट दर्द व उल्टी शामिल हैं। जनपद में जनवरी से अप्रैल 2025 तक कुल 41,847 मलेरिया जांचें की गईं, जिनमें केवल 01 मामला धनात्मक पाया गया है। पिछले वर्षों की तुलना में जांच की संख्या में वृद्धि के साथ धनात्मक मामलों में गिरावट दर्ज की गई है, जो कि एक सकारात्मक संकेत है।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे मलेरिया से बचाव के लिए अपने घर व आसपास जल जमाव न होने दें। प्रत्येक रविवार को ह्यड्राई डेह्ल के रूप में मनाते हुए कूलर, फ्रिज की ट्रे, गमलों एवं अन्य जल संग्रहण स्थलों की सफाई करें। मच्छरदानी का उपयोग करें एवं बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक से परामर्श लें। मलेरिया की जांच एवं उपचार जनपद के सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# लड़के/लड़कियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया

## बेरोजगार युवक/युवतियों हेतु स्वरोजगारपरक दो साप्ताहिक उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन

**दैनिक समाज जागरण**

जनपद श्रावस्ती श्री राधे कृष्णा इंटर कॉलेज गब्बापुर कला सिरसिया श्रावस्ती में हुआ-आयोजक -उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश लखनऊ (सूक्ष्म लघु तथा मध्यम उधम एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश शासन) प्रायोजक -उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश कानपुर, सक्रिय सहयोग उपयुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र श्रावस्ती से श्री विनोद कुमार चौधरी जी यम कार्यक्रम संयोजक उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश लखनऊ से श्री विनोद शुक्ला, कार्यक्रम संचालक ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान से श्री प्रेम बाबू गिरी के द्वारा स्वरोजगार परक 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 45 लड़के/लड़कियों को प्रमाण पत्र वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया, कार्यक्रम में प्रतिभाग लेने वाले



प्रतिभागियों का नाम है, आशुतोष गिरी, पेशकार यादव, सावित्री सिंह, पाटेश्वरी प्रसाद यादव, ओंकार नाथ, आदर्श शुक्ला, उमा देवी, आस्था पाठक, आशीष कुमार शुक्ला,संगीता रानी आदि लोग उपस्थित रहे

# धूमधाम के साथ मनाया गया किड्स एक्टर एंड मॉडल स्मार्टी पंडित का बर्थडे

बागपत। विपुल जैन। सुप्रसिद्ध किड्स एक्टर एंड मॉडल स्मार्टी पंडित का बर्थडे गाजियाबाद के वलल्ला डी मॉल में धूमधाम के साथ मनाया गया। कई जानी-मानी हस्तियां उनकी बर्थडे पार्टी में शामिल हुई और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। स्मार्टी पंडित ग्रीन कलर की ड्रेस में बहुत ही खूबसूरत नजर आ रही थी। जब वह मॉल में पहुँची तो उनके फैंस व दोस्तों ने उनका हूटिंग कर जोरदार स्वागत किया। उसके बाद स्मार्टी पंडित ने अपने दोस्तों संग केक काटा। सबसे पहले उन्होंने अपने डेडी कौशल मिश्रा को केक खिलाया और उसके बाद अपनी मम्मा रजनी मिश्रा को। तत्पश्चात सभी दोस्तों ने स्मार्टी पंडित को बारी-बारी से केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। सभी दोस्तों, फैन्स व रिश्तेदारों ने स्मार्टी पंडित को उपहार व गिफ्ट भेंट किये। इस दौरान कई गेम खेले गए, जिसमें स्मार्टी पंडित के सभी दोस्तों ने पूरी उत्साह के साथ भाग लिया। फिल्मी गानों पर सभी लोग जमकर झूमे और खूब धूम धड़ाका व मौज मस्ती की। इस मौके पर एक मैजिक शो का भी आयोजन किया गया, जिसका सभी ने जमकर लुफ्त उठाया।

# डेटोल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम के तहत जागरण पहल

## रेकिट इंडिया और रेड पांडा के संयुक्त प्रयास से स्वच्छ - स्वस्थ भारत की ओर एक ऐतिहासिक पहल

**दैनिक समाज जागरण**

जनपद बलरामपुर भारत में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, आज भी गंभीर चिंता का विषय हैं। इन्हीं चिंताओं को ध्यान में रखते हुए डेटोल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम के तहत जागरण पहल, रेकिट इंडिया और रेड पांडा के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम "डेटॉल डायरिया नेट जीरो प्रोजेक्ट" परियोजना का आयोजन कर 1500 से अधिक गांवों में मिड मीडिया नुक्कड़ नाटक कर के किया गया। इस अभियान की के तहत इस वर्ष उत्तर प्रदेश के 40 जनपदों के 1200 ग्राम पंचायतों में जागरुकता और व्यवहार परिवर्त्तन के दिशा में कार्य किये गये है, जहां 1500 से अधिक मिड-मीडिया इवेंट्स के माध्यम से लोगों को डायरिया से बचाव और उपचार के प्रति जागरूक किया गया। यह आयोजन अपने आप में एक ऐतिहासिक पहल बन गया, जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ऌड) के सात सूत्रीय दिशा-निर्देशों के आधार पर जागरूकता फैलाई गई जिससे लाखो



बच्चे और परिवार जानो को जानकारी मिली। इस इवेंट कराय्कर्म से माँ अपने बच्चे को डायरिया और संक्रमण बीमारियों से बचाने में पहले से ही ध्यान रखकर होने वाली बीमारियो से रोकथाम कर सकेगी !

### कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएंः

नुक्कड़ नाटकों, ओआरएस काउंटरों और स्थानीय संवादों के माध्यम से सरल और प्रभावशाली तरीके से जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान लगभग दो लाख बच्चों और उनके परिवारों तक पहुंच बनाई गई। लोगों को डायरिया जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव, लक्षणों की पहचान और इलाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीण परिवेश को ध्यान में रखते हुए स्थानीय भाषा, सांस्कृतिक रंगों और सामुदायिक भागीदारी को विशेष महत्व दिया गया। इस जागरुकता अभियान के जरिए न केवल लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाया गया, जिससे वे भविष्य में भी ऐसे रोगों से सतर्क रह सकें। गांव-गांव में हुए इन आयोजनों से लाखों लोग लाभान्वित हुए हैं। ग्रामीणों ने इस आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और जागरण पहल, रेकिट इंडिया तथा रेड पांडा के सभी सदस्यों को इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इन प्रयासों से यह साबित हुआ कि जब संगठित प्रयास और सही दिशा में की गई पहल मिलती है, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन निश्चित रूप से संभव है।

# बालश्रम के प्रति जागरूकता हेतु औरहिया लहेरी गांव में रंगमंचीय प्रस्तुति

**दैनिक समाज जागरण**

जनपद बलरामपुर देहात इंडिया,द्वारा "एक्सेस टू जस्टिस" परियोजना के अंतर्गत दिनांक 25.04.2025 को ग्राम पंचायत लहेरी, ब्लॉक तुलसीपुर जनपद बलरामपुर में बालश्रम जैसे संवेदनशील मुद्दे पर जागरूकता फैलाने हेतु एक प्रभावशाली नाटक का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम गांव में जाकर देहात टीम द्वारा गांव में फेरी लगाकर लोगों को चिन्हित स्थान पर बुलाया गया ।

जिसके उपरांत इस रंगमंचीय प्रस्तुति में देहात टीम ने बालश्रम के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की तथा यह संदेश दिया कि शिक्षा ही उनका





अधिकार है, न कि श्रम। टीम ने जीवंत अभिनय के माध्यम से यह दशार्या कि समाज में बालश्रम को किस प्रकार समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में देहात टीम से रमेश शुक्ल, शालिनी, प्रिया, विशाल, अजय, प्रिंस ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री ओमकार वर्मा, आशा कार्यकर्ता श्रीमती सावित्री देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने देहात संस्था की इस पहल की सराहना की और बालश्रम उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

देहात इंडिया के जिला समन्वयक अरूण चौधरी ने बताया इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा व समाज में सकारात्मक बदलाव हेतु निरंतर आयोजित की जा रही हैं।

# जब तक पाकिस्तान का एक भी आतंकवादी जिंदा है

## (अगर पाकिस्तान से युद्ध होता है तो भारत के मुसलमान भारत के साथ खड़े हैं)

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली 25 अप्रैल/ जाने-माने इतिहासकार लेखक प्रोफेसर डॉ. अकील ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भारत में लगातार खून-खराबा करने वाले आतंकवादी देश पाकिस्तान के खिलाफ भारत का बच्चा-बच्चा खड़ा हो गया है और भारत का हर मुसलमान देशभक्त भारत के साथ पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए तैयार है और इस बार इंसा अल्लाह पाकिस्तान के 5 टुकड़े कर देगा ताकि पाकिस्तान की पीढ़ियां इसे याद रखें और भारत के साथ कभी युद्ध न करें

# सस्टेनेबल डवलपमेंट के लिए टेक्नोलॉजी और एथिक्स की इन्क्यूसिव एप्रोच जरूरी: डॉ. सौरभ

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के प्रबंधन संस्थान टिमिट की ओर से सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल्सः चैलेंजेस, इश्यूज एंड प्रैक्टिसेस पर दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का शंखनाद

**दैनिक समाज जागरण**

गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय इंटेलिजेंस ग्रिड के सलाहकार डॉ. सौरभ गुप्ता बोले, सतत विकास लक्ष्य केवल सरकारी नीतियों का हिस्सा नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी हैं। हमें यह समझना होगा कि जब तक समाज का हर व्यक्ति इन लक्ष्यों को आत्मसात नहीं करता, तब तक इनका वास्तविक क्रियान्वयन संभव नहीं है। हर नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी, चाहे वह ऊर्जा की बचत हो, जल संरक्षण हो या सामाजिक समानता की दिशा में प्रयास करना हो। इसके साथ ही हमें तकनीकी प्रगति के साथ नैतिक मूल्यों का संतुलन बनाए रखना होगा, क्योंकि केवल तकनीकी विकास बिना नैतिक दिशा के समाज को विकृत कर सकता है। इसलिए टेक्नोलॉजी और एथिक्स का समावेशी दृष्टिकोण ही हमें सतत भविष्य की ओर ले जा सकता है। डॉ. गुप्ता तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के प्रबंधन संस्थान टिमिट की ओर से सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल्सः चैलेंजेस, इश्यूज एंड प्रैक्टिसेस पर आयोजित दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस



के शुभारम्भ मौके पर बतौर मुख्य अतिथि ब्लेंडेड मोड में बोल रहे थे। इससे पूर्व ऑनलाइन मुख्य अतिथि डॉ. सौरभ गुप्ता के संग-संग बतौर विशिष्ट अतिथि- गुरू जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. सचिन माहेश्वरी, प्रीमियर ग्रीन इन्नोवेशंस के डायरेक्टर प्रो. आरके खंडेल, मनहारी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेन्द्र कुमार गर्ग, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके टीएमयू के ऑडी में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का शंखनाद किया।

कॉन्फ्रेंस का मकसद संयुक्त राष्ट्र के निर्धारित 17 सतत विकास लक्ष्यों पर वैश्विक संवाद को प्रोत्साहित करना है। कॉन्फ्रेंस में गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ जल एवं स्वच्छता, हरित ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, सतत शहरीकरण और वैश्विक साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। सभी मेहमानों का बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कॉन्फ्रेंस में अतिथियों ने कॉन्फ्रेंस प्रोसीडिंग का विमोचन किया। गुरू जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. सचिन माहेश्वरी बोले, विश्वविद्यालयों की भूमिका अब केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि सतत विकास में भागीदारी भी अनिवार्य है। छात्रों को नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में प्रेरित करना समय की मांग है। प्रीमियर ग्रीन इन्नोवेशंस के डायरेक्टर प्रो. आरके खंडेल ने कहा, उद्योग जगत को अब ग्रीन इन्नोवेशन अपनाना ही होगा, तभी हम भविष्य सुरक्षित कर पाएंगे। हमारा हर उत्पाद, हर निर्णय पर्यावरण और समाज के अनुकूल होना चाहिए। मनहारी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेन्द्र कुमार गर्ग बोले, नवाचार, स्टार्ट-अप्स और उद्यमशीलता आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ है। गुणवत्तापूर्ण विकास तभी संभव है, जब हम स्थानीय संसाधनों का सम्मान करें। हमें समावेशी दृष्टिकोण अपनाकर भविष्य की ओर बढ़ना होगा। गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी, हरिद्वार प्रो. पंकज मदान ने कहा, शिक्षा प्रणाली में एसडीजी को एक विषय नहीं, बल्कि संस्कार बनाना होगा। हमारे छात्र वैश्विक



नागरिक बनें, यह हमारी शिक्षा की प्राथमिकता होनी चाहिए। एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के वीपी श्री निशांत कृष्ण गुप्ता बोले, वित्तीय समावेशन सतत विकास का आधार है। बैंकिंग क्षेत्र को समाज की जमीनी जरूरतों से जुड़कर काम करना होगा। इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड के ज्वाइंट जीएम डॉ. विक्रांत सिंह ने कहा, कृषि में नवाचार और सतत तकनीकें ही किसानों का भविष्य बदल सकती हैं। उद्योगों को ग्रामीण भारत से जुड़ना चाहिए ताकि समावेशी विकास संभव हो सके। टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन बोले, सतत विकास लक्ष्यों को क्रियान्वयन के स्तर तक ले जाना हम सभी की जिम्मेदारी है। टीएमयू शिक्षा के साथ सामाजिक चेतना भी प्रदान करता है। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने कहा, स्टुडेंट्स को रिसर्च और इनोवेशन के माध्यम से समाज की चुनौतियों से जोड़ना होगा। एकेडेमिक्स और सस्टेनेबिलिटी का मेल ही नई शिक्षा नीति की आत्मा है। टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने कहा, इस सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को ग्लोबल मुद्दों की समझ देना है। हम छात्रों को समाधान-आधारित सोच की ओर बढ़ा रहे हैं। इंटरनेशल कॉन्फ्रेंस में डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, प्रो. अमित कंसल, डॉ. ज्योति पुरी, डॉ. अशेन्द्र कुमार सक्सेना आदि शामिल रहे। अंत में चले पैनल डिस्कशन में जगन्नाथ यूनिवर्सिटी, जयपुर की प्रो. वैशाली शर्मा, हरिद्वार सूर्या रोशनी लिमिटेड के डॉ. प्रतोष मिश्रा, माया देवी यूनिवर्सिटी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के श्री हरीश चौहान, उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के प्रो. अनुराग भट्ट, सतधन सस्टेनेबिलिटी फाउंडेशन के निदेशक डॉ. ऋत्विक दुबे आदि शामिल रहे। कॉन्फ्रेंस हाल के बाहर मैनेजमेंट के स्टुडेंट्स ने स्टाल्स लगाकर अपनी उद्यमशीलता प्रस्तुत की। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में 468 शोध पत्र भी प्रस्तुत हुए। संचालन डॉ. दीप्ति राज वर्मा, श्री आनन्द जोशी और श्रीमती अंशु चौहान ने किया। फिजी, ओमान, उज्बेकिस्तान, यूके, यूएई, स्विट्जरलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका आदि के बतौर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि ब्लेंडेड मोड में दूसरे दिन शिरकत करेंगे।

# पहलगाम के मृतकों को केमिस्ट एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए सामूहिक हत्या पर केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा गहरा रोष व्यक्त किया गया और मृतकों के लिए मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। यशोदा चौराहे पर शर्मा मेडिकोज के सामने केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य एकत्र हुए। हाथों में जलती मोमबत्ती लेकर यशोदा रोड पर कैंडल मार्च किया। पहलगाम में अकाल मृत्यु को प्राप्त 28 तीर्थ यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर राहिल भारतीय ने कहा कि पहलगाम में निदोर्षों की हत्या करना अपराध और पाप है। ऐसी काली करतूत को माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने भारत सरकार से तुरंत करारा बदला लेने की पुरजोर मांग की। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश वार्ष्णेय ने कहा कि प्रत्येक भारतीय भारत सरकार के साथ है।



आतंकवादियों के आका कड़ी कार्रवाई झेलने के हकदार हैं। गोली का जवाब गोली से देना होगा। भारत को पाकिस्तान की सरजमीं पर आतंकवादियों को नेस्तानाबूद करना होगा। केमिस्ट एसोसिएशन के लोगों ने मोमबत्ती जलाकर कैंडल मार्च किया। शोकसभा की, 2 मिनट का मौन धारण कर परमपिता परमात्मा से अकाल मृत्यु को प्राप्त 28 तीर्थ यात्रियों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की।भारत सरकार द्वारा आतंकवादियों को नेस्तनाबूत करने की पुरजोर मांग की। कार्यक्रम में राकेश कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र मोंगिया, मोहम्मद शाहनवाज, सुबोध कुमार शर्मा, अंकुश त्यागी, नोमान प्रधान, दुर्वेश सैनी, हाजी मोहम्मद हबीब, मोहम्मद जुबेर, अहमद, डॉक्टर अभिजीत पॉल आदि अनेक केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने पाकिस्तान हाय हाय, आतंकवादी हाय हाय, हिंदुस्तान जिंदाबाद के गगन भेदी जय घोष किए।

# पबांसा क्षेत्र में श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज पबांसा की छात्रा बनी जिला टॉपर

**दैनिक समाज जागरण /प्रवेश कुमार यादव**

पबांसा विकास खंड के पबांसा में स्थित श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज पबांसा की-बोर्ड परीक्षा परिमाण शानदार रहा। इंटर में 330 में से 312 छात्र -छात्रायें उत्तीर्ण हुए। जिनमें 234 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी, 78 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। हाई स्कूल में 333 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी दी जिसमें 303 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष हाई स्कूल की छात्रा तनिष्का राघव ने सर्वाधिक 547 अंग प्राप्त कर




जिले की टॉप टैन सूची में स्थान प्राप्त किया एवं आयुषी ने 533, स्वाति ने 521, लवकुमार ने 520, वर्षा ने 514, पल्लवी ने 511 अंग प्राप्त कर श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज का नाम रोशन किया है इंटरमीडिएट टॉपर विधार्थी ने अंश गुप्ता ने 410, मनीष यादव ने 408, नौरतन सिंह ने 406, और भुवनेश ने 505 ,अंग प्राप्त किये बीते वर्ष में भी कॉलेज की शिवानी यादव ने 93% अंक पाकर जिले की टॉप टैन सूची मे पबांसा स्थान पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया था इस अवसर पर कॉलेज के संचालक अवधेश प्रताप सिंह हैप्पी की ओर से प्रधानाचार्य संजीव यादव टॉपर छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस अवसर पर सुभाष चंद्रसिंह, विवेक राघव, श्री ओम राघव, अर्जुन सिंह ,बंटी गुप्ता ,वेद प्रकाश सिंह, जसवीर सिंह, जीतपाल यादव ,सुरेश कुमार, सचिन शर्मा ,आशीष राघव, इंद्रपाल सिंह, रजनीश कुमार यादव, अरुण कुमार ,अमरपाल आदि अध्यापक गढ़ उपस्थित रहे श्रीमती मनोरमा राघव इंटर कॉलेज के बच्चे प्रतिवर्ष आते हैं टॉपर बर्ष 2019 में नंदिनी राघव, 2022 में स्वाती यादव, 2023 में अंश वार्ष्णेय, 2024 में शिवानी यादव व 2025 में तनिष्का ने जिले की टॉप टेन की सूची में स्थान प्राप्त किया है

# निर्दोष पर्यटकों को इस तरह निशाना बनाना क्रूरता की हद को पार कर गया है - अबरार अहमद

**नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, सभासदों एवं कर्मचारियों ने निकाला कैंडल मार्च**

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। कश्मीर के पहलगाम में मारे गए निदोर्षों को श्रद्धांजलि देने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद के नेतृत्व में सभासदों एवं कर्मचारियों ने कैंडल मार्च निकालकर गहरा शोक प्रकट किया। कैंडल मार्च नगर पालिका परिषद कार्यालय से प्रारंभ होकर एफ - एफ हाईवे होता हुआ अटल चौक पहुंचा। वहां सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। चेयरमैन अबरार अहमद ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को इंसानियत को झकझोर देने वाला बताया। निर्दोष पर्यटकों को इस तरह



निशाना बनाना क्रूरता की हद को पार कर गया है। श्री अहमद ने कहा कि जो अपने परिवार के किसी सदस्य को इस हमले में खो चुके हैं उनके दुख की कल्पना भी कठिन है। सभासद दीपक पाठक ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। सभासद कृष्णा गुप्ता ने आतंकवाद के खिलाफ बेहद कड़ी कार्रवाई की मांग की। शफीक अहमद सलमानी ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला कार्यकर्ता पूर्ण है। इस अवसर पर सभासद आशुतोष पाठक, कमर खान, शिवशंकर रस्तोगी, जितेंद्र कुमार, रूपकिशोर, सौरभ भिल्ला, लिपिक राजीव कुमार, मुकेश वशिष्ट, अनुज, हरिज्ञान, नितिन, सुजार्रहमान, नेमपाल, विक्रम, मोनू आदि उपस्थित रहे।

# जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सिहावली संभल में इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में बच्चों ने किया अपने विधालय व गांव का नाम रोशन

**दैनिक समाज जागरण/ प्रवेश कुमार यादव**

पबांसा। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सिहावली संभल में आज हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 का परिणाम छात्र का दिखाया गया। विद्यालय में इंटरमीडिएट परीक्षा में गीतेश पुत्र श्री राजेंद्र सिंह 500 मे से 331 अंक पाकर विद्यालय का टॉपर रहा। जबकि विकास पुत्र महेश



कुमार 500 में 319अंक पाकर द्वितीय स्थान पर तथा रूपेश पुत्र श्री काशीराम 500 में से 313 अंको के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान पर है। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सिहावली संभल का रिजल्ट इस वर्ष हाई स्कूल का 86.01% व इंटरमीडिएट 72.6% रहा इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री यशपाल श्रीवास्तव ने सभी सफल छात्र को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रधानाचार्य ने छात्रों की मेहनत और समर्पण की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया

# बिसौली : धर्मगुरुओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ किया प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। दारुल उलूम मदरसा फैजान रजाए मुस्तफा के बैनर तले पहलगाम आतंकी हमलें के विरोध में जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम धर्मगुरुओं ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और आतंकियों पर कार्रवाई की मांग की। मदरसा फैजान रजाए मुस्तफा के प्रिंसिपल इफ्तेखार अहमद अशरफी ने कहा कि यह हमला न केवल मानवता, इंसानियत के खिलाफ है, बल्कि देश की एकता, भाईचारा, आपसी सौहार्द, शांति और भारत में हो रही विकास को रोकने का एक असफल प्रयास है। कारी शादाब रजा उवैसी ने कहा कि आतंकवाद किसी धर्म या मजहब से नहीं जुड़ा होता, यह मानवता का दुश्मन है। उन्होंने आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं पूरे देश के लिए पीड़ा दायक और शर्मनाक है। कारी अफलाक रजा उबैसी ने पहलगाम में पर्यटकों की निर्मम हत्या पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त करते हुए आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोग ने नगर की बड़ी मस्जिद पर इकट्ठा होकर जुलूस की शक्ल में तहसील परिसर पहुंचकर एसडीएम न्यायिक प्रवर्धन शर्मा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान इफ्तेखार अहमद अशरफी मदरसा फैजाने रजाऐ मुस्तफा, कारी



शादाब रजा, कारी अफलाक रजा, हाफिज मो. फुरकान रजा, हाफिज मजहर खान, हाफिज कमरुज्जमा, हाफिज तनवीर, हाफिज ज़ियाउल हसन, हाफिज नौमान खान, हाफिज जैनुल आबदीन, हाफिज शादाब, हाफिज असलम, मुस्तफा कमेटी के सदर इरशाद खान, शफी मो., मो. इसहाक सैफी, अमीर अहमद, मो. आरिफ, शब्बीर हुसैन, मो. अयाज, सपा नगर अध्यक्ष वाजिद खांन, हाजी मो. रफीक खां, फैय्याज खान, मुन्ने खां, हकीम शकील, मो. अफजाल, मो. फुरकान, मो. सोहेल, मो. अयाज, पुत्तन अब्बासी, माजिद खान, डा. राशिद, सपा नेता फैजान आदि मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर हो निस्तारण - अवनीश कुमार राय

**डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक**

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने जिला उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने फिरोजाबाद की कंपनी द्वारा जनपद के आसफपुर में 26 करोड रुपए की लागत से लगाए जा रहे बायो सीएनजी प्लांट से संबंधित समस्या के त्वरित निस्तारण करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लंबित आवेदन पत्रों पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदन पत्रों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि डायट ऑडिटोरियम में आवेदकों के समक्ष उनकी समस्याओं का निस्तारण करें। बैंक अधिकारी आवेदन पत्रों को लंबित न रखें तथा प्राथमिकता पर



उसका निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर समय अंतर्गत लंबित 53 आवेदन पत्रों का समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने आईटीआई के प्रधानाचार्य को शिक्षुता प्रशिक्षण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वः रोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों सहित विभिन्न बिंदुओं पर एक-एक कर चर्चा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। इससे पूर्व जनपद के उद्यमियों व व्यापारियों ने जिलाधिकारी को बुके देकर व माला पहनाकर उनका जनपद में आगमन पर स्वागत किया। डीएम ने कहा कि उद्यमियों व व्यापारियों का देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय सहित अन्य विभागीय अधिकारी, उद्यमी व व्यापारी मौजूद रहे।

# एसडीबी पब्लिक स्कूल के छात्र दीपक गुप्ता ने एसडीबी परिवार के साथ पूरे क्षेत्र का नाम किया रोशन

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। एसडीबी पब्लिक स्कूल में विद्यालय के सत्र 2017- 18 के छात्र दीपक गुप्ता के यूपीएससी में 113 वीं रैंक प्राप्त करके चयन की सूचना से विद्यालय परिवार में हर्ष उल्लास की लहर दौड़ गई। छात्र दीपक गुप्ता के पिता प्रदीप गुप्ता तहसील बिल्सी ब्लॉक अंबियापुर गांव पिडोंल में व्यवसाय करते हैं। छात्र दीपक गुप्ता प्रारंभ से ही बेहद परिश्रमी संयमी एवं होनहार छात्र रहे हैं। दीपक गुप्ता ने बताया कि वह देश की सेवा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता विद्यालय प्रबंध तंत्र एव शिक्षणगण और अपने दृढ़ संकल्प को दिया है। विद्यालय के शिक्षकगण एवं माता-पिता सभी छात्र की इस उपलब्धि से



बहुत खुश हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह भविष्य में इसी तरह से सफलता प्राप्त करते रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने प्रतिभाशाली छात्र दीपक गुप्ता को यूपीएससी परीक्षा में 113 वी रैंक प्राप्त कर आईपीएस अधिकारी बनकर देश सेवा हेतु शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रशासनिक अधिकारी यशपाल सिंह परमार ने कहा कि संपूर्ण एसडीबी परिवार एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करके दीपक गुप्ता ने सभी को गर्व का अनुभव कराया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक तंत्र ने स्वयं व्यक्तिगत रूप से छात्र एवं उनके परिजनों से भेंट कर बधाई दी एवं उनका मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय में हर्षोल्लास एवं जोश तथा उत्साह का वातावरण है सभी शिक्षकों ने छात्र को इसी प्रकार भविष्य में भी उन्नति के पथ पर अग्रसर होने हेतु प्रेरणा दी।

# पहलगाम की घटना के विरोध में मुस्लिम उतरे सड़कों पर इण्डियन बैकवर्ड कांफ्रेंस ने दिया ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण अजमल अंसारी जनपद बिजनौर**

किरतपुर इंडियन बैकवर्ड कॉन्फ्रेंस शाखा बसी किरतपुर के बैनर तले गुरुवार की शाम जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में एक कैंडल मार्च निकाला गया कैंडल मार्च इंडियन बैकवर्ड कॉन्फ्रेंस के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शोएब के नेतृत्व में नहटौर बस अड्डा स्थित पत्रकार व फोटोग्राफर मोहम्मद परवेज के फोटो स्टूडियो से शुरू हुआ जो बस स्टैंड अंबेडकर तिराहा जैन मंदिर चौराहा तथा सरकारी अस्पताल से होता हुआ पुलिस स्टेशन पहुंचा जहां पर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार को दिया गया जिसमें कहा गया कि हम किरतपुर की शांति प्रिय जनता पहलगाम में हुए हमले से आहत हैं दिल झकझोर देने वाली घटना की जितनी निंदा की जाए कम है हम पीड़ित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं तथा केंद्र सरकार से मांग करते हैं घटना में शामिल आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए समाज के लिए इस तरह की घटना अस्वीकार्य हैं आतंकवाद जड़ से खत्म होना चाहिए तथा आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से



कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए तथा मृतकों के परिजनों को समुचित सहायता प्रदान किए जानी चाहिए।

इससे पूर्व कैंडल मार्च में लोग जलती हुई मोमबत्तियां लेकर व नारे लिखि तख्तिया लेकर चल रहे थे तथा आतंकवाद हाय हाय हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान हाय हाय पाकिस्तान मुदार्बाद पहलगाम के आतंकवादियों को फांसी दो आदि नारे लगाते चल रहे थे कैंडल मार्च में सैकड़ो लोग शामिल रहे चौधरी शोएब प्रदेश अध्यक्ष युवा इंडियन बैकवर्ड कांफ्रेंस उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय सचिव युवा राष्ट्रीय लोकदल,मुस्लिम इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल कैप्टन मोहम्मद मजहर नामी, एडवोकेट तल्हा मकरानी, कॉमरेड शमशाद हुसैन, एडवोकेट हसन अली चौधरी,सभासद रहीस खा, पूर्व सभासद इरशाद कांबोज, मास्टर मोहम्मद नवेद, डॉक्टर एहसानुल करीम, हाजी मोहम्मद आफाक, वसीम राजा प्रधान पति इस्लामपुर शाहली उर्फ मुस्सेपुर,युवा नेता शादान कादरी, नावेद खान, मोहम्मद आमान,अरमान सिद्दीकी, वरिष्ठ पत्रकार दिलशाद अल्वी, याकूब मलिक, मुशैब सिद्दीकी, मोहम्मद परवेज, रोहिल खान,शरीफ मलिक ,साबिर मलिक,अजमल अंसारी शमीम अंसारी, डाक्टर खिजर खान, मोहम्मद आकिल, सलीम राशिद, कादिर अंसारी, मोहम्मद फैज, मोहम्मद जैद, आसिफ सलमानी, मोहम्मद शहजाद, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद अमन,मोहम्मद शाहिद ,आदि सेकडो लोग मौजूद रहे

अंत में कार्यक्रम संयोजक चौधरी शोएब ने सबका आभार व्यक्त किया।

# नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज में पोषण पखवाड़े का सफल आयोजन

**दैनिक जागरण में ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद विद्यालय में पोषण पखवाड़े का सफल आयोजन नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज में दिनांक 24.4.2025 को पोषण पखवाड़े के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों अभिभावको एवं समाज में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना था कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य श्रीमती शबाना परवीन द्वारा की गई उन्होंने बच्चों



को पोषण संबंधी जानकारी दी इसके बाद विद्यार्थियों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें नाटक कविताएं पोस्टर प्रदर्शनी और भाषण शामिल थे विशेष रूप से संतुलित आहार का महत्व विषय पर प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने सभी का ध्यान आकर्षित किया कार्यक्रम अधिकारी गजाला मुमताज ने संतुलित आहार स्वच्छता और जीवन शैली में बदलाव की आवश्यकता पर प्रकाश डाला इसके साथ ही पोषण थाली की जानकारी भी दी गई इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षिकाओं का योगदान रहा

# विहिप, बजरंग दल ने पहलगाम में आतंकी हमले का विरोध प्रदर्शन किया

**दैनिक जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकीयो द्वारा 26 लोगों की क्रूरता के हत्या करने के विरोध में विहिप, बजरंग दल नजीबाबाद प्रखंड के कार्यकताओं ने साहू जैन डिग्री कॉलेज पर एकत्र होने के उपरांत विरोध प्रदर्शन करते हुए माल गोदाम चौराहे पर आतंकवाद पाकिस्तान का पुतला फूंका व अपना विरोध दर्ज किया, पुतला फूंकने के बाद सभी कार्यकताओं ने तहसील परिसर में उपजिला अधिकारी को मांग पत्र सौपा, प्रदर्शनकारीयो ने दोषियों के खिलाफ तत्काल जवाबी कार्रवाई की मांग की,मृतक हिन्दू तीर्थ यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की,बजरंग दल के कार्यकताओं ने जिहादी



मानसिकता को चेतावनी दी कि हिंदुओं के साथ इस अत्याचार को बंद किया जाए नहीं तो करारा जवाब दिया जाएगा,बजरंग दल के कार्यकताओं ने कहा कि पाकिस्तान अपना कायराना अंदाज को बदलने का नाम नहीं ले रहा है, उस का जवाब इस बार एसा दिया जाएगा कि हमेसा याद रखे गा,इस दोरान अभिषेक त्यागी जिला सुरक्षा प्रमुख बजरंग दल, मलखान चौधरी जिला परियोजना प्रमुख बिजनौर, अजय बजरंगी प्रखंड मंत्री, पीयूष बजरंगी प्रखंडसंयोजक, अरविन्द,सचिन, मनजीत, मनीष, कृष्णा, दीपक कश्यप, ओमकार कैशले,सोनटी ,आदित्य, सौरभ, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

# युवक को दबंगों ने पीटा: थाने में दी गई शिकायत वापस लेने का दबाव, 4 जगह हड्डियां टूटने की आशंका

**दैनिक जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर/ चांदपुर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। थाने में दी गई शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने के लिए दबंगों ने एक युवक को बेरहमी से पीट दिया। घटना चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव सब्दलपुर तेली की है। पीड़ित शोकत के बेटे अरशद पर चार लोगों ने लाठी-डंडे, चाकू और सरिये से हमला किया। हमलावरों में जहांगीर, शुऐब, जावेद और समीर शामिल थे। मामले की शुरूआत 22 अप्रैल को हुई। उस दिन जावेद और समीर ने शोकत की भतीजी के साथ बदसलूकी और मारपीट की थी। शोकत ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद से आरोपी शोकत को धमका रहे थे। 24 अप्रैल की रात करीब 8:20 बजे आरोपियों ने अरशद पर हमला कर दिया। गांव के लोगों ने शोर सुना तो मदद के लिए पहुंचे। अरशद के भाई अयान ने 112 पर कॉल की। पुलिस ने



घायल अरशद को सीएचसी स्याऊ में भर्ती कराय सीएचसी स्याऊ में तैनात डॉक्टर सतेंद्र सिंह ने बताया कि अरशद के शरीर पर 12 जगह गंभीर चोटें हैं। चार जगह हड्डियों के टूटने की आशंका है। एक्स-रे के लिए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है।

# टहलने जा रहे दो व्यक्तियों को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर एक व्यक्ति गंभीर रूप से हुआ घायल एक ही हुई मौत

**दैनिक जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर/प्राप्त समाचार के अनुसार के थाना कोतवाली देहात नहटौर रोड पर 6:00 बजे सतीश बिश्नोई पुत्र स्वर्ग रघुवीर सिंह उम्र करीब 60 वर्ष और वीरेंद्र सिंह पुत्र ओमप्रकाश बिश्नोई उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम पित्तानहेडी पैदल टहलकर वापस आ रहे थे जैसे ही वे दोनों मदन सिंह के भट्टे के पास ग्राम करौंदा पचदू पहुंचे तो पीछे से आ रही अज्ञात तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी बता दे कि टक्कर लगने से सतीश बिश्नोई की मौके पर ही मौत हो गई और वीरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया मृतक सतीश बिश्नोई के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल मोर्चरी भिजवाया गया और घायल वीरेंद्र सिंह को उपचार के लिए पीएचसी कोतवाली देहात में लाया गया। बता दे की मौके पर कानून व्यवस्था शांति व्यवस्था बनाने के लिए अग्रिम विधि कार्यवाही की जा रही है

# 10वीं बोर्ड, यशी ने किया टॉप: बिजनौर जिले में 86.68% स्टूडेंट पास; टॉप 10 में लड़कियां अव्वल; देखें जिले का रिजल्ट

**दैनिक जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर में यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित हो गए हैं। जिले का हाईस्कूल का रिजल्ट 86.68% रहा है। इस वर्ष कुल 87,643 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। हाईस्कूल में 44,420 और इंटरमीडिएट में 43,107 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

नहटौर के यशी राजेश्वरी मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा यशी ने 95.83% अंकों के साथ जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। धामपुर के ठाकुर रवि प्रताप आरआर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा ने 95% अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार परीक्षार्थियों की संख्या में कमी आई है। पिछले साल 94,000 से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इस वर्ष परीक्षा केंद्रों की संख्या भी 124 से घटकर 119 हो गई। हाईस्कूल में 22,545 छात्र और 21,875 छात्राएं शामिल हुए। इंटरमीडिएट में 21,959 छात्र और 21,148 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए।टॉप 10 में शिव कुमार ने 92.50%, सिद्र परवीन ने 92.17%, रिया और अनुराधा ने 92%, वंशिका वर्मा ने 91.83%, नैंसी देशवाल और यशस्वी ने 91.67% अंक प्राप्त किए।

# बाबा साहब के बारे में बोलना सूरज को दीपक दिखाना है

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**




अलीगढ़ : प्रदेश के मंत्री इलैक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी विभाग सुनील कुमार शर्मा द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीमराव राम जी आम्बेडकर जी की 135 वीं जयंती के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम का बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया।

मंत्री जी ने कहा कि यदि किसी के व्यक्तिव को छोटा करना हो तो उसे किसी वर्ग विशेष तक सीमित कर दो। मोदी जी से पूर्व सभी सरकारों ने बाबा साहेब के व्यक्तिव के साथ यही किया। बाबा साहेब सर्व समाज के नेता थे और उन्होंने दलितों, पिछड़ों, श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों व सम्मान के लिए कार्य किया। बाबा साहेब बटवारे के खिलाफ थे और शत-प्रतिशत बटवारा चाहते थे। उन्होंने कश्मीर में धारा 370 का विरोध किया था। वह जातिवाद और कुरीतियों के विरोधी थे, लेकिन हिदुत्व के विरोधी नहीं थे। कांग्रेस ने उनको सदैव अपमानित करने का कार्य किया और 1954 में चुनाव हरवाया। कांग्रेस के दो-दो प्रधानमंत्रियों ने स्वयं के जीवित रहते हुए भारत रत्न लिया लेकिन कभी बाबा साहेब की सुध नहीं ली। बाबा साहेब को जनता दल सरकार में श्रद्धेय अटल जी की पहल पर भारत रत्न देकर सही सम्मान दिया गया। मोदी जी ने बाबा साहेब से संबंधित स्थलों को पंच तीर्थ घोषित कर उनका विकास कराया। बाबा साहेब का व्यक्तित्व बहुत विशाल है और वह सम्पूर्ण भारतवर्ष के नेता हैं।

विधायक हाथरस श्रीमती अंजुला माहौर ने कहा कि बाबा साहेब के लिए कुछ बोलना सूरज को दीपक दिखाने जैसा है। जिस प्रकार त्रेता में महर्षि बाल्मीकी ने रामायण, द्वापर में वेदव्यास जी ने महाभारत जैसे ग्रंथ समाज को दिए उसी प्रकार कलियुग में बाबा साहेब ने संविधान की रचना कर आमजन के अधिकारों और दायित्वों का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने उपस्थितजनों से आव्हान किया कि बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

विधायक इगलास राजकुमार सहयोगी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में संविधान में 70 बार परिवर्तन किया। संविधान की आत्मा माने जाने वाले प्रस्तावना तक को बदला गया। मोदी जी ने बाबा साहेब के सम्मान में देश के साथ ही लंदन में भी उनका स्मारक बनाकर उनको सम्मान देने का कार्य किया। बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलकर ही आज देश-प्रदेश में शिक्षा पर बल दिया जा रहा है।

अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार द्वारा देश-प्रदेश में बाबा साहेब के सम्मान में 14 अप्रैल से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए जा रहे हैं। हमारी सरकार संविधान बदलने का नहीं बल्कि बाबा साहेब को सम्मान देने का कार्य कर रही है।

# पहलगांव की घटना की जिम्मेदार भाजपा सरकार

## गृहमंत्री अमित शाह जिम्मेदारी लेते हुए दें इस्तीफा

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ : घंटाघर पर वरिष्ठ कांग्रेस जनो ने पहलगांव मे हुई आतंकबाद की घटना की घोर निंदा की और इसमें भारत सरकार को भी जिम्मेदार ठहराया कांग्रेस के नेताओं ने मांग की कि ग्रह मंत्री अमित शाह इसकी जिम्मेदारी लेते हुए अपना इस्तीफा दे क्योंकि यह बहुत बड़ी घटना है इसमें कैसे चूक हुई ।जबकि यहां हजारों की संख्या मे सेलानी घूम रहे थे वहा सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं जबकि कश्मीर मे लगभग 7 लाख फौजीयो की तैनाती है फिर चूक कैसे हुई।अलीगढ घंटा घर पर वरिष्ठ कांग्रेस जनो ने पहलगांव मे हुई आंतकी घटना पर पाकिस्तान को इसका दोसी करार दिया और कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने पाकिस्तान व पाकिस्तान समर्थक आतंकबाद का पुतला दहन किया और इसकी कढ़ी निंदा की कांग्रेसीयो ने कहा की पाकिस्तान बार बार गलती करता है और आतंकियों को पाकिस्तान मे पनाह देता है यह भारत पर की गई पहली घटना नहीं है इससे पहले भी कई घटना घट चुकी है पहलगांव मे मासूम लोगो को वे रहमी से मारा गया उनका क्या कसूर था हम सभी देश बासियों की अपील है की भारत की सरकार पाकिस्तान और उसमे छिपे आतंकबाद को जड़ से खात्मा करे जिससे भारत से टकराने की किसी मे हिम्मत ना हो । हम एक और मांग करते है की भारत मे एक और सेना है जो बीजेपी की बी सेना यानी आरएसएस को भी वाडर पर भेजे इनके पास भी बंदूके, तलवारे,है जो देश मे लड़ सकते है वह वाडर पर भी लड़ सकते है इनको भी एक मौका दिया जाना चाहिए ।

हम सभी कांग्रेस के कार्यकर्त्ता पहलगांव मे मारे गये मासूम लोगो को सच्ची श्रधांजलि अर्पित करते है इस मोके पर पूर्व जिलाध्यक्ष गिरवर शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष, संतोष सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष अनवर अकील, सोशल मिडिया प्रदेश महासचिव रामगोपाल रैना, प्रदेश महासचिव सागर सिंह तोमर, प्रदेश सचिव सोशल मिडिया वसी अहमद, महिला महानगर अध्यक्ष लीना कुमार,पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा जिलाध्यक्ष सोशल मिडिया मूवीसर अली, पूर्व सचिव फाजिल, पूर्व महासचिव अल्पसंख्यक विंसेंट जोयल, पूर्व जिला उपाध्याय लक्ष्मी नारायण, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, दीपेश सिंह, मोहम्मद फेश, कैलाश गौतम, अमरदीप मेसी आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# पहलगाम में शहीद हुए निर्दोष लोगों को जांबाज पूर्व सैनिक सेवा समिति अलीगढ़ द्वारा दी गई विनम्र श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : जांबाज पूर्व सैनिक सेवा समिति अलीगढ़ उत्तर प्रदेश द्वारा पहलगाम कश्मीर में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल एवं अन्य निर्दोष लोगों को राजा महेंद्र प्रताप सिंह पार्क तस्वीर महल चौराहा पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं माननीय प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देने के लिए जिलाधिकारी



कार्यालय तक पैदल मार्च किया गया और माननीय ए.डी.एम सिटी महोदय को ज्ञापन सोंपा गया। महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नादर ने बताया कि पाकिस्तान ने जो कायराना हरकत करके पहलगाम में भारतीय निर्दोष लोगों पर आतंकवादी हमला करवाया है उसके लिए अलीगढ़ के समस्त पूर्व सैनिकों में अत्यधिक रोष भरा हुआ है। जांबाज संगठन एवं अन्य पूर्व सैनिकों ने माननीय प्रधानमंत्री से इस नरसंहार का बदला लेने एवं कार्यवाही करने की मांग की है।

ज्ञापन देने के लिए कर्नल आर के सिंह, सूबे.मेजर भृगुवीर सिंह, सूबे. मेजर अजय सिंह, सूबे मेजर महिपाल सिंह (अध्यक्ष इगलास), कैप्टन सुधीश तोमर, सार्जेंट ध्यान पाल सिंह हवलदार मनु वर्मा, सार्जेंट अजय कुमार गुप्ता, रूम सिंह, हवलदार नेक्सा सिंह, हवलदार जगबीर, कैप्टन समर सिंह, प्रताप सिंह, हामिद खान, कुमरपाल ,साहब सिंह, नेपाल सिंह, जवाहर सिंह,एम एस राठी, मनवीर सिंह, गुलाब सिंह, सतवीर सिंह, कैप्टन यासीन खान, धर्मेंद्र नादर सहित कई पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# जोनल अधिकारी को कार्य में लापरवाही व फोन न उठाना पड़ा भारी

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़। जमालपुर क्षेत्र में सफाई के बुरे हालत देखकर सुबह सुबह नगर आयुक्त विनोद कुमार का मूड ऑफ हो गया, गुरूवार सुबह सिविल लाइन जमालपुर क्षेत्र में निरीक्षण पर निकले नगर आयुक्त को शमशाद मार्केट से जमालपुर तक, जमालपुर पुल के नीचे, वैन्डिग जोन में अतिक्रमण भरे हुये नाले महेशपुर बाईपास पर जगह जगह कचरा पड़े होने सड़क की सफाई, नालों की सफाई व कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन की स्थिति बेहद खराब.दिखाई दी जहॉ निरीक्षण मे इस क्षेत्र के जोनल अधिकारी व कर निर्धारण अधिकारी आर0पी0सिंह उपस्थित नहीं मिले मौके पर नगर आयुक्त ने मोबाइल पर सम्पर्क करना चाहा तो भी जोनल अधिकारी ने कोई रिस्पांस नहीं दिया जिस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी दिखाते हुये सफाई में खराब स्थिति के लिये जोनल अधिकारी आर0पी0सिंह को जिम्मेदार मानते हुये कार्य में लापरवाही, अधीनस्थों पर नियंत्रण न होने व जोन में साफ सफाई व नाला सफाई की खराब. स्थिति मिलने पर अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को तत्काल स्पष्टीकरण तलब करने व अगले 24 घंटे में जोनल अधिकारी को जोन में जमालपुर क्षेत्र, महेशपुर क्षेत्र में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं में सुधार लाने की कड़ी हिदायत दी है।

जमालपुर कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन के कार्यशील होने के बाद भी सड़क पर कचरें का ढेर देखकर नगर आयुक्त ने तत्काल अर्बन कम्पनी के विरूद्ध सख्त एक्शन लेते हुये नोटिस देने के निर्देश दिये तो वही शहर की सफाई व्यवस्था के लिये पूर्ण रूप से उत्तरदायी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार को नगर आयुक्त ने चेतावनी देते हुये एसएफआई प्रदीप पाल का स्पष्टीकरण तलब करने के लिये कहा है। जमालपुर रोड निकट सेनेटरी गेट से जमालपुर पुल के नीचे बंद रेलवे क्रासिंग तक सड़क के दोनों साइड फुटपाथ, नाले व नगर निगम वैन्डिग जोन में पुराना फर्नीचर विक्रेता, चारा विक्रेताओं, सब्जी विक्रेता, सील बट्टा, कूलर, फर्नीचर आदि विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से फुटपाथ, वैन्डिग जोन व नाले पर अतिक्रमण को देखकर नगर आयुक्त ने मौके पर इनके विरूद्ध सख्त कार्यवाई करते हुये अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने अतिक्रमण को चिन्हित करने से पूर्व इस क्षेत्र की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कराते हुये 24 घंटे में मुनादी उपरान्त उप नगर आयुक्त अमित कुमार, सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, जोनल अधिकारी व पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही तत्काल कराये जाने के निर्देश दिये।

सिविल लाइन क्षेत्र में जमालपुर अनूपशहर बाईपास व महेशपुर बाईपास बेहद महत्वपूर्ण रोड है इस रोड की खुबसूरती को अवैध वैन्डर्स द्वारा खराब कर दिया गया है सेनेटरी गेट से जमालपुर पुल के नीचे अवैध अतिक्रमणकताओं ने ट्रेफिक, नाला सफाई को बाधित कर दिया है जिस पर कार्यवाही के लिये अधीनस्थों को निर्देश दिये गये है सभी अतिक्रमणकर्ताओ की वीडियाग्राफी व फोंटोग्राफी कराकर चिन्हित कर लिया गया है। इस दौरान अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, तहसीलदार विनय राय, मीडिया सहायक अहसान रब, स्टेनों देशदीपक आदि मौजूद रहे।

# एएमयू में हिंदू छात्रों ने निकाला पैदल मार्च

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़। एएमयू कैंपस गुरुवार को वंदे मातरम और ये कश्मीर हमारा है के नारों से गूंज उठा। कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में यूनिवर्सिटी के हिंदू छात्रों ने गुरुवार को मार्च निकाला। छात्र डक प्वाइंट पर एकत्रित हुए और हाथों में तिरंगा लेकर बाब-ए-सैयद गेट तक पहुंचे। यहां पर उन्होंने आतंकियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और वंदे मातरम के नारे लगाए। छात्रों ने कश्मीर में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार जनों के प्रति संवेदना प्रकट की और भारत सरकार से पाकिस्तान व आतंकियों के प्रति सख्त कदम उठाने की मांग की। इसके बाद छात्रों ने केंद्र सरकार और पीएम के नाम ज्ञापन भी भेजा। छात्रों ने कैंपस के अंदर जमकर नारेबाजी की। वंदे मातरम के साथ ही उन्होंने दूध मांगोगे तो खीर देंगे, कश्मीर मांगोगे तो चीर देंगे और जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है जैसे जमकर नारे लगाए। इस दौरान एएमयू की प्रॉक्टोरियल टीम भी मुस्तैद रही और छात्रों के साथ चलती रही।

एलएलबी के छात्र अखिल कौशल के नेतृत्व में हिंदू छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर यह पैदल मार्च निकाला। कैंपस के अंदर ही छात्रों का मार्च खत्म हो गया, जिसके बाद उन्होंने प्रॉक्टर को अपना ज्ञापन पढ़कर सुनाया और उनके माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है। छात्रों के मार्च की सूचना पुलिस को भी थी, जिसके चलते सिविल लाइंस थाना प्रभारी राजवीर परमार अपनी फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों का ज्ञापन लिया और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को प्रशासन के सुपुर्द करके केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। छात्र अखिल कौशल ने बताया कि कश्मीर में हुई इस आतंकी घटना से सारा देश दुखी है। आतंकियों ने 27 लोगों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने यह घटना करके भारत सरकार को चुनौती दी है और देश के हर युवा को ललकारा है। इसलिए सरकार को इस घटना का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। देश का हर नागरिक भारत सरकार के साथ खड़ा है।

# डिजिटल युग में साइबर खतरों के प्रति जागरूकता जरूरी

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़। मंगलायतन विश्वविद्यालय कंप्यूटर इंजीनियरिंग एंड एप्लीकेशन विभाग द्वारा साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आज की डिजिटल दुनिया में बढ़ते



साइबर खतरों के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा फिशिंग, हैकिंग, पासवर्ड सुरक्षा, डेटा प्राइवेसी आदि पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यशाला में साइबर सुरक्षा एनालिस्ट के प्रिसिंपल अंनिदया सिंह ने थ्रेड इंटेलिजेंस और साइबर खतरे की खुफिया जानकारी और साइबर अटैक के रुझानों की जांच के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सीनियर साइबर सिक्योरिटी कंसल्टेंट अनिमेष बारी ने मालबेयर और साइबर कानून के विषय पर अपने विचार रखे। साइबर सुरक्षा के उपाय बताते हुए राजवर्धन सिंह ने साइबर हैकिंग की जटिलता और उससे बचने के उपाय बताए। आभार व्यक्त करते हुए विभागाध्यक्ष डा. जावेद वसीम ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा तकनीकी जरूरत ही नहीं प्रत्येक इंटरनेट उपयोगकर्ता की मूलभूत आवश्यकता है। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से सवाल पूछे और शंकाओं का समाधान पाया। संचालन साधना ने किया। इस अवसर पर प्रो. केपी सिंह, हिमांशु शर्मा, लव मित्तल, डा. लुबना अंसारी, डा. अंकुर कुमार आदि थे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर गोष्ठी संपन्न : पैसे और समय की बचत होगी

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन फिरोजाबाद क्लब लिमिटेड में मुकेश गुप्ता मामा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया संगोष्ठी का उद्देश्य भारत में एक साथ चुनाव कराए जाने की संभावना चुनौतियों और प्रभावों पर व्यापक विमर्श करते हुए जन जागरण करना रहा

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नवीन जैन रहे जिन्होंने विषय की वर्तमान प्रासंगिकता और दूरगामी प्रभावों पर विचार साझा किया उन्होंने कहा 9 चुनाव होते हैं जिसमें सरकार सोचती है खर्च काफी होता है प्रधानमंत्री मोदी ने साझा किया है कि 90 हजार करोड़ लोकसभा चुनाव में 18 हजार करोड़ यूपी विधानसभा चुनाव में खर्च होता है अगर 5 वर्ष में एक बार चुनाव होगा तो उसका लाभ देश को ही मिलेगा पैसे की बबार्दी बचेगी पैसा विकास कार्यों में लगेगा एक राष्ट्र एक चुनाव को कैंपेन की तरह लें विकसित भारत तभी बनेगा लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए चुनावी सुधारो की आवश्यकता पर बल दिया एक राष्ट्र एक चुनाव से लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी बार-बार होने वाले चुनाव से शासन के निरंतरता पर प्रभाव पड़ता है और यह आर्थिक दृष्टि से भी चुनौती पूर्ण होता है एक साथ चुनाव कराने से न केवल चुनावी खर्च में भारी कटौती होगी बल्कि चुनावी हिंसा में भी कमी आएगी शादी बार-बार लागू होने वाली आचार संहिता के कारण शासन व्यवस्था में जो बढ़ाएं आती हैं वह भी दूर की जा सकेंगी

विधायक सदर मनीष असीजा ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एक राष्ट्रीय चुनाव को लागू करने की दिशा में काम कर रही है देश मे सन 1951 से 1967 तक देश में एक साथ चुनाव होते थे राजनीतिक पार्टियों की महत्वाकांक्षाओं के कारण यह व्यवस्था समाप्त हो गई इससे देश के विकास की गति धीमी पड़ी देश की 80% आबादी और राजनीतिक दल इस प्रस्ताव के पक्ष में है सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों से देश की आर्थिक और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत हो रही है एक राष्ट्र एक चुनावी एक आंदोलन है सरकार से जल्द फैसला लेने की मांग की

संगोष्ठी को पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा प्राची अग्रवाल अध्यक्ष महिला शक्ति जायंट्स ग्रुप नीता धनगर एडवोकेट मयंक भटनागर जी शिक्षा विद विनोद पचौरी जी अध्यापक डॉ महेश गुप्ता डॉ रेनू गुप्ता सिरोही द्वारा संबोधित किया गया! संगोष्ठी का संचालन डॉ एस पी लहरी जी के द्वारा किया गया कार्यक्रम के संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष श्री कन्हैया लाल गुप्ता रहे! कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष डॉ सतीश चंद्र दिवाकर नानक चंद अग्रवाल सुनील टंडन विश्वदीप सिंह लोकसभा प्रत्याशी दीपक गुप्ता कालू शैलेंद्र गुप्ता शालू आकाश गुप्ता सुनील शर्मा राधेश्याम यादव बी एस गुप्ता अंकित तिवारी पूर्व मंत्री विवेक अग्रवाल राजीव गुप्ता चेयरमैन प्रतिनिधि शिकोहाबाद आनंद अग्रवाल विष्णु सक्सेना अवधेश पाठक राजेश झा अनुपम शर्मा सत्यवीर लायक सिंह देश दीपक राजा प्राचीर सेठ गौतम कुशवाहा सत्य प्रकाश यादव शिवम दिक्षित अनार सिंह भारत सिंह आनंद अग्रवाल विकास केपी सिंह राहुल आर्यन प्रांशु अनिकेत अवनीश मनीष राठौर आकाश मुन्नी देवी राखी गुप्ता राम लड़ेंती लकी नमन आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे!

# उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा का परिणाम आते ही छात्र छात्राओं के खिले चेहरे!

**दैनिक समाज जागरण**



फिरोजाबाद! उत्तर प्रदेश बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया गया, जिसके बाद पूरे प्रदेश में जश्न का माहौल देखने को मिला। जनपद फिरोजाबाद में भी छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं, कुछ विद्यार्थियों के चेहरे परिणाम से निराश भी नजर आए। फिरोजाबाद जनपद के ज्ञान सरोवर इंटर कॉलेज में भी इसी प्रकार का उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

विद्यालय परिसर में उप प्रबंधक संजय राजपूत, प्रधानाचार्य पीसी वर्मा, शिक्षकगण मोहर सिंह राजपूत, विशाल वर्मा, सत्यवीर सिंह, सुशील चौहान आदि की उपस्थिति में मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें आगे बढ़ने का संकल्प भी दिलाया गया। इन विद्यार्थियों ने वर्ष भर अथक परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के साथ पढ़ाई की, जिसके फलस्वरूप आज वे सफलता के इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उनकी यह मेहनत न केवल उनके लिए बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि यह परिणाम केवल अंक नहीं, बल्कि उस संघर्ष और मेहनत की कहानी है जो बच्चों ने पूरे वर्ष जी है।

इंटरमीडिएट परिणाम में विद्यालय के टॉपर्स में विमल प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जनपद में 9वां स्थान हासिल किया। उन्होंने 88.2% अंक प्राप्त किए। द्वितीय स्थान पर सोरभी (81.2%) एवं तृतीय स्थान पर निशाल (81.2%) रहीं। इसके अतिरिक्त अभिषेक (चतुर्थ), आकाश (पंचम), अनस राईन (छठा), अंकित शर्मा (सातवां), अर्चित दिवाकर (आठवां), आर्यन सिंह (नवां) और देवेंद्र (दसवां) स्थान पर रहे।

हाई स्कूल के परिणामों में भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुमारी काजल राठौर ने 84.60% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हिमांशु (81.50%) द्वितीय और आकांक्षा (80.50%) तृतीय स्थान पर रहीं। अलीना (चतुर्थ), अल्फिशा (पांचवा), अमन कुमार (छठा), बादल (सातवां), अमरदीप (आठवां), अनामिका (नवां) और प्रदीप (दसवां) स्थान पर रहे।

विद्यालय के सभी शिक्षकगणों ने मेधावी छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर एवं पगड़ी पहना कर उनका सम्मान किया। मिठाई खिलाकर उनकी सफलता की खुशियाँ मनाई गईं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई और कहा कि यदि विद्यार्थी लगन, आत्मविश्वास और मेहनत के साथ आगे बढ़ते रहें, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं। यह सफलता उन सभी छात्रों के लिए संदेश है कि परिश्रम का फल हमेशा मीठा होता है।

# एस एसपी ने विभागों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की सलामी ली।शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने को पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई गई। परेड के पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन की समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित को कई बिंदुओं पर निर्देश दिए।

एसएसपी ने अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने को टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही कराई। परेड के दौरान टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक किया।

परेड के पश्चात उन्होनेवपुलिस लाइन क्वार्टर गार्ड, लाइब्रेरी, कैंटीन, स्टोर, परिवहन शाखा, भोजनालय, आटाचक्की, बारबर शॉप, पुलिसकर्मियों के बैरक आदि का निरीक्षण किया। वहा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद, पुलिस लाइन, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन फिरोजाबाद एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हिंदू युवा वाहिनी ने आतंकवादियों का पुतला फूंका

## लोगों ने की आतंकवादियों को सबक सिखाने की मांग

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष रानू भारद्वाज के नेतृत्व में पहलगांव में हुए आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान के विरुद्ध एक जुलूस निकाला गया। इस दौरान लोगों में आक्रोश था। घटना को नगर के बंबा



चौराहे पर पुतला दहन करते हुए आतंकवादियों को सबक सिखाने की मांग की गई। पदाधिकारियों का कहना है कि जम्मू कश्मीर के पहलगांव में किए गए आतंकवादी हमले से पूरा देश अचंभित है। इस हमले में निर्दोष नागरिकों की जान गई है। भारत की सप्रभुता को चुनौती दी। हिंदुओं को टारगेट किया गया। मरने से पहले उनका नाम पूछा गया जो दर्शाता है कि यह एक लक्षित हिंसा थी। हमला सुरक्षा में भी बड़ी चूक को दर्शाता है। इसमें पाकिस्तान की प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सलिप्तता है। जिसके माध्यम से आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी लगातार भारत की शांति भंग करने का प्रयास कर रहे हैं ।

### पाकिस्तान की साजिश की सख्त जांच की जाए

साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई की जाए आतंकवादी संगठनों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं और उनके वित्तीय स्त्रोत को समाप्त किया जाए। पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा और पुनर्वास सहायता प्रदान की जाए। रक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा बलों को आधुनिक हथियार और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं

ताकि आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी रूप से लड़ाई लड़ी जा सके। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र वशिठ, महामंत्री अजीत कुशवाहा, रजनीश शर्मा, सुशील जाट, प्रदीप भारद्वाज, राहुल यादव, विशाल गुप्ता, राजा भारद्वाज, चेतन शर्मा, विकास पचौरी, अरविंद शर्मा, रोहित कटारा, आदर्श भारद्वाज, कुशाग्र गुप्ता,तेजेंद्र प्रताप सिंह एवं सैकड़ो की संख्या में हिंदूवादी नेता उपलब्ध रहे।

# धान खरीदी में करोड़ों का घोटाला होने पर भी कार्यवाही शून्य

**दैनिक समाज जागरण**

जिला स्तर के अधिकारी धान खरीदी में धाधली में लिप्त लोगों को बचाने का कर रहे प्रयास बी.पी.तिवारी-जिला अंतर्गत दर्जनों धान खरीदी केन्द्रो में कई करोड़ों की गड़बड़ी उजागर हुई जिसकी जॉच कमेटी बैठाकर जॉच करायी गई सूत्रों से मिली जानकारी पर बुढ़ार क्षेत्र जयसिंहनगर व्यौहारी, क्षेत्र के कई धान खरीदी केन्द्रो में कई हजारों टन धान की गड़बड़ी उजागर होने के बाद भी दोषीजनों के ऊपर पुलिस प्रकरण एवं वैधानिक कार्यवाही नही दिख रही जिससे साबित होता है कि जॉच अधिकारी दोषीजनों को बचाने में अहम भूमिका निभा रहे है।

संभागीय कमिष्नर एवं जिला कलेक्टर संज्ञान में लेकर शीघ्र धान खरीदी में करोड़ों का घोटाला करने वालों के ऊपर गंम्भीर धाराओं से प्रकरण कायम कर वसूली के साथ सेवा समाप्ति की कार्यवाही करने की जिले के किसानों ने की है।

# ठेका श्रमिक संगठन की नई कार्यकारिणी की घोषणा, मयूर सिंह सेंगर को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

अनूपपुर। साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस के अंतर्गत आने वाले सोहागपुर क्षेत्र की ठेका श्रमिक संगठन की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेंद्र चतुर्वेदी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, संगठन के विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियाँ की गई हैं। घोषित कार्यकारिणी में आदर्श तिवारी को महामंत्री, अजय शुक्ला को कोषाध्यक्ष, जबकि मयूर सिंह सेंगर एवं मुब्बारक अंसारी को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों में शामिल हैं पीयूष चौरसिया, प्रशांत पाल, सूरज सिंह, रोकी पाण्डेय, मनीष कैवट, पुष्पराज राय, गोलू वर्मन, अमन वर्मा, टीपू सुलतान, आर्यन खान, सौम्य पाल, शिवांश सिंह राणा, फिरदौस खान, आशीष वर्मा और राज वर्मन। क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेंद्र चतुर्वेदी ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई देते हुए संगठन की मजबूती और श्रमिक हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। वहीं मयूर सिंह सेंगर को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद अपने कार्य पर लग गए हैं साथ ही अच्छे कार्यों को लेकर लगातार लोगों की मदद करते आ रहे नवरात्रि में 9 दिन तक व्रत रहकर मां की भक्ति में मग्न रहते हैं और हर समय किसी भी प्रकार से किसी की समस्या हो उसके लिए खड़े भी रहते हैं पहले भी उन्हें कई दायित्व दिया गया है जिस पर भी खरे उतरे हैं।

# सोनभद्र के हजारों मनरेगा मजदूर का 33 करोड़ मजदूरी का भुगतान होगा जल्द : राघवेंद्र नारायण

### भुखमरी से जूझ रहे श्रमिकों को बड़ी राहत

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र सहित पूरे प्रदेश के मनरेगा के अकुशल श्रमिकों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। लगभग पांच माह से लंबित मजदूरी के भुगतान के तहत 30 करोड़ रुपये की राशि तत्काल प्रभाव से अकुशल श्रमिकों के खातों में हस्तांतरित की गई है। यह भुगतान उन मजदूरों के लिए वरदान साबित हुआ है, जो भुखमरी की कगार पर पहुंच चुके थे। इस उपलब्धि के लिए एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र नारायण ने ग्राम विकास आयुक्त श्री जी.एस. प्रियदर्शी के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। राघवेंद्र नारायण ने बताया कि सोनभद्र जनपद में हजारों मनरेगा मजदूरों की लगभग 33 करोड़ रुपये की मजदूरी अभी भी बकाया है। इस



संबंध में ग्राम विकास आयुक्त श्री जी.एस. प्रियदर्शी से उनकी वार्ता हुई, जिन्होंने आश्वासन दिया कि मजदूरों के बकाया मजदूरी भुगतान करने की मांग मान लिया गया है पैसा आगया है न केवल सोनभद्र, बल्कि पूरे प्रदेश के मजदूरों की बकाया मजदूरी का भुगतान अगले कुछ दिनों में उनके खातों में कर दिया जाएगा। यह खबर उन मजदूरों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है, जो लंबे समय से आर्थिक तंगी और भुखमरी का सामना कर रहे थे। इस कदम से न केवल मजदूरों का जीवन स्तर सुधरेगा, बल्कि उनका पलायन भी रुकेगा। राघवेंद्र नारायण ने केंद्र और प्रदेश सरकार से मनरेगा योजना को और प्रभावी बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में शुरू की गई यह महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी प्रदान करती है, लेकिन वर्तमान में यह केवल 40-50 प्रतिशत ही प्रभावी हो पा रही है। उन्होंने मांग की कि मनरेगा के तहत 100 दिन के रोजगार की गारंटी को शत-प्रतिशत लागू किया जाए और मजदूरी का तत्काल भुगतान सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी सरकारों और प्रशासन से इस योजना को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया। इस भुगतान से मनरेगा मजदूरों , ग्राम प्रधानों , ग्राम पंचायत सदस्यों , में खुशी की लहर है। राघवेंद्र नारायण ने देर से ही सही, मजदूरों के हित में लिए गए इस निर्णय के लिए शासन और सरकार का आभार व्यक्त किया।

# श्री शंकर रामलीला समिति शिवद्वार धाम की आत्मकथा

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र/ घोरावल। उत्तर प्रदेश के जनपद सोनभद्र जो अपने आप में आध्यात्मिक, पौराणिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, प्राकृतिक धरोहरों को समेटे है जो पूरे भारत में अपनी अलग ही पहचान रखने वालों जनपदों में एक है जहा चार बड़े प्रदेश कि सीमा से मध्यप्रदेश, झारखंड, विहार, छत्तीसगढ़ सटा हुआ जनपद हैं जहा कि तमाम प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक कथाएं हैं जिसे तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने सोनभद्र को मिनी स्विट्जरलैंड ऑफ इंडिया भी कहा बताते चले कि जनपद सोनभद्र में स्थित अति प्रसिद्ध मंदिर स्थल शिवद्वार धाम है जहां पर उमा महेश्वर अत्यंत सौंदर्य विश्व प्रसिद्ध प्रतिमा 11वीं शताब्दी की विराजमान है जो गुप्तकाशी का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है शिवद्वार धाम में श्री शिव शंकर राम लीला समिति जो काफी लंबे समय से धार्मिक आस्था से उत्प्रोत भगवान उमा महेश्वर के दरबार शिव द्वार मंदिर पर सन 1950 से प्रायोगिक रूप से रामलीला मंचन प्रारंभ कर दिया गया




जिसके प्रेरक संस्थापक स्वर्गीय राम लखन तिवारी जी ग्राम भुरकुंडा शाहगंज सोनभद्र ने श्री शंकर रामलीला समिति का न्यू रखा और रामलीला का विस्तृत रूप सन 1962 में क्षेत्रीय गणमान्य लोगों के शारीरिक मानसिक आर्थिक सहयोग से गठन करके रामलीला को एक निरंतर चलाई जाने हेतु अंत्य महत्वपूर्ण विचारक एवं लगन पूर्वक रामलीला के मंचन के लिए लोगों ने अपना अमूल्य समय व सहयोग प्रदान करते हुए रामलीला के परंपरा को प्रारंभ कर दिया प्रथम संस्थापक स्वर्गीय अक्षय वर्मा मिश्र निवासी मझिगवा मिश्र द्वितीय संस्थापक हरि गोविंद त्रिपाठी भुरकुंडा शाहगंज और तृतीय संस्थापक स्वर्गीय श्यामधर मिश्रा ने इस रामलीला को परंपरागत रूप से चलाई जाने में अपना सर्वस्व न्योछावर करके पूरा योगदान दिया वर्तमान समय में देखा जाए तो रामलीला के सबसे बड़े संरक्षक या सहयोगी श्री जमुना प्रसाद मिश्र मझगवां मिश्र अवध बिहारी शुक्ला शिव द्वार राम पत्री त्रिपाठी तमिल चितरंगी मध्य प्रदेश गम विश्वकर्मा सतवारी कमलाकांत मिश्र सत्तद्वारी ने अपना लंबा समय रामलीला समिति को प्रदान किया रामलीला समिति के पदाधिकारी गण में 25 वर्षों का समय श्री श्रीकांत दुबे जी गांव कुंडा थाना घोरावल जनपद सोनभद्र प्रबंधक राजेश्वर राम शुक्ला शिवद्वार मंच के संयोजक सच्चिदानंद मिश्र ने श्री शंकर रामलीला समिति के संचालन में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं रामलीला समय के मध्य में बात करें तो श्री सेतबंधु तिवारी श्री लाल धारी दुबे केवलदत्त मिश्रा संतराम गिरी, राम प्यारे मिश्रा, जय प्रसाद मिश्र, रामदेव गुप्ता, कुंज बिहारी, शुक्ला, वर्तमान में जगदीश मिश्रा, रविकांत मिश्रा, नंदकुमार मिश्रा ,अमित मिश्रा, गोपालमणि शुक्ला, नंदकुमार दुबे, धीरेंद्र मिश्रा, वृजेश शुक्ला, ओम प्रकाश, दयालु , अनंत प्रसाद, अंगद विश्वकर्मा, लाल बहादुर शर्मा, रविंद्र नाथ पाठक, गुड्डू विश्वकर्मा, बुलबुल, अमित, विनीत, सूर्यकांत, राजेंद्र पाल आदि व्यक्तियों ने श्री शंकर रामलीला समिति के मंचन एवं संचालन में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं रामलीला के 76 व वर्ष जो की काफी लंबे समय से इस धार्मिक सामाजिक एवं आस्था के अनुरूप कई पीढियां ने भगवान के मंचन में अपना अत्यंत महत्वपूर्ण सहयोग दिया है कुछ तो निरंतर सेवा अर्पित कर रहे हैं और जो व्यक्ति भगवान के लीला को करते-करते शरणार्थी (ब्रह्मलीन) हो गए उनके वंशजों द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ भगवान के लीला में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है बताते चलें कि सोनभद्र का यह पहले ऐसा आयोजन है जो की अपने आप में अत्यंत अद्भुत एवं प्राचीन परंपराओं के क्रम में लीला को भक्तों के समक्ष मंच के माध्यम से मंचन किया जा रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री शंकर रामलीला समिति के अध्यक्ष श्रीकांत दुबे जी ने बताया कि इस रामलीला को प्रत्येक वर्ष हमारी टीम अथक परिश्रम और प्रयास करके और बेहतर बना रही है जहां जो भी अवस्थाएं एवं समस्याएं होती हैं उसका हम लोग प्रत्येक वर्ष 6 से 7 बैठक करके उन समस्याओं पर चर्चा कर उसको निस्तारित करते हैं और जहां जो चीज आवश्यक हैं उसके लिए विचार विमर्श करके सर्व सहमति से समाज में अपने सेवा को अर्पित करते हैं भगवान उमा महेश्वर शिवद्वार धाम जो कि अपने आप में पूरे विश्व में एसी अद्वितीय प्रतिमा है जिसका धार्मिक मान्यता व शास्त्रीय बहुत से व्याख्यान भी है धर्म ग्राथो में भगवान के इस रूप का वर्णन तो मिलता है परंतु दर्शन बहुत दुर्लभ हैं जो एक मात्र शिवद्वार धाम जनपद सोनभद्र में ही संभव है।

# भीमराव अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता पर, गोष्ठी का किया गया आयोजन

### वार्षिकोत्सव के दौरान अव्वल रहे विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

**दैनिक समाज जागरण.**

दुद्धी/ सोनभद्र। भाऊ राव देवरस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुद्धी में शुक्रवार को स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता पर एक गोष्ठी एवं वार्षिक समारोह तथा पुरस्कार वितरण का आयोजन हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रामलोचन पूर्व प्राचार्य एवं डॉ. रामजीत यादव पूर्व प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रामसेवक यादव प्राचार्य ने किया. कालेज में वार्षिकोत्सव के दौरान अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया. कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. रामलोचन यादव व डॉ. रामजीत यादव ने डॉ. भीमराव अंबेडकर पहले भी प्रासंगिक है और आगे भी प्रासंगिक रहेंगे. उनके विचारों को कोई अलग नही कर सकता. दलितों



को जहाँ बैठने के लिए दरी नही मिलता आज उनको शोफे पर बैठाया जा रहा है. इससे बड़ी प्रासंगिकता कुछ नही हो सकती. उन्होंने अपने कार्यकाल को याद कर छात्रों को कड़ी मेहनत कर पढ़ाई करने को कहा उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर अपने जीवन मे परिवर्तन लाएं है. उन्होंने अपनी शिक्षा -दीक्षा बहुत ही चुनौतियों के बीच किया है. उनके विचारों से आज देश भर में राजनीति हो रही है. विशिष्ट अतिथि प्रभु सिंह कुशवाहा सिविल बार अध्यक्ष, प्रेमचंद यादव दुद्धी बार अध्यक्ष ने कहा कि अम्बेडकर जी के परिस्तिथियां अलग थी. संविधान को बचाना है तो आप स्वयं दृढ़ता से खड़ा होकर बचायें. संविधान की प्रासंगिकता बहुत है. वक्ता कुलभूषण पाण्डेय, रामपाल जौहरी, कमल कानू ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम का संचालन डॉ मिथिलेश गौतम ने किया. इस अवसर पर डॉ अजय कुमार, डॉ विवेकानंद, डॉ ब्रजेश यादव, डॉ सचिन कुमार विश्वकर्मा, डॉ अंकिता चन्द्र, डॉ गीता, डॉ मालती, डॉ प्रियंका जायसवाल, डॉ दिनेश चंद्र शर्मा सहित उमेश गुप्ता, नंद बिहारी, सुरेश, संतोष, शहबाज खाँ आदि मौजूद रहे. संस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण समापन शनिवार को होना है।

# पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में प्रदर्शन कर फूंका पुतला, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी ओबरा मण्डल के मण्डल अध्यक्ष शिवनाथ जयसवाल की अध्यक्षता में ओबरा मण्डल में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदनीय घटना के निमित्त पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया गया और पाकिस्तान मुदार्बाद का नारा लगाते हुए ओबरा नगर के सुभाष चौराहे पर अपने समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं और नगर में निवास करने वाले समस्त देव तुल्य नागरिकों के साथ केंडिल जला कर आतंकवादी घटना में शहीद हुए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा। मण्डल अध्यक्ष ने शहीद हुए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उचित न्याय की मांग की। इस अवसर पर रंजना सिंह, बृजेश पाण्डेय, विशाल गुप्ता, आशीष



तिवारी, राजेश्वर प्रसाद, राम निवास तोमर, उमेश सिंह पटेल, सुख नन्दन चौरसिया, सतीश कुमार पाण्डेय, सुशील कुशवाहा, सुनीता पाण्डेय, मीडिया प्रभारी शिशिर कुमार शर्मा, वीरेन्द्र मित्तल, विकास सिंह, नित्यानंद दूबे, रघुराज प्रताप सिंह, अनुज त्रिपाठी, दशरथ शुक्ला, पंकज गौतम, अरविन्द सोनी, आनन्द जायसवाल, राम लाल जयसवाल, महेश जायसवाल, समीर माली, विजय पटेल, रंग बहादुर पटेल, अनिल मिश्रा, सावित्री सिंह, उषा शर्मा, पुष्पा दूबे, सरिता सिंह, सुषमा कुशवाहा, शशि किरण, हेमलता, सीमा देवी, भोला साहनी, दिनेश शुक्ला, रोहित यादव सूर्या, अमित मित्तल, राम लाल जयसवाल, बुद्धि नारायण जायसवाल, अभिषेक सेठ, अनिल गुप्ता, अविनाश जायसवाल, दिनेश सिंह मुंडी भाई, संतोष जायसवाल, राम पदारथ मौर्या, आदर्श सिंह, गौरव, कृष्ण मुरारी, आदित्य सिंह, नीलू , वीरेन्द्र यादव, विभाष घटक इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले मे मारे गए लोगों को केंडिल जलाकर दी गई श्रद्धांजलि

**संवाददाता विनोद कुमार सिंह। दैनिक समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार को सायं चोपन के नर सेवा नारायण सेवा कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और आतंकवाद के खिलाफ गहरा रोष



प्रकट किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चोपन नगर पंचायत अध्यक्ष, भाजपा नेता राजा मिश्रा, और भाजपा जिला प्रतिनिधि सुनील सिंह एवं श्यामाचरण गिरी मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकियों की इस घृणित हरकत का करारा जवाब दिया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील की कि आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए दोषियों को शीघ्र सजा दी जाए। वहीं भाजपा नेता राजा मिश्रा एवं नर सेवा नारायण के संयोजक मनोज चौबे ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए इस प्रकार की घटनाओं के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना जरूरी है। भाजपा जिला प्रतिनिधि सुनील सिंह एवं अपना दल एस के नेता श्यामाचरण गिरी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा ईंट का जबाब पत्थर से दिया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ कई राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर दया सिंह, नवल किशोर चौबे, नजमूद्दीन इद्रीसी, डॉ सत्येन्द्र आर्य, सभासद सलीम कुरैशी, सत्यदेव पाण्डेय, महफूज आरिफ, अभिषेक दूबे, सतीश यादव, रमेश सोनी, जितू सिंह, नरेश यादव, महेन्द्र निषाद, विनित शर्मा, विकास सिंह छोटकू, नन्हे मास्टर, सुल्तान कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

# रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ भव्य आगाज

**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील। दैनिक समाज जागरण**

बीजपुर/ सोनभद्र। डोडहर ग्राम पंचायत के अंबेटकर नगर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन सिंह तथा विशिष्ट अतिथि विश्राम सागर गुप्ता प्रधान पति बीजपुर एवं केपी पाल ग्राम प्रधान डोडहर सहित अन्य अतिथियों के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण के पश्चात फीता काटकर क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला यंग व्याज बीजपुर




एवं चेतवा के द्वारा खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर यंग व्याज ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें चेतवा ने निर्धारित आठ ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए महज 44 रनों पर टीम ढेर हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग व्याज के खिलाड़ियों ने इसे महज 6.2 ओवर में ही लक्ष्य को 7 विकेट से जीत हासिल कर लिया। इस मैच में विजय कुमार को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। जिन्होंने दो ओवर में पांच रन देकर तीन विकेट झटके। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला वर्णन वर्सेस जड़ा के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर बैढ़न पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 65 रन बनाए और जड़ा को 66 रनों का लक्ष्य रखा। जिसमें बल्लेबाजी करने उतरी जरा की पूरी टीम 48 रन ही बना सकी और उनके टीम को 24 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल का पहला मुकाबला यंग व्याज बीजपुर एवं बैढन के मध्य खेला गया। जिसमें बैढ़न ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 76 रन बनाए और यंग व्याज के समक्ष 77 रनों का लक्ष्य रखा। जिसमें बल्लेबाजी करने उतरी यंग व्याज की पूरी टीम कड़ा संघर्ष करते हुए 51 रन ही बना सकी उनके टीम को 25 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस प्रकार बैढ़न मध्य प्रदेश की टीम ने पहला सेमीफाइनल में जगह बनाया। पूरे प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका मक्कुल खान और मसरूर आलम के द्वारा किया गया। ऑनलाइन स्कोरिंग की प्रमुख भूमिका में शिव जायसवाल एवं मुकेश पाल ने निभाई तथा कमेंट्री की भूमिका में श्रीराम यादव, शिक्षक अशोक मंडल एवं रामदयाल ने निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग के रूप में सियाराम भारती, रामेश्वर, विजय भारती, रामचंद्र भारती, रामप्रकाश, धर्मेंद्र एवं दुर्गेश ने दिया। इस मौके पर राम रतन, रमाशंकर वैश्या, राम भजन, भागीरथी वैश्य, कन्हैया लाल पाल इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनंजय कुमार शर्मा एवं विनोद विश्वकर्मा के द्वारा किया गया।

# खंड विकास अधिकारी दुद्धी ने किया आवास प्लस सर्वे का निरीक्षण

### बीडीओ ने 30 अप्रैल 2025 तक सर्वे पूरा करने के दिये निर्देश

**दैनिक समाज जागरण.**

दुद्धी/ सोनभद्र। खण्ड विकास अधिकारी राम विशाल चौरसिया द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस सर्वे का ग्राम पंचायत दुमहान व जाबर मे सूची मे अंकित लाभार्थियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वे हुए लाभार्थियों के पात्रता/अपात्रता का सत्यापन किया गया. छूटे हुए



लाभार्थियों का सर्वे तत्काल मौके पर ही कराया गया। तथा सर्वेयर को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत भ्रमण कर ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य व अन्य लोगों से सम्पर्क कर छूटे पात्र लाभार्थियों का सर्वे पूर्ण करें. पात्र लाभार्थियों का सर्वे तथा ग्राम वासियो से अपील की गई. सर्वे की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 है. उसके अंदर ही सर्वेयर से संपर्क कर सर्वे करा ले, लाभार्थी सेल्फ सर्वे भी कर सकते है. किसी भी समस्या होने पर गांव के सचिव/सर्वेयर व विकास खण्ड मे खण्ड विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते है. सर्वेयर को निर्देशित किया गया है कि 30 अप्रैल 2025 तक हर हाल मे सर्वे पूर्ण करें कोई भी पात्र लाभार्थी सर्वे से वंचित नहीं होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान सुधीर कुमार व अनीश सिंह सचिव मौजूद रहे.

# यूपी बोर्ड के नतीजे जारी, हाईस्कूल में आयुष तो इंटर में सोनाक्षी सोनभद्र जिले में मारी बाजी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। यूपी बोर्ड के घोषित परिणाम में इस वर्ष इंटर के विद्यार्थियों की बल्ले- बल्ले रही. इस वर्ग में जहां यूपी का औसत परिणाम 81.15 प्रतिशत दर्ज किया गया. परिणाम प्रतिशत के आधार पर सोनभद्र जिले का यूपी में 12वां स्थान रहा. वही ओवरहाल हाईस्कूल का रिजल्ट यूपी के औसत 90.11 प्रतिशत के मुकाबले महज 74.72 प्रतिशत दर्ज किया गया. हाईस्कूल के टॉप 10 सूची में राजा चंडोल इंटर कॉलेज निलासी कला के आयुष कुमार ने जहां 94.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में पहला स्थान हासिल किया. वहीं इंटर में पहले स्थान की बाजी आरएसएम इंटर कॉलेज रावर्टसगंज की सोनाक्षी सिंह पटेल के नाम रही. उसने यह सफलता 94.80 प्रतिशत अंक हासिल कर अर्जित की. हाईस्कूल के टॉपटेन सूची में कुल 20 और इंटर के टॉपटेन सूची में कुल 15 बच्चों ने जगह बनाई. हाई स्कूल में आयुष कुमार राजा चंडोल इंटर कॉलेज लिलासी कला ने जहां 94.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिला टॉप



किया. वहीं मां विंध्यवासिनी देवी इंटर कॉलेज कसयां कला की आयुषी कुमारी 94.33 प्रतिशत अंक के सात जिले में द्वितीय तो संत जेवियर्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रावर्टसगंज की रिमझिम पाठक और विमला इंटर कॉलेज रावर्टसगंज के प्रतीक सिंह 93प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे. राजकीय कन्या इंटर कॉलेज दुद्धी की प्रियांशी कुमारी, राजकीय इंटर कॉलेज कोन के आयुष कुमार ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में नौवां स्थान प्राप्त किया. आरएसएम इंटर कॉलेज रावर्ट सगंज की सोनाक्षी सिंह पटेल 94.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे जिले में टॉप पर रहीं. वहीं सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज खड़िया योगीचौरा के अभिषेक दुबे ने 90.80 प्रतिशत अंक के साथ जिले में दूसरा और आरएसएम इंटर कॉलेज के दिव्यांशु केसरी ने 90.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया. सोनांचल इंटर कॉलेज दुद्धी अमित कुमार मौर्य ने जिले में आठवां स्थान, 87.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले राजकीय कन्या इंटर कॉलेज दुद्धी आस्था प्रीतम तिवारी ने नौवां स्थान प्राप्त जिले का नाम रोशन किया।

# कोन में पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद का आक्रोश, पाकिस्तान का फूंका पुतला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। स्थानीय कोन थाना क्षेत्र अन्तर्गत आज विश्व हिंदू परिषद के कार्य कताओं ने आतंक वाद के खिलाफ परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष पासवान की अध्यक्षता में पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के खिलाफ कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। कोन के चांची मोड़ पर आयोजित इस प्रदर्शन में पाकिस्तान का पुतला फूंका गया और "पाकिस्तान मुदार्बाद" देश के गद्दारों को फांसी दो, भारत माता की जय के नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को कैंडल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। एडवोकेट प्रभाष पांडेय पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष कोन अध्यक्ष ने शहीद हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह काफी घृणित कार्य है जो बिल्कुल निंदनीय है और उन्होंने सरकार से उचित न्याय की मांग की। इस अवसर पर बजरंग दल संयोजक हृदय निवास पांडेय सहित विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस घृणित कृत्य की कड़ी निंदा की। उन्होंने आतंकवाद को मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री हरिशंकर वर्मा, बजरंग दल संयोजक हृदय निवास पांडेय, प्रखण्ड मंत्री वीरेंद्र गुप्ता, गौ रक्षा प्रमुख सुनील यादव, विनेश, वाचस्पति त्रिपाठी, शशि प्रकाश तिवारी, जगदीश भारती सहित सैकडों कार्यकताओं ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस घृणित कृत्य की कड़ी निंदा की। उन्होंने आतंकवाद को मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया।

# मिशनशक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता अभियान।

**समाज जागरण/ विनोद कुमार सिंह।**

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/ महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले



स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं /महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# आतंकी हमला: महिलाओं ने आक्रोश सभा कर आतंकवाद पर सर्जिकल स्ट्राइक की मांग की

- घटना के प्रति कड़ा आक्रोश प्रकट किया गया
- जुमे की नमाज में आतंक के खिलाफ गम और गुस्से का इजहार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। राष्ट्र जागरण महिला मोर्चा सहित समूचा देश, पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आक्रोशित एवं दहशत में है प्रधान मंत्री को ज्ञापन के माध्यम से तत्काल आतंकवाद और उसके सरपरस्तों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं



आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाना मानवता पर सीधा हमला है। यह घटना पूरे देश को गहरा आघात देने वाली है।

ज्ञापन देते हुए प्रदेश महामंत्री नीतू गोस्वामी ने कहा आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सैन्य, कूटनीतिक और तकनीकी स्तर पर कठोर कार्रवाई की जाए। खुफिया एजेंसियों और आंतरिक सुरक्षा तंत्र को और अधिक सक्षम, सक्रिय और आधुनिक बनाया जाए। आतंकवाद का अंत ही देश की असली जरूरत है।

### महिला मोर्चा की मांग: पहलगाम के पीड़ितों को इंसाफ और मदद

महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियंका कपूर ने मांग कि पहलगाम की घटना में हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को शीघ्र न्याय और उचित सहायता दी जाए।उन्होंने कहा है कि देशवासियों को मुफ्त की सुविधाएं न भी मिलें, तो भी वे संतोष कर सकते हैं। लेकिन ऐसा भारत चाहिए जहां आतंक का कोई स्थान न हो। सरकार के संसाधन आतंकवाद के खात्मे में लगाए जाएं।

### बेबी शर्मा : पाकिस्तान में बैठे उनके आकाओ को भी दे करारा जवाब

एनजीओ प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बेबी शर्मा ने कहा कि आतंकियों ने हिंदू पर्यटकों से उनका धार्मिक नाम पूछकर उनकी हत्या की। यह न केवल आतंकवादी हमला है, बल्कि बहुसंख्यक समाज की धार्मिक स्वतंत्रता, पहचान और गरिमा पर सीधा हमला है। यह घटना दशार्ती है कि हिंदू समाज के प्रति दुर्भावना रखने वाले तत्व अब भी सक्रिय हैं। ये देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को तोड़ने का षड्यंत्र कर रहे हैं। आतंकियों को शीघ्र गिरफ्तार करने, एवं पाकिस्तान में बैठे उनके आकाओ को भी करारा जवाब देने, आतंकवाद पर सर्जिकल स्ट्राइक की मांग की।

वहीं मंडल अध्यक्ष अनुराधा सक्सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हिंदू यात्रियों और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए स्थायी और प्रभावी व्यवस्था की जाए। सभी धार्मिक स्थलों और यात्राओं की सुरक्षा के लिए एकीकृत राष्ट्रीय सुरक्षा नीति बनाई जाए। जिला महामंत्री सुरभि चौहान ने कहा कि धार्मिक आधार पर की गई किसी भी हिंसा को राष्ट्रद्रोह माना जाए और उस पर कठोर कार्रवाई हो। देश में चल रहे एक लाख मदरसों पर, जो आतंकवाद की ट्रेनिंग दे रहे हैं, तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए।

आक्रोश सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा गुप्ता , प्रदेश




महामंत्री नीतू गोस्वामी , मंडल अध्यक्ष अनुराधा सक्सेना , जिला अध्यक्ष प्रियंका कपूर , एनजीओ प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बेबी शर्मा , कार्यकारी युवा जिला अध्यक्ष गीता दोहरे , महानगर अध्यक्ष सुषमा गौतम , मीडिया प्रभारी मोनिका सिंह ,जिला उपाध्यक्ष हिना भोजवानी , किरण तिवारी , अनीता यादव , मुन्नी बेगम , सौरभ शर्मा , विजय शर्मा , पंकज सिंह , अंकुर चौहान , करण श्री वास्तव आदि लोग मौजूद रहे ।

### पहलगाम हमला: जुमे की नमाज में आतंक के खिलाफ गम और गुस्से का इजहार

कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष और निहत्थे पर्यटकों की आतंकियों द्वारा गोली मारकर निर्मम तरीके से धर्म पूछकर हत्या करने से पूरे देश में गम और गुस्से का माहौल है। मुस्लिम समुदाय ने भी आतंकियों की इस निर्ममता पर अपने गुस्से का इजहार जुमे की नमाज के दौरान किया।

बाद नमाजे जुमा शहर की मस्जिद नोमहला शरीफ और कोतवाली की मोती मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद खुसूसी दुआ में हाफिज चाँद खान ने कहा कि दहशतगर्दी की इस साजिश को अंजाम देने वालो और साजिश रचने वालो को अल्लाह पाक नेस्तनाबूद कर दे। मस्जिद नोमहला शरीफ में नमाजियों ने अमन चैन की दुआ के साथ मुल्क व आवाम की सलामती,हिफाजत की दुआ की। साथ ही हर तरह के आतंकवाद की मजम्मत की गई। नमाजियों ने गम और गुस्से का इजहार करते हुए काली पट्टी बांधकर पाकिस्तान परस्त आतंकवाद की मजम्मत की। दरगाह खादिम हजरत शाने अली कमाल मियाँ साबरी नासरी ने कहा कि दरगाह के सज्जादानशीन हजरत ख़्वाजा सुल्तान अहमद नासरी एवं हजरत ख़्वाजा सलमान अहमद ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए भारत सरकार से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की। सूफी वसीम मियाँ ने कहा कि काली पट्टी बांधकर दहशतगर्दी की मजम्मत हर किसी को करनी चाहिए ।

### जुमे की नमाज में गम और गुस्से का इजहार

समाजसेवी पम्मी खाँ वारसी ने कहा कि आतंकवादी अटैक पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। सुरक्षा में चूक के चलते बेगुनाहों की हत्या हुई। सबने पीएम मोदी से अपील की कि आतंक को जड़ समूल से नेस्तनाबूद कर दें। ताकि भविष्य में कभी भी पाकिस्तान से आने वाले आतंकवादी दोबारा किसी भी घटना को अंजाम न दे सकें। इसके लिये भविष्य में सुरक्षा व्यवस्थाओ की ओर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है ताकि निदोर्षों का खून न बहे। नदीम कुरैशी ने आतंकवाद की कठोर शब्दों में निंदा की। शाहिद रजा नूरी,आसिम कुरैशी,मो कसिम रजवी,दिलशाद साबरी, रिजवान साबरी, अनीस साबरी, तस्लीम साबरी, फहीम साबरी, गुड्डू, मुस्तकीम सहित बड़ी तादाद में नमाजियों ने भी आतंकवाद की मजम्मत करते हुए मारे गये लोगों के लिये गम का इजहार किया।



### मानव सेवा क्लब ने पहलगाम घटना के दिवंगतों के प्रति मोमबत्ती प्रज्वलित करके श्रद्धांजलि अर्पित की

मानव सेवा क्लब सदस्यों ने बड़े बाग रामलीला ग्राउंड के पास गुरुवार को द्वारिका पुरम कालोनी



में कश्मीर के पहलगाम हादसे के विरोध में दिवंगत लोगों के प्रति मोमबत्ती प्रज्वलित कर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।प्रकाश चंद्र सक्सेना ने कहा कि घटना बहुत हृदय विदारक है मानव सेवा क्लब इस घटना का कड़ा विरोध करता है और सरकार से मांग करता है कि आतंकवाद के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए जल्द ही कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। सभी ने दो मिनट का मौन भी धारण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे जिसमें अरुणा सिन्हा,सुनील कुमार शर्मा ,प्रकाश चंद्र सक्सेना, राजेश सक्सेना,अनिल सक्सेना, करुणा शंकर,गंगा राम पाल,अरविन्द मिश्रा,संजीव गुप्ता, डॉक्टर राकेश गंगवार,विजय मिश्रा,कमलेश शुक्ला, राकेश सारस्वत,पूनम सक्सेना,नीता सारस्वत ,बीना,बिहारी लाल गंगवार और पुष्पा गंगवार शामिल हुए।

### पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध श्री हरि मंदिर में श्रद्धांजलि सभा

श्रीहरि मंदिर मॉडल टाउन बरेली में हिंदुओं पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घोर निंदा की गई। हरि मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों ने रवि छाबड़ा ,सुशील अरोरा, अश्विनी ओबेरॉय,संजय आनंद,गोविंद तनेजा,रंजन कुमार, योगेश ग्रोवर आदि ने श्रंद्धाजलि दी।मंदिर समिति सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि एक शोक सभा मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई ,जिसमें महिला मंडल की महिला सदस्यों ने इस आतंकी हमले में मारे गए हिंदुओं को श्रद्धांजलि देने हेतु 2 मिनट का मौन धारण किया एवं ठाकुर जी से प्रार्थना की सभी दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें। सचिव रवि छाबड़ा ने इस भीषण आतंकी हमले की घोर निंदा की जिसमें काफी लोगों की जाने जली गई और काफी लोग घायल भी हो गए।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने राजकुमार अग्रवाल सर्राफ को बनाया जिलाध्यक्ष

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। जिस प्रकार किसी वृक्ष को पुष्पित पल्लवित करने के लिए निरंतर नारायी, कटाई, छटाई करते रहना पड़ती है उसी प्रकार संगठन को भी ऊजार्वान बनाने के लिए निरंतर दायित्वों में परिवर्तन करते रहना पड़ता है। यह बात उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा बुलाई गई एक प्रेस वार्ता में प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि संगठन को प्रभावशाली ढंग से कार्य करने के लिए मंडल तथा जिला स्तर पर इकाइयां गठित की गई है। इसके साथ-साथ युवा जिला तथा युवा महानगर इकाई की भी घोषणा की जा रही है। उन्होंने बताया की प्रांतीय अध्यक्ष के साथ विचार विमर्श करके मंडल अध्यक्ष शिरीष गुप्ता ,मंडल प्रभारी समित अग्रवाल, मंडल महामंत्री प्रवीण गोयल, मंडल कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, संगठन मंत्री सुनील शर्मा को बरेली से बनाया गया है। इसके अतिरिक्त मुकेश गुप्ता तथा शकील अहमद को शाहजहांपुर से ज्वाला प्रसाद गुप्ता व अनिल भारद्वाज को बदायूं से तथा डालचंद सक्सेना व रतन नाथ मिश्रा को पीलीभीत से मंडल उपाध्यक्ष व मंत्री बनाया गया है।



अंकुश गुप्ता को प्रांतीय युवा संयुक्त महामंत्री मनोनीत किया गया है। राजकुमार अग्रवाल सर्राफ को जिलाध्यक्ष , विपिन गुप्ता को जिला चेयरमैन, गोपेश अग्रवाल को जिला प्रभारी ,प्रकाश आयलानी को जिला महामंत्री व राजीव अग्रवाल को जिला कोषाध्यक्ष बरेली बनाया गया है। दिलीप गुप्ता को महानगर युवा अध्यक्ष, मोहसिन आलम को महानगर युवा चेयरमैन , ईशान गुप्ता को महानगर युवा महामंत्री व तरुण अग्रवाल को महानगर युवा कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। रचित गुप्ता को युवा जिला अध्यक्ष, ईशान सक्सेना को युवा चेयरमैन ,अभिषेक वर्मा को युवा जिला महामंत्री व विपिन गर्ग को युवा जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रांतीय संयुक्त महामंत्री राजेश जसोरिया ने बताया सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी व्यापारियों के हितों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के लिए भी पूर्ण रूप से सक्रिय रहेंगे ।राष्ट्र का मुद्दा हो या मानवता की कोई पहल करनी हो व्यापार मंडल सबसे पहले उसमें अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष कुलदीप दुआ, पीलीभीत के जिला अध्यक्ष अर्जुन टेहलानी, बरेली महानगर चेयरमैन दर्शन लाल भाटिया, योगेंद्र अग्रवाल, चंद्रसेन गंगवार ,मुकेश खटवानी, रविंद्र यादव ,राजीव गुप्ता, त्रिलोकी नाथ गुप्ता, गुलशन सब्बरवाल, गिरधारी देवनानी आदि उपस्थित थे।

# पुलिस को बड़ी सफलता: मकानों में चोरी करने वाले गिरोह के 5 आरोपी चोरी के सामान सहित गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक सक्रिय गिरोह का पदार्फाश करते हुए थाना कैण्ट पुलिस ने 4 शातिर चोरों और चोरी के माल की खरीद-फरोख्त करने वाले एक आरोपी को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 24 अप्रैल को प्रभारी निरीक्षक कैण्ट की टीम द्वारा की गई, जो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली के निर्देश पर वाहन चोरी और छिनैती रोकने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई।

उपनिरीक्षक मोहित चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कृष्णा कॉलोनी ट्यूबवेल के पास से इन पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी की गई एक सोने की अंगूठी, सैमसंग एलईडी टीवी, एक आईफोन मोबाइल, चोरी की चेन बेचकर प्राप्त 4000 रुपये नकद, और वारदात में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद की गई।



### गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के नाम

अवनीश पुत्र बाबूराम , निवासी जोर तलैया मोहनपुर, थाना कैण्ट, उम्र लगभग 29 वर्ष, देवू उर्फ देवांश पुत्र प्रदीप कुमार, निवासी ईसायों की पुलिया, कटरा चांदखां, थाना बारादरी, उम्र लगभग 19 वर्ष, देव उर्फ पहाड़ी पुत्र रामू , निवासी गरीबदास मंदिर, आजमनगर, थाना कोतवाली, उम्र लगभग 23 वर्ष, आयुष रस्तोगी पुत्र चिरौंजी लाल उर्फ बब्लू – निवासी महादेवपुरम, थाना कैण्ट, उम्र लगभग 25 वर्ष, सोनू उर्फ अमनदीप पुत्र जोगिन्द्र सिंह – निवासी नकटिया, जोर तलैया मोहनपुर, थाना कैण्ट, उम्र 19 वर्ष थाना कैण्ट पर दर्ज मु0अ0सं0 234/25 धारा 333/305 बीएनएस व 169/25 धारा 305/331 (4) बीएनएस के तहत ये गिरफ्तारियाँ की गईं। गिरफ्तारी के दौरान सर्वोच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। बरेली पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नकबजनी और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

# मोहम्मद शोएब को मिली पदोन्नति, बने पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय)

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। जोनल कार्यालय, बरेली में कार्यरत निरीक्षक (गोपनीय) मोहम्मद शोएब को उनकी उत्कृष्ट सेवा, कार्यकुशलता और निष्ठा के लिए पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय) पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। इस शुभ अवसर पर बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा एवं बरेली परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह द्वारा उन्हें प्रतीक चिन्ह (रैंक) लगाकर सम्मानित किया गया।



दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने मोहम्मद शोएब को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर श्री धर्मेन्द्र कुमार राय तथा जोन कार्यालय के सभी शाखा प्रभारी भी उपस्थित रहे और सभी ने उन्हें बधाइयां दीं।

मोहम्मद शोएब ने वर्ष 1988 में उप निरीक्षक (गोपनीय) के रूप में उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी सेवा यात्रा की शुरूआत की थी। अप्रैल 2018 में वे निरीक्षक (गोपनीय) पद पर पदोन्नत हुए। अब, तीन दशक से अधिक की निष्ठावान सेवा के बाद उन्हें पुलिस उपाधीक्षक का पद प्राप्त हुआ है।

समारोह को संबोधित करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने कहा कि संगठन की रीढ़ वे अधिकारी होते हैं, जो निरंतर परिश्रम, अनुशासन और ईमानदारी से कार्य करते हैं। वहीं, IG डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि गोपनीय शाखा में कार्य करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है और मोहम्मद शोएब ने सभी मानकों पर खरा उतरते हुए यह सम्मान अर्जित किया है। पदोन्नति प्राप्त कर मोहम्मद शोएब ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# गर्मियों में पक्षियों के लिए राहत बना “हर पक्षी को दाना-पानी” अभियान

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। गर्मी के प्रचंड ताप से परेशान पक्षियों की सहायता हेतु हर पक्षी को दाना-पानी नामक अभियान की शुरूआत बरेली जोन के जोनल कार्यालय से की गई। इस सामाजिक एवं पर्यावरणीय सरोकार से जुड़े पहल की शुरूआत अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा एवं पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने की। दोनों अधिकारियों ने अपने हाथों से दाना-पानी के पात्र लगाए और कार्यालय परिसर में उचित स्थानों पर इन्हें स्थापित किया। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य न केवल पक्षियों को राहत पहुंचाना है, बल्कि समाज को भी जीवों के प्रति संवेदनशील बनाना है।



अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने कहा कि गर्मी के मौसम में जैसे हमें पानी और ठंडक की आवश्यकता होती है, वैसे ही पक्षियों को भी इसकी आवश्यकता होती है। यह छोटा-सा प्रयास उनके जीवन को बचा सकता है। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने भी नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों, छतों और आंगनों में मिट्टी या स्टील के पात्रों में स्वच्छ पानी एवं दाना रखें। इस मौके पर जोन कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे और सभी ने इस नेक कार्य में सहभागिता कर पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है और मानवीय कर्तव्य की ओर भी जागरूकता बढ़ाता है।

# ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान, टोल प्लाजा पर मची अफरा-तफरी, शॉर्ट सर्किट की आशंका

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में स्थित ठिरिया खेतल टोल प्लाजा पर गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती डस्टर कार में अचानक आग लग गई। घटना उस वक्त हुई जब कार टोल बूथ से निकलकर मुख्य मार्ग की ओर बढ़ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही कार टोल पार कर आगे बढ़ी, उसके इंजन से अचानक धुआं उठने लगा। कुछ ही पलों में धुआं आग में तब्दील हो गया और पूरी कार देखते ही देखते आग की लपटों में घिर गई।

गाड़ी चला रहे व्यक्ति ने खतरे को भांपते हुए अपनी सूझबूझ का परिचय दिया और बिना समय गंवाए तुरंत कार से बाहर कूद गया, जिससे उसकी जान बच सकी। कार चालक की तत्परता ने एक बड़ा हादसा होने से टाल दिया। आग इतनी तेज थी कि कार का पूरा ढांचा कुछ ही मिनटों में जलकर खाक हो गया। घटना के समय टोल प्लाजा से गुजर रहे अन्य वाहन भी कुछ देर के लिए रुक गए, जिससे वहां जाम की स्थिति बन गई।



### टोल कर्मियों ने दिखाई तत्परता, आग बुझाने की कोशिश

टोल प्लाजा पर तैनात कर्मचारियों और वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की तत्काल कोशिश की। वे बाल्टियों और फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से लपटों को काबू में लाने की कोशिश करते रहे। साथ ही, तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी गई। कुछ ही देर में दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी और उसका ढांचा भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### टोल प्लाजा पर सुरक्षा इंतजामों पर भी उठे सवाल

यह घटना टोल प्लाजा की सुरक्षा तैयारियों को भी कटघरे में खड़ा करती है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अगर टोल कर्मी और स्थानीय लोग तत्परता न दिखाते तो बड़ा हादसा हो सकता था। टोल प्रबंधन की ओर से कहा गया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए और अधिक सुरक्षा संसाधन एवं अग्निशमन उपकरण तैनात किए जाएंगे।

# श्याम से दिल का लगाना कोई मजाक नहीं : श्याम बिहारी चतुर्वेदी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। जनकपुरी स्थित हर मिलाप शिव शक्ति मंदिर में चल रही, श्रीमद् भागवत कथा ,वृंदावन धाम से पधारे आचार्य श्याम बिहारी चतुर्वेदी के सानिध्य, में संगीत मय संकीर्तन हुआ , भजन गायक जगदीश भाटिया ने भजन सुनाया,, श्याम से दिल का लगाना कोई मजाक नहीं.... आचार्य श्याम जी ने विदाई गीत गया ।, जिंदगी रही तो फिर मिलेंगे दोबारा.. कथा हवन वा भंडारे के साथ कथा विश्राम हुई, संतों का भंडारा भी हुआ व सभी भक्तों ने भंडारा ग्रहण किया। भावपूर्ण भजन गायक जगदीश भाटिया,दीपक भाटिया, , सुनील कुमार मिश्रा, अमित, राजेश, कौस्तुभ , मयंक, हरीश सूरी,शिल्पा, गीता, निशा, निर्मला, इत्यादि लोग मौजूद रहे।



# सुरक्षा गार्ड का बेटा बना भारतीय नौसेना में चिकित्सा सहायक, नगर में भारी खुशी का माहौल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

रिठौरा। थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा के मोहल्ला धर्मपुर के विनोद पांडेय एक निजी पंप पर सुरक्षा गार्ड का काम करते हैं। लेकिन उनका शिक्षा के प्रति लगाव और बच्चों को शिक्षित बनाने की मेहनत रंग लाई है।उनकी तीन संतानों में एक बेटा दो बेटियां हैं। बेटा सैफई के मेडीकल कॉलेज से प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था।इस दौरान उसने भारतीय नौसेना में चिकित्सा सहायक पद के लिए आवेदन किया,और उसका नंबर आ गया।उसकी सफलता से पूरे नगर नाते रिश्तेदारों में भारी खुशी का माहौल है। अनुराग अपना प्रशिक्षण पूरा कर 14 दिवसीय अवकाश पर जब धर्मपुर पहुंचा तो उसका बैंड -बाजों से स्वागत किया गया।इस दौरान दादा मूलचंद पांडेय,दादी रामस्नेही एवं माता ममता देवी ने अपने बेटे की आरती उतारकर स्वागत -सम्मान किया।इस दौरान पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार उर्फ आर के कश्यप,सभासद वीरपाल कश्यप, समाजसेवी वीरेंद्र गंगवार,आमोद शिक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता सहित भारी संख्या में शुभचिंतक मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड: टॉप टेन में बरेली की तीन बेटियों ने प्रदेश में लहराया परचम

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। यूपी की टॉप टेन सूची में बरेली की तीन बेटियों ने भी रुहेलखंड मंडल का परचम लहराया है। तीनों बेटियां आंवला भमौरा के जनकल्याण इंटर कॉलेज की छात्राएं हैं। अपने विद्यालय की तीन छात्राओं को प्रदेश की टॉप टेन सूची में पांचवें, छठे और नौवें नंबर पर जगह बनाने से जनकल्याण इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वेदप्रकाश मौर्य भी गदगद हैं। उन्होंने तीनों छात्राओं की सफलता का श्रेय अपने स्कूल के स्टाफ की मेहनत और ईश्वर को दिया है।

साधारण परिवार की तुषा खान ने कठिन परिश्रम से रचा सफलता का इतिहास

यूपी बोर्ड 2024-25 की इंटरमीडिएट की परीक्षा में तुषा खान ने 500 में 480 अंक प्राप्त करके न केवली मंडल टॉप किया। बल्कि यूपी में टॉप टेन की सूची में भी पांचवां स्थान हासिल किया। तुषा खान गांव सिरोही थाना भमोरा आंवला की रहने वाली हे। इनके पिता फहीम खान और माता रहमानी बेगम हैं। बेहद साधारण परिवार की इस छात्रा ने अपनी मेहनत और लगन से यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में कामयाबी हासिल की। इसी कॉलेज की छात्रा डिंपल मौर्य ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में इंटर में टॉप टेन में छठा स्थान प्राप्त किया। डिंपल मौर्य ने 500 में से 479 अंक प्राप्त किए। बरेली के वंशीनगला में रहने वाले देवेंद्र कुमार और दीपा मौर्य की बेटी डिंपल मौर्य ने प्रतिदिन 12 से 14 घंटे पढ़ाई करके यह कामयाबी हासिल की।



### सर्वोदय जनकल्याण इंटर कॉलेज की रिया सोमवंशी बनीं टॉप टेन की छात्रा

सर्वोदय जनकल्याण इंटर कॉलेज की ही छात्रा रिया सोमवंशी ने यूपी बोर्ड में इंटर की परीक्षा की टॉप टेन सूची में नौवां स्थान हासिल करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। रिया सोमवंशी बदायूं के बिनावर की रहने वाली है, जो कि बरेली और बदायूं के बीच में पड़ोसी जनपद बदायूं की सीमा में लगता है। रिया सोमवंशी के पिता प्राइवेट जॉब करते हैं। तीनों बेटियों की सफलता से उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। तीनों प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का श्रेय नियमित पढ़ाई, शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता को दिया। बरेली में यूपी बोर्ड की परीक्षा 125 केंद्रों पर हुई थी। इसमें कुल 94468 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे।

### जेल में बंद कैदियों ने पास की हाई स्कूल और इंटरमीडिए परीक्षा, 70% से अधिक मार्क्स

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2025 की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परिणामों में इस बार एक अनोखी और प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई है। यह तस्वीर किसी स्कूल या कॉलेज की नहीं, बल्कि केंद्रीय कारागार-2, बरेली की है, जहां जेल में निरुद्ध बंदियों ने न केवल परीक्षाएं दीं, बल्कि शानदार अंकों के साथ पास होकर समाज और शिक्षा के बीच एक नई मिसाल कायम कर दी।

हाई स्कूल के परिणामों में तीन बंदियों ने भाग लिया और सभी ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इन तीनों में सबसे अधिक अंक 452 के साथ नदीम पुत्र अनवर खाँ ने प्राप्त किए, जिन्होंने 75.33% अंकों के साथ पहला स्थान पाया। उनके साथ ही रवि पुत्र अमर सिंह ने 451 अंक (75.16%) और शिवम पुत्र जागन लाल ने 428 अंक (71.33%) अर्जित कर प्रथम श्रेणी में स्थान सुनिश्चित किया।

# कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी, जिला-अनूपपुर (म०प्र०)

Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail: cmobijuri@mpurban.gov.in,

क्र. 81 / न.पा./ लो.नि./ 2025 | बिजुरी, दिनांक 23.04.2025

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र०स० | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD 418735_1 | SOLAR HIGH MASK LIGHT SHOULD BE INSTALLED AT VARIOUS LOCATION IN WARD NUMBER 11 | 02.96 लाख | 2964.00 | 2000.00 | 09-05-2025 (17:30 HRS) |
| 2 | 2025 UAD _418734_1 | CONSTUCTION OF BT ROAD FROM VIKASH SONKAR HOUSE TO CHAURA VIA AMAR SINGH HOUSE AT WARD NO 08 | 33.67 लाख | 25254.00 | 5000.00 | 28-05-2025 (17:30 HRS) |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट (https://mptenders.gov.in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् बिजुरी
जिला-अनूपपुर (म०प्र०)

# लू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

गौरेला पेंड्रा मरवाही, 25 अप्रैल 2025/ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रामेश्वर शर्मा ने लू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने प्रदेश में पड़ रहे भीषण गर्मी और लू की चपेट को ध्यान में रखते हुए आम जनता से अपील किया है कि लू के प्रभाव को गंभीरता से लें। उन्होंने लू से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतने एवं और सुरक्षित रहने के उपाए बताए हैं।



### क्या करें-

घर से बाहर निकलने के पहले पर्याप्त पानी अवश्य पियें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें, टोपी, कपड़ा, छतरी का उपयोग करें। पानी, छाछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे-लस्सी, नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। ताजा भोजन करके ही घर से निकलें, धूप में अधिक निकलने से बचें।

### क्या न करें-

धूप में खाली पेट न निकलें। पानी हमेशा साथ में रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। मिर्च मसाले युक्त एवं बासी भोजन न करें। बुखार आने पर ठंडे पानी की पट्टियां रखें। कूलर या एयर कंडीशन से धूप में एकदम न निकलें। साथ ही अनावश्यक धूप में न निकलें।

### लू के लक्षण-

सिरदर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना एवं बेहोशी आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में ऐठन, नब्ज असामान्य होना।

### ध्यान रखें लू के लक्षण हो तो-

व्यक्ति को छायादार जगह पर लिटायें, व्यक्ति के कपड़े ढीले करें, उसे पेय पदार्थ कच्चे आम का पना आदि पिलायें। तापमान घटाने के लिये ठंडे पानी कि पट्टियां रखें। प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाकर चिकित्सकीय परामर्श लें।

# सत्य, प्रेम और सद्भाव ही समाज का आधार त्यागी महाराज ने किया आह्वान।

कटनी जिले के बड़वारा तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विलायत कला ग्राम स्थित स्वर्ग नगरी ज्ञान तीर्थ धाम के संस्थापक श्री त्यागी महाराज जी और माह मंडलेश्वर स्वामी अमरेश्वर जी देश के विभिन्न राज्यों में सत्य, प्रेम, सद्भाव और संस्कारों से परिपूर्ण समाज के निर्माण के महान संकल्प के साथ अपनी यात्रा जारी रखे हुए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को श्री त्यागी महाराज अपनी दिव्य टोली के साथ विलायत कला आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने समाज की वर्तमान परिस्थितियों पर अपनी गहरी प्रतिक्रिया व्यक्त की।



श्री त्यागी महाराज ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज को संस्कारों की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सत्य, प्रेम, सद्भाव और करुणा ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उनके अनुसार, सत्य और प्रेम के बिना मानव जीवन का प्रत्येक आनंद अधूरा है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि इन उदात्त गुणों का जन्म व्यक्ति के भीतर संस्कारों के माध्यम से ही होता है। अपनी यात्रा के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए श्री त्यागी जी ने कहा कि वे जिस भी स्थान पर पहुंच रहे हैं, वहां लोगों को अपने बच्चों को अधिक से अधिक संस्कारवान बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, ताकि एक बेहतर और मूल्य-आधारित समाज का निर्माण हो सके।

इस अवसर पर माह मंडलेश्वर स्वामी अमरेश्वर जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने शिक्षा के महत्व को स्वीकार करते हुए कहा कि यदि बच्चों में संस्कार नहीं हैं, तो उनकी शिक्षा भी पूर्ण नहीं मानी जा सकती। स्वामी अमरेश्वर जी ने कहा कि संस्कार के अभाव में मानवता अधूरी है और एक अच्छा एवं सार्थक जीवन जीने में संस्कारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनके चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों के विकास पर भी ध्यान दें।
श्री त्यागी महाराज और स्वामी अमरेश्वर जी की यह यात्रा समाज में नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को पुनर्जीवित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उनके विचारों से प्रभावित होकर विलायत कला ग्राम के लोगों ने भी अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने और समाज में सत्य, प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# जबलपुर पुलिस द्वारा बिना हैल्मेट, बिना नम्बर, अमानक नम्बर वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुये वसूला गया समन शुल्क

प्रायः देखा गया है कि, अपराधियों द्वारा बिना नम्बर के वाहन का उपयोग कर वारदात की जाती है इसके साथ ही कई लोग वाहनों में जानबूझ कर, शौकिया तौर पर नम्बर नहीं डलवाते है जिसे दृष्टीगत रखते हुये तथा जिले में सड़क दुर्घटनाओं एवं सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु/घायल की संख्या को कम करने हेतु पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा समस्त थाना प्रभारी एवं राजपत्रित अधिकारियों को विशेष अभियान के तहत ऐसे दुपहिया वाहन चालक जो हेलमेट धारण कर वाहन चालन नही करते हैं, तथा बिना नम्बर/आडे तिरछे आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2




श्री समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात/अपराध) श्रीमति सोनाली दुबे के मार्ग निर्देशन में समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी शहर/देहात के द्वारा दिनॉक 23-4-25 को चैकिंग प्वाइंट लगाये जाकर चैकिंग करते हुये बिना हेलमेट, बिना नम्बर , अमानक नम्बर वाले 1585 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुये समन शुल्क वसूल किया गया है।

# शहडोलः रामपुर बटुरा खुली खदान बनी 'दंगल' का मैदान, कर्मचारी और प्रबंधक को नेता होने का धौंस दिखा कर गाली गलौच कर जूता से मारने व जान से मारने की दी धमकी!

शहडोल। एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की रामपुर बटुरा खुली खदान इन दिनों किसी कुस्ती के अखाड़े से कम नही नजर आ रही है।
ताजा मामला 22 अप्रैल 2025, मंगलवार की द्वितीय पाली का है, जब फोरमैन रवीन्द्र कुमार द्विवेदी (टी. ग्रेड बी) द्वारा ड्यूटी के दौरान पाली मैनेजर एन पी पटेल व दो अन्य कर्मचारियों को गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई।

### क्या है पूरा मामला?

बृजेश पटेल माइनिंग सरदार के मुतामिक, ये दोपहर 2 बजे ड्यूटी पर पहुंचे जहां फोरमैन रवीन्द्र कुमार द्विवेदी (टी. ग्रेड बी) शिफ्ट मैनेजर एन पी पटेल से विवाद कर गाली गलौच करते हुए जूता उतारकर मारने जा रहे थे। तभी वहां मौजूद बृजेश पटेल माइनिंग सरदार और अजीत तिवारी ओवरमैन बीच बचाव किये तो फोरमैन रवीन्द्र कुमार द्विवेदी (टी. ग्रेड बी) उन्हें भी धक्का दे कर धमकाने लगे की मैं यूनियन का बड़ा नेता हूं तुम आज के लड़के मुझे समझाओगे मैं तुम सबको ठिकाने लगवा दूंगा यह से ऊपर तक सरकार हमारी है कोई कुछ नही बिगाड़ सकता मेरा ।
फरियादी द्वारा बताया गया की फोरमैन रवीन्द्र कुमार द्विवेदी (टी. ग्रेड बी) इटर यूनियन के अध्यक्ष है जिसका रोब दिखाकर वो बिना काम में आए अपनी हाजरी लगवाने का दबाव अक्सर बनाते थे जिसका विरोध करने पर फोरमैन रवीन्द्र कुमार द्विवेदी (टी. ग्रेड बी) आग बबूला हो गए
वहाँ मौजूद पाली प्रभारी एन पी पटेल अजीत तिवारी ओवरमैन बृजेश पटेल (माइनिंग सरकार) पर भड़क गाए। उहोंने बृजेश पटेल को धक्का देते हुए कहा, तू कुर्मी पिछड़ी जाति का है अपनी औकात में रह कर बात कर तू मुझे सिखाएगा 200 आदमी बुलाकर सब को निपटा दूंगा जबकि बृजेश पटेल खुद बीमारी के चलते ठीक से चल पाने में भी असमर्थ है जिनका उपचार भी चल रहा है । इसके बाद गाली-गलौज करते हुए धमकी दी, तुम सब ज्यादा उड़ते हो, तुम्हें किसी दिन माईस में या रास्ते में मरवा दूंगा किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। इतना ही नहीं घटना होने के बाद घर जाकर फोरमैन रवीन्द्र कुमार द्विवेदी (टी. ग्रेड बी) ने पाली प्रभारी एन पी पटेल को फोन पर भी धमकी दी की मेरे विरुद्ध कोई भी प्रशासनिक कार्यवाही करने की सोची तो 50 आदमी घर पर भेज कर मरवा दूंगा।
अपनी सुरक्षा की माग करते हुए पाली प्रभारी एन पी पटेल, ओवरमेन अजीत तिवारी, माइनिंग सरदार बृजेश पटेल, ने सोहागपुर क्षेत्र कार्यालय उप-क्षेत्रीय प्रबंधक रामपुर-बटुरा उप-क्षेत्र में फोरमैन रवीन्द्र कुमार द्विवेदी (टी. ग्रेड बी) के खिलाफ लिखित शिकायत कर अनुशासनात्मक व कानूनी कार्रवाई की माग की है। साथ ही, फरियादी द्वारा शहडोल व अरझुला कॉलोनी से रोज आवा गमन करने के कारण रास्ते में कुछ भी घटना कारित करने पर फोरमैन रवीन्द्र कुमार द्विवेदी (टी. ग्रेड बी) की धमकी से सुरक्षा को लेकर भी गुहार लगाई है। तथा फोरमैन रवीन्द्र कुमार द्विवेदी (टी. ग्रेड बी) के विरुद्ध थाना अमलाई में भी लिखित शिकायत दर्ज कराई है।
स्थानीय कर्मचारियों के अनुसार, रामपुर बटुरा माइंस में फोरमैन रवीन्द्र कुमार द्विवेदी (टी. ग्रेड बी) जैसे छुटवइया नेता वर्चस्व को लेकर अक्सर विवाद में रहते हैं। गुंडई, दबंगई के कारण खदान में अनुशासन और सुरक्षा की स्थिति बेहद चिंताजनक होती जा रही है।
गौर करने वाली बात यह है की इन घटनाओं के उपरांत खुद पर कार्यवाही होते देख फोरमैन रवीन्द्र कुमार द्विवेदी (टी. ग्रेड बी) द्वारा प्रबंधन पर दबाव बनाने के लिए विक्टिम कार्ड खेलना शुरू कर दिया है थाना अमलाई में झूठे आरोपों के साथ शिकायत भी दर्ज करा दी।
कुछ कर्मचारियों द्वारा ये भी बताया गया है की फोरमैन रवीन्द्र कुमार द्विवेदी (टी. ग्रेड बी) की ये पुरानी आदत ही है वो पहले गुंडागर्दी करते है फिर प्रबंधन पर दबाव बनाने के लिए खुद फरियादी बन कर थाना में शिकायत करते है इसके पूर्व भी वो इस तरह की झूठी शिकायत थाने में कर चुके है तथा जांच में सत्य बाहर आने पर माफी मांग चुके है।
पाली प्रभारी एन पी पटेल ,बृजेश पटेल माइनिंग सरदार, अजीत तिवारी ओवरमैन, द्वारा दी गई शिकायत के बाद अब सभी की निगाहें प्रबंधन पर रहेगी क्या इस बार कोई सख्त कदम उठाया जाएगा या फिर फोरमैन रवीन्द्र कुमार द्विवेदी (टी. ग्रेड बी) की धमकी वा रौब के आगे मामला फाइलों में दब जाएगा? यह देखने वाली बात होगी।

# पहलगाम में आतंकी हमले की निंदा में एवं दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि

**समाज जागरण**

अनूपपुर ।22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले जिसमें 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी ,इसकी निंदा करने के लिए एवं दिवंगत हुए भारत के नागरिकों को श्रद्धांजलि देने हेतु आज 25.04.2025 को चचाई में अमरकंटक ताप विद्युत गृह के अधिकारियों एवं कर्मचारी के परिवार



के सदस्यों द्वारा ऑफिसर्स क्लब से श्रम कल्याण केंद्र तक शांतिपूर्ण तरीके से कैंडल मार्च/जुलूस निकाला गया एवं इस बर्बर नरसंहार की निंदा कर दिवंगत आत्माओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

# लोक निर्माण विभाग से संबंधित कार्य योजनाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श हेतु बैठक सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कैंप कार्यालय सभागार में लोक निर्माण विभाग से संबंधित कार्य योजनाओं पर जनप्रतिनिधियो से विचार विमर्श हेतु बैठक की। बैठक में सांसद एस0पी0 सिंह पटेल, विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक लालगंज आराधना मिश्रा के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, विधायक रानीगंज डॉ0आर के वर्मा के प्रतिनिधि बी0एल0 पटेल ,विधायक कुंडा के प्रतिनिधि हरिओम श्रीवास्तव, पूर्व जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, शिक्षक विधायक एमएलसी उमेश द्विवेदी के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 11 अप्रैल 2025 का शासनादेश जारी किया गया है जिसमें लोक निर्माण विभाग के मार्गों एवं सेतुओं के निर्माण हेतु कार्य योजना की सूची तैयार किया जाना है । जिसमें बाईपास/ रिंग रोड/ फ्लाई ओवर के निर्माण। धर्मार्थ मार्गों के चौड़ीकरण/ सुद्धढीकरण, धर्मार्थ मार्गो के नवनिर्माण, औद्योगिक लॉजिस्टिक पार्क हेतु चौड़ीकरण शुद्धिकरण, ग्रामीण मार्गों के नवनिर्माण, इसी प्रकार से प्रमुख जिला मार्ग /अन्य



जिला मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, ब्लैक स्पॉट, राज सड़क निधि, मार्गो का अनुरक्षण (नवीनीकरण), मार्गो का अनुरक्षण (विशेष मरम्मत), मार्गो का अनुरक्षण पैच मरम्मत (गड्ढामुक्ति), लघु एवं दीर्घ सेतु, विकास हेतु निर्माण, आदि योजनाओं पर जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श कर प्रस्ताव उपलब्ध करने को कहा। उन्होंने कहा लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड के ओ0पी0 चौरसिया को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों के प्राप्त हो उन सभी सूचनाओं को एकत्रित कर सूचना तैयार कर ले जिससे जनपद की सड़कों का निर्माण कार्य हो सके । उन्होंने निर्देशित करते हुए काहा कि (ODR) एवं (MDR) की सड़कों का लेखा-जोखा रखें और इसकी सूचना जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराये जिससे पता चल सके की कौन सी सड़क का निर्माण कार्य कब हुआ है।
उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान चलाकर सड़कों से अतिक्रमण को हटवाया जाए, और सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए , मरम्मत का कार्य कराया जाए। इस कार्य हेतु कार्य योजना तैयार कर ली जाए जिससे कार्य को समय से पूर्ण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की किसी प्रकार की शिकायत ना उत्पन्न हो उनके सभी प्रस्ताव को सम्मिलित किया जाए। और सभी जनप्रतिनिधियों से आपस में समन्वय बनाकर रखें और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता पर सुने जिस जन सम्मान्य की शिकायतों का निस्तारण हो सके।

# कानपुर के सिख समाज ने कैप्टन सर के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाल दी पहलगाम मृतकों को श्रद्धांजलि

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ सिख समाज में भी जबरदस्त उबाल है। उसने इसके लिए कैंडल मार्च निकाल कर कानपुर के शुभम द्विवेदी तथा 25 अन्य मृतकों के लिए भी शोक सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। पाकिस्तान मुदार्बाद के नारों के साथ आतंकवादियों द्वारा मारे गए हिंदू पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने एवं इस कायरतापूर्ण कृत्य के विरोध में दुर्गा पार्क समिति, वार्ड 48, गोविंद नगर के दुर्गा पार्क परिसर में आयोजित इस सभा को संबोधित करते हुए सरदार महेंद्र वीर सिंह कैप्टन सर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान



और उसके आका आतंकियों को नेस्तनाबूद करके ही दम लेंगे जिसके लिए पूरा भारत उनके साथ खड़ा है। दुर्गा पार्क समिति के मंत्री सोमिल अवस्थी द्वारा चर्चित शिक्षा विद शिक्षक सरदार महेंद्र वीर सिंह कैप्टन सर की अगुवाई में तथा जसवीर सिंह ,राजेश भल्ला, शम्मी भल्ला, कैप्टन सर अश्विनी पूरी ,विनोद छाबड़ा और सुरेंद्र पुरी आदि की मौजूदगी में हुई इस श्रद्धांजलि सभा में अन्य वक्ताओं ने भी पाकिस्तान द्वारा संरक्षित आतंकवादियों की इस कायराना हरकत की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें मिट्टी में मिला देने के रूप में नेस्तनाबूद किए जाने की भी जोरदार मांग भी भारत सरकार से की।

# प्रतापगढ़ सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज लालगंज के छात्रों ने जिले मे लहराया परचम।

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़ ।आज दिनांक 25/04/2025 दिन शुक्रवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा बोर्ड परीक्षा 10 व 12 का परिणाम घोषित किया गया जिसमे हाईस्कूल मे विद्यालय के भैया सत्यम यादव ने 570/600अंक पाकर जिले मे के टॉप 10 मे स्थान प्राप्त किया । वही पर इण्टरमीडिएट मे बहन प्रगति तिवारी ने, 452/500, व अदिति ओझा ने, 450/500 अंक पाकर जिले की टॉप 10 लिस्ट मे क्रमशः चौथाऔर छठा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। हाईस्कूल मे कुल 333 छात्रों मे 215 ससम्मान, और 118 प्रथम श्रेणी उत्तीण हुए। इण्टर मे कुल 341मे से 170 स सम्मान, 161 प्रथम, और, 10 द्वितीय श्रेणी मे उत्तीण रहे। विद्यालय के निदेशक श्री राम अवधेश मिश्र जी और प्रधानाचार्य श्री उमाशंकर मिश्र जी ने सभी छात्र और छात्राओ को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु उपस्थित रहे।

# निगोहां क्षेत्र की दो छात्राओं ने किया टॉप

**विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता**

राजधानी लखनऊ। निगोहा क्षेत्र के रघुनाथ खेड़ा गांव स्थित एसःबी एनः इंटर कॉलेज की होनहार छात्रा अनन्या शुक्ला ने यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 90% अंक प्राप्त कर निगोहा क्षेत्र में टॉप कर अपने स्कूल और परिवार का नाम रोशन कर मान बढ़ाया। वही इंटरमीडिएट की छात्रा मुस्कान साहू ने 85% अंक प्राप्त कर टॉप कर स्कूल और परिवार का मान बढ़ा कर नाम रौशन किया। दोनों ही छात्राओं ने अपने- अपने परिजनों और स्कूल का नाम क्षेत्र में रोशन किया और वही दूसरी तरफ प्रबंधक अमरेंद्र यादव ने दोनो छात्रों को दी बधाई।





# थाना कोतवाली में फरार चल रहे तीन शातिर गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़ ।जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह के निर्देशन में थाना पट्टी कोतवाली पुलिस को मिल रही है लगातार बड़ी सफलता, पुलिस ने लूट एवं रंगदारी ,धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे तीन वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए लूट के 50,000 बरामद किए हैं
थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित के निर्देश पर उप निरीक्षक अनीश कुमार यादव ने अपनी पुलिस टीम के साथ थाना कोतवाली क्षेत्र के बंधवा बाजार से मझौली गांव के तरफ जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार किया है
आपको बता दें अभियुक्तों ने डबल पैसा करने के नाम से पैसा छीन लिया जब पैसा मांगने लगा तो जान से मार देने की धमकी देते हुए कहा कि हमारे घर पर पैसे मांगने गए तो मार दूंगा और अभियुक्त द्वारा तमंचा दिखाकर पैसे छीन लिए गया

### गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का नाम

1 छोटेलाल पुत्र स्वर्गीय राम बहादुर
2 संदीप पुत्र इंद्रपाल
3 पंकज पुत्र प्रेमचंदसरोज बताया जा रहा है

क्षेत्र में करोगे अपराध तो जाओगे सीधा जेल अपराध करके कोई नहीं बच सकता है पुलिस से क्योंकि जिले के पुलिस कप्तान डॉक्टर अनिल कुमार का कार्यकाल चल रहा है
अपराध कतई बर्दाशत नहीं है उनको अपराधी के नाम पर बहुत क्रोध आता है उनको मासूम नागरिकों को परेशान करने वालों पर सपा के सख्त तेवर से अपराधी कांपते हुए नजर आ रहे हैं
थाना पट्टी कोतवाली की कमान जब से प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित ने संभाली है तब से लगातार अपराधियों पर हो रही है बड़ी कार्यवाही

# महिला बाल विकास अधिकारी बुढार के साथ कलेक्टर कमिष्नर सी.एम. तक हुई षिकायत

**समाज जागरण**

जिला स्तरीय अधिकारी कार्यवाही में कर रहे हीला हवाली षिकायतकर्ता आर पार के मूंड में नि.प्र.- महिला बाल विकास बुढ़ार अंतर्गत हो रही गड़बड़ी को लेकर अधिवक्ता बृजेष कुमार गौतम ने जिला कलेक्टर सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों को पूर्व में की गई षिकायत की कार्यवाही ठण्डे बस्ते में जिला महिला बाल विकास अधिकारी द्वारा रखने पर कई बार इस संबंध में चर्चा में पाया गया कि गड़बड़ी का पूर्ण संरक्षण जिला महिला बाल विकास अधिकारी के संरक्षण में खुलेआम फल फूल रहा है, षिकायत में आंगनबाड़ी क्रमांक 7 धनपुरी भाग 1 की पूर्व की कार्यकर्ता उसी वार्ड में सुपरवाईजर के पद पर विभाग द्वारा नियुक्ति की गई है। मूल निवास भी धनपुरी वार्ड क्र.7 व सभी सगे संबंधी निवासरत हैं, वर्षो से पदस्थ होने के कारण आंगनबाड़ी केन्द्रो में खुलेआम गड़बड़ी सुपरवाईजर द्वारा करायी जा रही है।

# कैट द्वारा व्यापारी स्वाभिमान बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

दो दिवसीय व्यापारी स्वाभिमान बैठक का आयोजन का भुवनेश्वर उड़ीसा एक होटल में किया गया। बताते चले हर वर्ष कैट द्वारा व्यापारियों के समस्या के समाधान और वर्ष भर में अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए विचार विमर्श किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्मृति ईरानी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।उन्होंने कैट संगठन को व्यापारियों के समस्या को उठाने के लिए धन्यवाद देते हुए व्यापारी के सभी समस्या की निदान की बात कही।आज के बैठक में मुख्य रूप से डिजिटल और फाइनेशियल सर्विस ,एजुकेशन और सिल्क डेवलपमेंट




,हेल्थ केयर, कृषि और ग्रामीण विकास सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा किया गया।बैठक में शामिल हुए कैट प्रदेश महामंत्री अखिलेश कुमार मिश्र ने कहा हर वर्ष व्यापारियों का एक बैठक आयोजन करने का मुख्य उद्देश व्यापारी बंधु के समस्या को सरकार और संबंधित विभाग द्वारा सरलता पूर्वक समाधान करना है जिससे में देश के कोने कोने से आए व्यापारी और कैट के पदाधिकारी शामिल होते है। उन्होंने बताया आगे भी बैठक कर व्यापारी की सभी समस्या का दूर करने का कार्य कैट संगठन द्वारा किया जाएगा।आज आयोजित कार्यक्रम में कैट वाराणसी जिला अध्यक्ष श्याम सुन्दर गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी और व्यापारी उपस्थित रहे।

# खुशी पटेल जिलाधिकारी बनकर देश सेवा करने की तमन्ना रख पढ़ाई जारी रखेगी

***साई, उदयपुर वैभव बालिका विद्यापीठ की छात्रा खुशी पटेल ने हाई स्कूल में 92.66% अंक प्राप्त कर बढ़ाया विद्यालय व जनपद का मान।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। गरीब परिवार में परवरिश और खेतों में कड़ी मेहनत कर माँ- बाप के कंधे का सहारा बन परिवार की संघर्ष शील लाडली खुशी पटेल ने ठाना है कि एक दिन जिलाधिकारी बनकर देश की सेवा करूंगी और गरीबों के कल्याणकारी योजनाओं को उसके पात्र झोपड़ी तक पहुंचाने का कार्य करूंगी।भले ही जिले के टॉप टेन में नहीं आ सकी उसका गम नहीं है। खुशी पटेल एक दिन खुशहाली का ज्वार लेकर यह जता देगी कि हौसले बुलंदियों को पाकर की विश्राम करते हैं। हरहुआ विकास खंड के साई ,उदयपुर स्थित वैभव बालिका विद्यापीठ की छात्रा खुशी पटेल ने यूपी बोर्ड हाई स्कूल



परीक्षा में 92.66 प्रतिशत अंक (600/556अंक) प्राप्त कर विद्यालय एवं जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। मूल रूप से चंदापुर निवासी खुशी मेहनती और अनुशासित छात्रा है। खुशी दो बहनों में बड़ी है। उसके पिता सतीश कुमार पटेल किसान हैं और माता सुशीला देवी गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी बेटी को पढ़ाई के लिए हर संभव सहयोग दिया। खुशी प्रतिदिन 10 घंटे नियमित रूप से पढ़ाई करती रही है।घर से स्कूल लगभग 2 किलोमीटर दूर प्रतिदिन साइकिल से जाकर शिक्षा ग्रहण किया। गणित और विज्ञान उनके प्रिय विषय रहा है। अंग्रेजी के शिक्षक जयप्रकाश पांडेय उनके प्रिय अध्यापक जिनसे विशेष प्रेरणा मिली। खुशी पटेल का सपना है कि वह आगे चलकर सिविल सर्विसेज में जाकर डीएम बनेगी। वह अभी से अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर है और पूरी लगन के साथ तैयारी में लगी है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र प्रकाश पांडेय ने खुशी की मेहनत और सफलता की सराहना करते हुए कहा कि वह अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा है। मिठाई खिलाकर खुशी को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं,युवा पुरस्कार विजेता, एडवोकेट प्रिंस चौबे ने भी खुशी को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर इस प्रकार की उपलब्धि हासिल करना वास्तव में सराहनीय कार्य है, उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार और क्षेत्रीय लोगों ने भी खुशी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# पिंडरा ब्लॉक परिसर में दो करोड़ की लागत से बनेगा बहुउद्देश्यीय मीटिंग हाल

**डिप्टी सीएम ने दी वित्तीय स्वीकृति।**

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी। जनपद के आदर्श ब्लॉक के रूप में स्थापित पिंडरा ब्लॉक परिसर में दो करोड़ की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुउद्देश्यीय मीटिंग हाल बनेगा। इसकी वित्तीय स्वीकृति मिलते ही ब्लॉक में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधियों में खुशी की लहर दिखी। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व ग्राम्य विकास मंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा पिंडरा ब्लॉक परिसर में बहुउद्देश्यीय मीटिंग हाल के लिए 2करोड़ 21 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिली। जिससे अब क्षेत्र के सवार्गीण विकास के साथ हर तरह के प्रशिक्षण कार्य हो सकेंगे। इस बाबत जानकारी देते हुए ब्लॉक प्रमुख संरक्षक रविशंकर सिंह व बीडीओ छोटेलाल तिवारी ने बताया कि दो करोड़ 21 लाख 49 हजार 500 रुपये की धनराशि स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही काम शुरू होंगे। उसका निर्माण ब्लॉक परिसर में ही होगा। उसके बनने से एक साथ सभी जनप्रतिनिधियों को बैठने व कार्य योजना पर चर्चा करने में मदद मिल सकेगी। विकास कार्यो के क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी।

वही वित्तीय स्वीकृति मिलने की जानकारी मिलते ही ब्लॉक परिसर में प्रसन्नता दिखी। बताते हैं कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस बहुउद्देश्यीय हाल बनने से आम जनता के साथ कर्मचारियों को भी सहूलियत मिलेगी। एक साथ जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, बीडीसी की मीटिंग होगी।

# स्वामी हरहरानंद के पुण्यतिथि पर प्रवचन व भंडारे का आयोजन

**समाज जागरण**
**आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । पिंडराः स्वामी हरहरानंद आश्रम थानारामपुर ( पिंडरा ) परिसर में शुक्रवार को स्वामी हरहरानंद के 76वी पुण्यतिथि पर पूजन, प्रवचन और भंडारा का आयोजन किया गया। सुबह से ही जनपद और गैर जनपदों से श्रद्धालुओं की भीड़ आश्रम पहुचकर उनके समाधि पर पुष्प अर्पित कर दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान भजन कीर्तन के पश्चात धर्मशास्त्री प्रमोद सिंह ने कहा सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। माता-पिता की गुरु की सेवा के साथ प्राणी सेवा भी परम धर्म है। उन्होंने कहाकि



हमारे देश मे महात्माओं का जन्म देश की संस्कृति और धर्म को जीवित करने के लिए होता है। प्रवचन पश्चात दोपहर बाद महाप्रसाद का वितरण हुआ जो शाम तक चला। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत चंद्रभूषण पांडेय से लोगों ने आशीर्वाद दिया। इस दौरान डॉ शशिकांत सिंह, प्रीतराज माथुर, सुरेश पाण्डेय, शशांक माथुर, अंजनी पांडेय, अरविंद पांडेय, नक्षत्रधारी सिंह , शिवशंकर वर्मा, अनिल यादव समेत अनेक भक्तगण सेवा भाव से लगे रहे।

# खाना बनाते समय रिहायशी मड़ई में लगी आग, सारी गृहस्थि जल कर हुई खाक ।

***समाज जागरण ओंकार दानगंज, वाराणसी***

चोलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बबियाव(कमना ) में गुरूवार देर रात खाना बनाते समय रिहायसी मड़ई में लगी आग पूरी गृहस्थी जल कर हुई खाक । जानकारी के अनुसार चोलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बबियाव (कमना ) निवासी आनंद कुमार की मड़ई में गुरुवार के दिन रात को खाना बनाते समय गैस से निकली चिंगारी से रिहायशी मड़ई में आग लगने से मादी में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया । पीड़ित आनंद कुमार ने बताया कि मड़ई में ही रहकर जीवन यापन करते हैं , गुरुवार देर शाम को खाना बनाते समय आग लगी की घटना घटी जिससे कि गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया । आग लगी की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने की भरपूर कोशिश की परंतु आग की भयावह स्थिति से गृहस्थी का सामान नहीं बचा जा सका । बस गनिमत रही की गैस सिलेंडर में आग नहीं पड़ सकी ।

# मां भगवती इंटर कॉलेज की इंटर की छात्रा अंशिका ने जिले में प्राप्त किया तीसरा स्थान

**समाज जागरण एस बी तिवारी**
**बड़ागांव/वाराणसी**

बड़ागांव के कोइरीपुर में स्थित मां भगवती इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली इंटर की छात्रा अंशिका कन्नौजिया ने 453 अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है जिससे क्षेत्र, कालेज सहित आसपास के लोगों में हर्ष व्याप्त है। अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों और माता रेखा देवी गृहणी और पेशे से किसान



और वर्तमान ग्राम प्रधान पिता उमेश कन्नौजिया को देते हुए छात्रा ने बताया कि वह कालेज के अलावा घर चार घंटे स्वयं पढती थी और सोशल मीडिया से दुर रहती है साथ उन्होंने छात्रों के लिए कहा की सोशल मीडिया से दुर रहें मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी । छात्रा दो बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी है और भविष्य में युपीएससी क्रेक करना चाहती है।

# पिंडरा क्षेत्र के आधा दर्जन और मेधावी ने पाया 90 फीसदी से अधिक अंक

**समाज जागरण प्रभात कुमार**
**सेठ फूलपुर वाराणसी**

इंटर और हाईस्कूल के निकले परिणाम में ग्रामीण क्षेत्र की आधा दर्जन छात्र छात्राओं ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर अपना नाम रोशन किया। क्षेत्र के खालिसपुर स्थित संत नारायण बाबा इंटर कॉलेज के तीन छात्र छात्राओ ने हाईस्कूल में 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किया। जिसमे ग्रेसी सिंह ने 92.83 फीसदी, मनीष पटेल ने 91.83 फीसदी तथा विशाल सिंह 90.83 ने फीसदी अंक प्राप्त किया। वही फूलपुर जय माँ चंद्रावती देवी इंटर कालेज के छात्र नैतिक मिश्रा ने 93.66 फीसदी अंक हासिल किया।



दबेथुवा स्थित देवदत्त बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा तमन्ना कुमारी ने 91 फीसदी अंक हासिल किया। मेधावी छात्रा का सम्मान शुक्रवार को सायंकाल में कल्याण कोचिंग सेंटर जमापुर में पुष्प, पेन व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस दौरान पिता को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ गौरव पांडेय, संजय गुप्ता, प्रवक्ता रामप्रताप वर्मा, प्रमोद वर्मा, प्रियंका कुमारी, मनोज मिश्रा व नागेश वर्मा रहे।

# इंजीनियर बनकर देश को आत्मनिर्भरता की दिशा तय करना मेरा लक्ष्य

***शर्मिला इंटरमीडिएट का ओरतिभाषाली छात्र वृषांक ने पाया पहला स्थान।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में मंजिल को पाने के लिए रात -दिन मेहनत कर सुनहरे सपने देखता रहा और मंजिल के सफर पर चलता रहा। जहां आज प्रथम स्थान पाकर बेहद खुशी है। आगे चलकर इंजीनियर बनकर देश की सेवा करने की तमन्ना कड़ी मेहनत से पूरी करूँगा। यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी होते ही खुशी की लहर दौड़ गई। शमीर्ला इंटरमीडिएट कॉलेज पुआरी खुर्द वाराणसी के छात्र छात्राओं ने अच्छे परिणाम के लिए जहां अपने गुरुजनों का चरण स्पर्श कर



आशीर्वाद लिया वहीं आपस मे खुशियां बांटी। पुआरी खुर्द के जयशंकर प्रजापति के पुत्र वृषांक प्रजापति ने हाई स्कूल में 600/545 अंक (90.8%)पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।रिजल्ट देख खुश हुआ और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। पलहीपट्टी निवासी संतोष कुमार प्रजापति के पुत्र आयुष प्रजापति ने 600/ 544 अंक (90.60%) पाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। महुलिया निवासी बनवारी पटेल की पुत्री प्रीती पटेल ने 600/ 541 अंक (90.16%) पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार ने बच्चों की सफलता पर उन्हें पुष्पहार पहनाकर मिठाई खिलाई ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई।

# मच्छर पर वार का प्रचार -प्रसार कर आशा,एएनएम ग्रामीणों को करें जागरूक

***विश्व मलेरिया दिवस पर गोष्ठी सम्पन्न।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी किसी भी रोग का बचाव ही सबसे बड़ा उपचार है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता क्षेत्र में मच्छरों से बचाव,इलाज के लिए जनसमुदाय को जागरूक करने का दायित्व निभाएं। उक्त बातें विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरहुआ के परिसर में आज मलेरिया रोग के बचाव. इलाज एवं जागरूकता के लिए विचार गोष्ठी को स्मोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार ने व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि सबसे पहले हम सब स्वयं व अपने परिवार की और उसके बाद मोहल्ले को मलेरिया से मुक्त करना है। साथ ही घर घर हफ्ता में




एक दिन रविवार को मच्छर पर वार का प्रचार -प्रसार कर जन मानस को जागरूक करें। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश गुप्ता ने कहा कि मलेरिया मुख्य रूप से चार प्रकार के परिजीवी होते है जो भारत में पाऐ जाते है। पुरे विश्व में मलेरिया रोग से हर वर्ष लाखो लोगो की जान जाती है। इस बार सरकार की ओर से 2030 तक मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है जिसे पुरा करना हम लोगो की जिम्मेदारी है। गोष्ठी में मुख्य रूप से डां0 नन्द आसरे , डॉ0 राजकुमार, सतीश कुमार गुप्ता स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, श्रीनाथ यादव एआरओ , राकेश कुमार स्वास्थ्य निरीक्षक, सूरज प्रसाद स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, संदीप भारती,राकेश कुमार, संतोष सिंह व पंकज सिंह सहित स्वास्थ्य केन्द्र के सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल रहे। छिड़काव सम्बन्धी दवाओं के प्रति सफाई कर्मचारी का सहयोग लेने का प्रभारी ने निर्देश भी दिया।

# प्रतिदिन गेंहू खरीद करके सचिव करे लक्ष्य की पूर्ति : विनोद पांडेय

**समाज जागरण**
**अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**

स्थानीय विकास खंड अंतर्गत बीपैक्स भैठौली मे खुले गेंहू क्रय केन्द्र का निरीक्षण एडीसीओ पिंडरा विनोद पांडेय द्वारा किया गया।

मौके पर केन्द्र प्रभारी अभय सिंह उपस्थित मिले ।केन्द्र पर अभी तक पाँच किसानो से 312.50 क्विंटल गेंहू की खरीद हुई मिली। सचिव ने बताया गया सभी किसानों का भुगतान हो चुका है। निरीक्षण मे समिति पर बैनर ,कांटा , डस्टर व एनालिसिस किट इत्यादि पाया गया।निरीक्षण मे एफसीआई को गेहू डिलीवरी शून्य पाई गई। एडीसीओ पिंडरा ने सचिव को निर्देशित किया कि परिवहन ठेकेदार से संपर्क करके गेंहू की डिलीवरी सुनिश्चित करायें। मौके पर भैठौली निवासी राकेश सिंह पुत्र ज्ञानचंद सिंह के लगभग 10 क्विंटल




तथा धर्मेन्द्र सिंह के लगभग चार क्विंटल गेंहू की तौल होती मिली। कुछ किसानों ने कहा कि समिति पर साढ़े चौबीस सौ रुपये दर निर्धारित है वहीं व्यापारी घर पहुंचकर 26 से 27 सौ रुपये में खरीद कर ले जा रहा है यहां तक कि एडवांस पैसा भी देता है ।किसान घाटा क्यों उठाये,कोई उत्तर नहीं मिला सिर्फ सरकार द्वारा निर्धारित दर का हवाला दे दिया गया।

एडीसीओ ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि क्षेत्रीय किसानो से नियमित संपर्क करके गेंहू खरीद मे तेजी लाना सुनिश्चित करें।

# मां भगवती इंटर कालेज की खुशी को मिला जिले में चौथा स्थान

**समाज जागरण एस बी तिवारी**
**बड़ागांव वाराणसी।।**

मां भगवती इंटर कालेज पढ़ने वाली हाईस्कूल की छात्रा खुशी देवी ने 575 अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान प्राप्त कर अपने गांव के साथ ही स्कुल और माता पिता का नाम रोशन किया है। दो छोटे भाइयों से बड़ी बहन खुशी अपने सफलता का श्रेय मां विमला देवी गृहणी और



सरकारी टीचर पिता नरेंद्र प्रसाद यादव और कालेज के शिक्षकों को देते हुए बताया कि स्कुल में पढ़ने के साथ ही वह कालेज में चलने वाली एक्स्ट्रा क्लास के अलावा छह घंटे घर पर पढती थी। कालेज के प्रबंधक डॉ श्रीनाथ कुशवाहा एवं प्रधानाचार्य अरविंद कुमार मौर्य ने इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की तरफ से बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।

# पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुऐ लोगों को दी श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण**
**अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**

चोलापुर थाना क्षेत्र के धरसौना बाजार में आज सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के युवा मोर्चा के ज़िला अध्यक्ष विशाल चौबे एवं समाजसेवी आशीष चौबे के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। पार्टी कार्यकताओं ने पहलगाम में निर्दोष भारतीय नागरिकों की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका और ह्रपाकिस्तान मुदार्बाद, पाकिस्तान होश में आओ जैसे नारे लगाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से सौरभ चौबे, अभिषेक यादव



डीएम, बृजेश मिश्रा, श्रवण राजभर, प्रदुम चौहान, आशीष राजभर समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से मांग की कि पाकिस्तान के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी कायराना हरकतें दोबारा न हो सकें।

# किसान नेता की चौथी पुण्यतिथि में पहुचे कैबिनेट मंत्री

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**

क्षेत्र के करेमुआ निवासी रहे किसान नेता कर्मवीर चौहान की चौथी पुण्यतिथि पर शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर उनके निवास स्थान पहुच कर चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ने कहाकि किसान नेता रहे कर्मवीर चौहान हमेशा किसानों



के हितों के लिए संघर्ष किया। आज उनका पुत्र व पार्टी का प्रदेश महासचिव गणेश चौहान जनता व किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष कर रहा है। यह परिवार समाज के समस्याओं को लेकर संघर्षशील रहा है। इस दौरान जिला अध्यक्ष उमेश राजभर, राजेश यादव , नित्यानंद पांडे, महेश जयसवाल , सूबेदार चौहान , चन्द्रशेखर चौहान , जियालाल ,आर्यन चौहान, छोटेलाल बनारसी , ग्राम प्रधान अनिल कुमार, हर्ष राजभर, कुलदीप राजभर समेत अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हेमंत पटेल के हत्यारे को मिलेगा कड़ी सजा डॉ सुनील पटेल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

पिंडरा विधानसभा क्षेत्र के मरूई निवासी अधिवक्ता कैलाश चंद्र पटेल के 18 वर्षीय पुत्र हेमंत पटेल की नटीनियां दाई ( खुशहाल नगर ) स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में स्कूल प्रबंधक के पुत्र द्वारा साजिश कर हत्या के उपरांत अधिवक्ता कैलाश चंद्र पटेल जी के मरूई स्थित आवास पर पहुंचकर स्व.



हेमंत पटेल के परिवार वालों से मुलाकात व परिवार वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करने पहुंचे रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने पुलिस कमिश्नर ऑफ वाराणसी को फोन कर हत्याकांड की जांच कर सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई हेतु बात की।साथ में राजेंद्र पटेल , राजेश वर्मा , जय सिंह पटेल , अवधेश पटेल , सत्यम पटेल , मुन्नालाल पटेल , राहुल पटेल , अनुराग पटेल , सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# घर से बाजार गया चालक हुआ गायब, गुमसुदगी दर्ज

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रहलादपुर गांव निवासी टोटो चालक के अचानक गायब होने से किसी अनहोनी की आंशका में पत्नी ने पुलिस से गुहार लगाई। पीड़िता ममता मोदनवाल ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि उसका पति संजय मोदनवाल टोटो चालक है और 16 अप्रैल को वह घर पर आए और कुछ देर बाद अपने बेटे प्रवज्जल से यह कहकर गए कि थोड़ी देर में फूलपुर बाजार से आता हूं। लेकिन तब से घर नही लौटे, उनका मोबाइल भी अब नही मिल पा रहा है। जिससे पूरा परिवार अनहोनी की आंशका में परेशान है। पुलिस ने गुमसुदगी की रपट दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।

# आखिर ऐसे कब तक होता रहेगा क्राइम

**बाइक सवार से चेन छिनैती**
**दैनिक समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**

चोलापुर थाना क्षेत्र के बेला गांव समीप बेला पहाड़िया मार्ग पर गुरुवार रात्रि बाइक सवार युवक से बाइक व चेन लूटने का प्रयास किए जाने का मामला प्रकाश में आया है, हालांकि लुटेरे चेन छीन कर भागने में सफल रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौबेपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर ग्राम निवासी प्रिंस चतुर्वेदी की चोलापुर थाना क्षेत्र के बेला त्रिमुहानी पर मेडिकल स्टोर है। रोज की भांति गुरुवार शाम को दुकान बंद कर देना पहाड़िया मार्ग से अपने घर जा रहे थे इस दौरान कृष्ण महाविद्यालय के समय पुलिया के पास दो बाइक सवार तीन बदमाशों ने प्रिंस के गर्दन पर पीछे से किसी हथियार से वार किया तथा जबरन रोककर बाइक व अपना सामान लूटने का प्रयास किया। प्रिंस बाइक लेकरगिरते गिरते बचा तथा वहां से अपनी जान बचाकर वापस बेला गांव की तरफ भागा। तहरीर के अनुसार प्रिंस के गले से सोने की चेन नोच बदमाश भाग निकले। पीड़ित ने चोलापुर थाने पर तहरीर देते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की गुहार लगायी।

# मृत छात्र हेमंत के घर पहुचे विधायक, दिलाया न्याय का भरोसा

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**

सिंधोरा थाना क्षेत्र के मरुई गांव निवासी एडवोकेट कैलाश वर्मा के पुत्र हेमंत वर्मा की गोली से मौत होने पर शुक्रवार को सिराथू विधायक पल्लवी पटेल और रोहनिया विधायक सुनील पटेल शोक संवेदना व्यक्त करने पहुँचे। विदित हो कि ज्ञानदीप इंग्लिश स्कूल के प्रबंधक पुत्र द्वारा तीन दिन पूर्व हेमंत की



गोली मारकर हत्या करने से पूरा गांव जहाँ हतप्रभ है वही परिवार के लोग गम में डूबे हुए हैं। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। उसी क्रम में शुक्रवार को सिराथू विधायक पल्लवी पटेल व रोहनिया सुनील पटेल भी मृतक के घर पहुचे और परिजनों को सांत्वना दी और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान अपना दल कृष्णा गुट व सोनेलाल गुट के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वही दूसरी तरफ पिंडरा तहसील के अधिवक्ता दूसरे तीसरे दिन भी साथी पुत्र के हत्या के विरोध में न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और पुलिस कमिश्नर से मिलकर आरोपी पुत्र और पिता को फांसी दिलाने की मांग की। इस दौरान तहसील बार अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल के नेतृत्व में दर्जनो वकील कमिश्नर के पास पहुचे थे।

# दिल्ली की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए नई कमेटी गठित– PWD, ट्रैफिक पुलिस और विशेषज्ञ मिलकर करेंगे काम

**समाज जागरण**
**नई दिल्ली, 25 अप्रैलः (सुषमा रानी)**

दिल्ली की सड़कों को जाम मुक्त और सुगम यातायात व्यवस्था से लैस करने के उद्देश्य से आज एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने की। बैठक में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, ढहऊ के वरिष्ठ अधिकारी और ट्रैफिक मैनेजमेंट से जुड़े विशेषज्ञों की तीन अलग-अलग कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सभी पक्षों ने ट्रैफिक जाम की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा की और राजधानी में ट्रैफिक प्रबंधन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सुधारने के तरीकों पर विचार किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था–दिल्ली की सड़कों को सुचारु बनाने के लिए एक दीर्घकालिक और टिकाऊ समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एक संयुक्त उच्च स्तरीय कमेटी गठित की जाएगी जिसमें PWD, ट्रैफिक पुलिस और विशेषज्ञ कंपनियों के प्रतिनिधि होंगे। यह कमेटी प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले मार्गों और ट्रैफिक सिग्नलों की समीक्षा कर यह तय करेगी कि कहाँ और कैसे बदलाव किए जाएं। तीनों संस्थाएं आपसी समन्वय से इन बदलावों को जमीन पर लागू करेंगी।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने पहले ही 538 ऐसे स्थलों की सूची ढहऊ को दी है जहां ट्रैफिक सुधार की आवश्यकता है। यह सभी स्थान मुख्यतः वे सड़कें हैं जो ढहऊ के अधिकार क्षेत्र में आती हैं। इस सूची पर नई गठित समिति प्राथमिकता के आधार पर काम करेगी।



आज की बैठक में जिन प्रमुख स्थलों पर विशेषज्ञों ने प्रस्तुतियाँ दीं, उनमें मेटकॉफ हाउस, किंग्सवे कैंप, आजादपुर और मधुबन चौक शामिल थे। इन स्थानों पर यातायात का दबाव अधिक रहता है और विशेषज्ञों ने वहां व्यावहारिक समाधान सुझाए – जैसे अतिरिक्त यू-टर्न लेन बनाना, फुटओवर ब्रिज बनाना, सिग्नल की टाइमिंग बदलना या सड़कों की चौड़ाई में बदलाव करना। इस समिति की कार्यप्रणाली स्पष्ट रूप से तय की गई है। यह कमेटी हर महीने बड़े और प्रमुख ट्रैफिक प्वाइंट्स पर चर्चा कर अपनी सिफारिशें ढहऊ मंत्री के समक्ष रखेगी। इन पर मंत्री प्रवेश साहिब सिंह की अध्यक्षता में अंतिम निर्णय होगा। वहीं, छोटे और स्थानीय स्तर की समस्याओं पर यह कमेटी हर सप्ताह निर्णय लेकर तुरंत अमल कराएगी।

**इस समिति के प्रमुख उद्देश्य होंगे:**

- ट्रैफिक जाम में कमीः भीड़भाड़ वाले इलाकों की पहचान कर वहां सड़क चौड़ीकरण, यू-टर्न सुधार, सिग्नल रिडिजाइन जैसे उपाय लागू करना।
- डेटा आधारित निर्णयः ट्रैफिक फ्लो, वाहन गति और ट्रैफिक वॉल्यूम के आंकड़ों के आधार पर योजनाएं बनाना।
- सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देनाः दुर्घटनाग्रस्त इलाकों की पहचान कर वहां जेब्रा क्रॉसिंग, रंबल स्ट्रिप्स और चेतावनी संकेतक लगाना।
- बेहतर रूट प्लानिंगः वैकल्पिक मार्गों को विकसित करना ताकि दबाव वाले रूट्स पर ट्रैफिक कम हो।
- सिग्नल सिस्टम को बेहतर बनानाः ट्रैफिक लाइट्स की टाइमिंग को ट्रैफिक के अनुसार ऑटोमैटिक करना और सभी सिग्नलों को एक नेटवर्क से जोड़ना।
- विस्तृत निगरानी प्रणालीः शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर निगरानी के लिए कैमरों और कंट्रोल रूम का सशक्तीकरण।

**इस अवसर पर प्रवेश साहिब सिंह ने कहाः**
दिल्ली की जनता हर दिन सड़कों पर ट्रैफिक से परेशान होती है। आज की बैठक और इसमें लिए गए निर्णय आने वाले समय में राजधानी की तस्वीर बदलेंगे। हम सभी विभागों और विशेषज्ञों के सहयोग से एक नई शुरूआत कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य केवल सड़कों की मरम्मत या निर्माण नहीं, बल्कि दिल्ली की ट्रैफिक व्यवस्था को एक नया मॉडल बनाना है।

ढहऊ मंत्री ने सभी विभागों से अपील की कि वे मिलकर काम करें, समयबद्ध तरीके से योजनाएं बनाएं और तय समय में लागू करें। उन्होंने यह भी कहा कि आम लोगों से भी सुझाव मांगे जाएंगे ताकि योजना में जनभावना का भी समावेश हो। कमेटी की अगली बैठक 15 मई को आयोजित की जाएगी, जिसमें पहले प्रस्तुत किए गए स्थलों की समीक्षा के साथ-साथ अन्य नए प्वाइंट्स पर भी चर्चा की जाएगी।

# *सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन ने मिलकर बनाई इंटरनेशनल थ्रिलर व्हाइट, जिसमें गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की भूमिका में विक्रांत मैसी होंगे*

**समाज जागरण**
**मुख्य संवाददाता**

*मुंबई, 25 अप्रैल* – पठान, वॉर और फाइटर के लिए मशहूर फिल्ममेकर सिद्धार्थ आनंद ने अपने बैनर मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के तहत, महावीर जैन फिल्म्स के माध्यम से, उंचाई और नागजिला फेम के प्रोड्यूसर महावीर जैन के साथ मिलकर अपने अगले महत्वाकांक्षी सहयोग की घोषणा की हैः व्हाइट नामक एक इंटरनेशनल प्रोडक्शन। एक बेहतरीन ग्लोबल थ्रिलर, व्हाइट में बहुमुखी प्रतिभा के धनी विक्रांत मैसी प्रसिद्ध आध्यात्मिक नेता और मानवतावादी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की भूमिका में होंगे।

कोलंबिया में प्रोडक्शन की तैयारियां चल रही हैं, जिसकी शूटिंग इस जुलाई में शुरू होने वाली है। यह फिल्म कोलंबिया के क्रूर 52 साल लंबे गृहयुद्ध के समाधान की शक्तिशाली और प्रेरक कहानी को दशार्ने के लिए एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय क्रू को साथ लाती है - आधुनिक शांति-निर्माण का एक बड़ा अनकहा अध्याय। मैसी की भागीदारी के बारे में अटकलें तब शुरू हुईं जब अभिनेता को काफी लंबे बाल रखते हुए और शारीरिक परिवर्तन करते हुए देखा गया, जो गहरी आध्यात्मिक उपस्थिति वाले चरित्र के लिए उनकी तैयारी का संकेत देता है। 12वीं फेल और साबरमती रिपोर्ट जैसी फिल्मों में समीक्षकों द्वारा प्रशंसित अभिनय के साथ, विक्रांत मैसी उल्लेखनीय परिवर्तनों से गुजरने की अपनी क्षमता से प्रभावित करना जारी रखते हैं।



व्हाइट का निर्देशन प्रसिद्ध विज्ञापन फिल्म निमार्ता मोंटू बस्सी द्वारा किया जाएगा और पीसक्राफ्ट पिक्चर्स द्वारा सह-निर्मित, सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन की पावरहाउस जोड़ी के साथ। सिद्धार्थ आनंद की व्हाइट इस बात पर प्रकाश डालने का प्रयास करती है कि कैसे प्राचीन भारतीय ज्ञान ने इतिहास के सबसे लंबे समय तक चलने वाले संघर्षों में से एक को हल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिनेमा और कहानी कहने में अपने प्रभावशाली काम के लिए जाने जाने वाले रचनाकारों की एक शानदार टीम के साथ, व्हाइट भारत से एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय उत्पादन बनने के लिए तैयार है - जो वैश्विक दर्शकों के लिए शांति और मानवता की एक महत्वपूर्ण, कम ज्ञात कहानी ला रहा है।

# नवनिर्वाचित महापौर शीघ्र स्थाई समिति का गठन सुनिश्चित करेंगे ताकि दिल्ली वालों को ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ अतिशीघ्र मिलना शुरू हो -- *वीरेन्द्र सचदेवा*

**समाज जागरण**
**मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी**

नई दिल्ली 25 अप्रैल : दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने भाजपा प्रत्याशियों सरदार राजा इकबाल सिंह को दिल्ली नगर निगम का महापौर एवं जय भगवान यादव को उप महापौर चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाऐ दी हैं।



सचदेवा ने कहा है की दिल्ली नगर निगम में भाजपा का महापौर एवं उप महापौर चुने जाने के साथ ही निगम का प्रशासन एवं नागरिक सेवाएं सुचारू रूप से चलने की राह प्रारब्ध हुई है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की नये महापौर शीघ्र दिल्ली नगर निगम की स्थाई समिति के गठन की राह खोलेंगे ताकि निगम के आर्थिक एवं प्रशासनिक निर्णय पुनः दिल्ली नगर निगम एक्ट 1957 के अनुसार होना शुरू हो सकें। इसके लिए नवनिर्वाचित महापौर शीघ्र स्थाई समिति का गठन सुनिश्चित करेंगे ताकि दिल्ली वालों को ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ अतिशीघ्र मिलना शुरू हो।

# *सांसद प्रवीन खंडेलवाल चांदनी चौक में व्यापारियों द्वारा आयोजित आतंकवाद विरोधी मार्च में सम्मिलित हुए*

**समाज जागरण**
**मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी**

नई दिल्ली 25 अप्रैल : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के व्यापारियों द्वारा आज अपनी व्यपारिक गतिविधियाँ स्थगित कर पहलगाम में 27 निदोर्षों की निर्मम हत्या करने के दोषी मुस्लिम आतंकियो पर भारत सरकार की सख्त कार्यवाई का समर्थन करने के लिए आभार प्रकट किया है।

चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल आज चांदनी चौक एवं पुरानी दिल्ली के सभी थोक बाजारों में पूर्ण बंध के दौरान कपड़ा व्यापारियों की सर्वोच्च संस्था दिल्ली हिन्दुस्तानी मार्केंटाइल एसोसिएशन द्वारा आयोजित आतंकवाद विरोधी मार्च में सम्मिलित हुए। इस मार्च में पुरानी दिल्ली की किराना, ड्राई फ्रूट, कैमीकल, अनाज, लोहा, बुलियान, स्टेशनरी, बिजली समान की मार्किट एसोसिएशन के पदधिकारियों के साथ ही दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, पूर्व पार्षद सुमन कुमार गुप्ता एवं सतीश जैन आदि



भाजपा कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर एकत्र पुरानी दिल्ली के व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा की जब जब देश पर कोई संकट आया है तब तब दिल्ली एवं देश के व्यापारियों ने सरकार को अपना पूरा योगदान एवं आर्थिक समर्थन भी दिया है और मै व्यापारियों का वंदन करता हूं

उन्होने कहा की आज जिस तरह दिल्ली के व्यापारियों ने बिना किसी राजनीतिक आव्हान के भारत सरकार की आतंकवाद समर्थक पाकिस्तान पर सख्त कार्यवाई के निर्णय को व्यापार बंध रख समर्थन दिया है उसके लिए व्यापारियों को साधुवाद है।

श्री खंडेलवाल ने कहा की दरियागंज, जामा मस्जिद, दरीबा, चावड़ी, नई सड़क, लाल कुआं, नया बांस, खारी बावली, नया बाजार, सदर बाजार, मोरी गेट के व्यापारियों के साथ ही चांदनी चौक के कपड़ा व्यापारियों एवं हलवाईयों ने पूर्ण बंध रखा जिसमे 1500 करोड़ रूपए से अधिक का व्यपार स्थगित हुआ। आज 1500 करोड़ रुपए जैसी बड़ी राशि का व्यपार स्थगित कर दिल्ली के व्यापारियों ने स्थापित कर दिया की उनके लिए धन से अधिक देश की सुरक्षा महत्वपूर्ण है।

# ब्रह्मपुरा ने कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पंजाब और चंडीगढ़ पुलिस प्रमुखों को पत्र लिखा

## हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 25 अप्रैल : शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पंजाब और यूटी चंडीगढ़ में पढ़ रहे कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। इस संवेदनशील मुद्दे पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) और यूटी चंडीगढ़ पुलिस को अलग-अलग पत्र लिखकर तुरंत ध्यान देने की अपील की है।श्री ब्रह्मपुरा ने अपने पत्रों के माध्यम से इस बात पर जोर दिया कि पहलगाम हमले के बाद कुछ शरारती तत्वों द्वारा कश्मीरी छात्रों को निशाना



बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन छात्रों के साथ भेदभाव किया जा रहा है, उन्हें बिना किसी कारण के परेशान और अपमानित किया जा रहा है और दुर्भाग्यपूर्ण घटना को उनके धर्म या मूल से जोड़कर उनके साथ अन्याय किया जा रहा है, जिसके कारण छात्रों में डर और दहशत का माहौल है। श्री ब्रह्मपुरा ने दोनों पुलिस प्रमुखों से पंजाब और चंडीगढ़ में बड़ी संख्या में मौजूद कश्मीरी छात्रों की जान-माल की सुरक्षा के लिए तत्काल सख्त और पुख्ता सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने की पुरजोर अपील की है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इन छात्रों को जानबूझकर परेशान करने वाले शरारती तत्वों की पहचान की जानी चाहिए और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और पंजाब के भाईचारे और आम भलाई की भावना को कायम रखा जा सके। इस बीच, श्री ब्रह्मपुरा ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति या संकट की स्थिति में कश्मीरी छात्रों की तत्काल मदद के लिए कल उनकी ओर से एक हेल्पलाइन नंबर 8810678310 भी जारी किया गया है, ताकि जरूरतमंद छात्र उनसे सीधे संपर्क कर सकें।

# डॉ. गुरबिंदर कौर को गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्किल ने किया सम्मानित

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ**

जैतो, 25 अप्रैल : यूनिवर्सिटी कॉलेज जैतो के पोस्ट ग्रेजुएट पंजाबी विभाग की सदस्य डॉ. गुरबिंदर कौर बराड़ को उनके विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों और स्टडी सर्किल के कार्यक्रमों में उनकी पूर्ण भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें स्टडी सर्किल द्वारा भेजे गए तेज सिंह और प्रकाश सिंह ने कॉलेज इंचार्ज डॉ. सम्राट खन्ना और पोस्ट ग्रेजुएट पंजाबी विभाग के प्रमुख डॉ. परमिंदर सिंह तग्गड़ की मौजूदगी में सम्मानित किया। कॉलेज इंचार्ज और स्टाफ ने गुरबिंदर कौर को हार्दिक बधाई दी।



डॉ. गुरबिंदर कौर को सम्मानित करते हुए तेज सिंह प्रकाश सिंह डॉ. सम्राट खन्ना और डॉ. परमिंदर सिंह तग्गड़ ।

# जिला फरीदकोट के सरकारी हाई स्कूल ढैपई में नशे के विरुद्ध युद्ध के नारे लेखन प्रतियोगिता करवाई

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो 25 अप्रैल : पंजाब सरकार के निदेर्शानुसार नशे के विरुद्ध युद्ध अभियान के अंतर्गत सरकारी हाई स्कूल ढैपई जिला फरीदकोट में मुख्य अध्यापिका मैडम अमनदीप कौर के कुशल नेतृत्व में नारे लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इससे पहले मुख्य अध्यापिका अमनदीप कौर ने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया




अधिकारी मैडम शिखा गोयल तथा स्कूल अध्यापक परमजीत सिंह, अमनदीप सिंह, प्रमोद धीर, जगरूप भुल्लर, गुरपाल सिंह, करमदीप कौर, पूजा रानी, दलजीत कौर, स्वेता, नीरू गोयल आदि ने भी बच्चों को संबोधित किया तथा नशा न करने के बारे में जागरूक किया।सरकारी हाई स्कूल ढैपई के नारे लेखन प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करती मुख्य अध्यापिका मैडम अमनदीप कौर तथा समस्त स्टाफ।

# एडवोकेट धामी ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व सदस्य मेजर सिंह सावदी के निधन पर दुख जताया

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 25 अप्रैल : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व सदस्य और शिरोमणि अकाली दल के टकसाली नेता स. मेजर सिंह सावदी के निधन पर गहरा दुख जताया है। एडवोकेट धामी ने कहा कि स. मेजर सिंह लंबे समय तक शिरोमणि



गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य रहे और उन्होंने हमेशा अकाली मोर्चों पर आगे रहकर लड़ाई लड़ी। उनके द्वारा दी गई सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक अध्यक्ष ने स. मेजर सिंह के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

# शिवसेना जिला अध्यक्ष संदीप लूंबा ने पहलगाम कश्मीर में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की

**चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**
**दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़/जैतो 25 अप्रैल ;शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे ग्रुप के जिला फरीदकोट अध्यक्ष संदीप लूंबा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में आतंकियों ने करीब 28 हिंदुओं की हत्या कर दी। कुछ दिनों के लिए कश्मीर घूमने गए निहत्थे मासूम लोगों पर उनके घरों में घुसकर हमला किया गया। संदीप लूंबा और उनके साथियों ने पंजाब सरकार और केंद्र सरकार से अनुरोध और अपील की कि इन आतंकी दरिंदों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी दी जाए और सरकार बेवजह मारे गए मासूम निहत्थे लोगों के एक परिवार को नौकरी दे या फिर प्रत्येक परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करे। पहलगाम हत्याकांड की यह घटना




कभी भूलने वाली नहीं है। इसे पाकिस्तान के एक हिस्से में बैठकर सोची-समझी साजिश के तहत अंजाम दिया गया। कत्लेआम हुआ है, यह सही है कि सेना ने एक आतंकी का घर उड़ा दिया और दूसरे के घर पर बुलडोजर चला दिया, लेकिन इतना काफी नहीं है, सरकार को इन आतंकियों को पकड़कर जल्द से जल्द फांसी पर लटका देना चाहिए। संदीप लूंबा व जैतो शहर के विभिन्न धार्मिक व राजनीतिक दलों के लोगों ने पूरे शहर में रोष प्रदर्शन किया। जिसमें संदीप टोनी शर्मा, विजय कृष्ण सूरी, शाम लाल गोयल, सुनील कुमार महेश कुमार, सतीश कुमार भीरी निंदी शर्मा, लविश जिंदल सोनू कोमल शर्मा व समाजसेवी जगदेव ढल्ला, मानक शाह, मन्नू गोयल, भूषण रोमाणा आदि मौजूद रहे। जैतो विधायक अमोलक सिंह भी अपनी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ यहां पहुंचे और इस आतंकी हमले के खिलाफ पूरे बाजार में रोष प्रदर्शन में शामिल हुए।

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम पर उपमंडल स्तरीय बैठक आयोजित

**कालांवाली, 25 अप्रैल (सुरेश जोरासिया)**

अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत शुक्रवार को एसडीएम डबवाली अर्पित संगल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में उपमंडल स्तरीय स्थायी निगरानी समिति तथा मैनुअल स्कैवेंजर्स की पहचान एवं पुनर्वास को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

एसडीएम डबवाली अर्पित संगल ने कहा कि यदि अनुसूचित जाति या जनजाति से संबंधित किसी भी व्यक्ति के प्रति कोई दुर्व्यवहार या अत्याचार होता है, तो संबंधित विभाग तुरंत



कानूनी कार्रवाही करे और पीड़ित को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एससी/एसटी एक्ट के तहत दोषियों के खिलाफ त्वरित रूप से एफआईआर दर्ज की जाए तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे पीड़ितों को समय पर राहत और सहायता राशि प्राप्त हो सके। इस बैठक में डीएसपी कालांवाली संदीप कुमार, सदस्य नरेंद्र कुमार और कद्दू सिंह शामिल रहे।

# संत शिरोमणि रविदास मंदिर व डॉ बी आर अंबेडकर भवन सोलर सिस्टम लगाया गया

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) खंड ओढ़ा के गांव ख्योवाली में संत शिरोमणि रविदास मंदिर व डॉ बी आर अंबेडकर भवन ख्योवाली में स्थित माताश्री चंदोंदेवी लाइब्रेरी में सोलर सिस्टम स्थापित किया गया है। अंबेडकर सभा के प्रधान मास्टर रमन कुमार विराट ने बताया कि लाइब्रेरी में बिजली की किल्लत ओर कट लगने की समस्या से छात्रों को परीक्षा तैयारी करने में बाधा आ रही थी।सभा की और से ब्लॉक समिति के सदस्य श्री वीरेंद्र सहारण को



लाइब्रेरी में आ रही समस्या से अवगत कराया गया। श्री वीरेंद्र सहारण ने इस मांग को उचित मानते हुए दो दिन के अंदर ही सोलर पैनल लगवाकर तुरंत समस्या का समाधान कर आज सोलर सिस्टम को चालू कर करवा दिया।श्री रमन कुमार ने बताया कि संत रविदास मंदिर के प्रांगण में समस्त गांव वासियों व ग्राम पंचायत के सहयोग से सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं तो जनरेटर का प्रबंध करना पड़ता था जो काफी महंगा पड़ता था अब इस समस्या से निजात मिल गई है।ब्लॉक समिति सदस्य श्री वीरेंद्र सहारण द्वारा आज सोलर पैनल का बटन दबाकर शुरूआत की गई।इस मौके पर अजय श्योराण,सुनील श्योराण, मास्टर सतीश विराट, जगदीश विराट,छोटू बाजिया व लाइब्रेरी के छात्र छात्राएं व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जीडीसी मेमोरियल कॉलेज में "लम्हें-2025" विदाई समारोह का आयोजन

## ताजपोसी समारोह' में निर्णायक मंडल ने स्नातक विभाग से मिस्टर पर्सनालिटी मुनीष कुमार, बीए तृतीय वर्ष, मिस पर्सनालिटी कल्पना यादव को चुना गया

**दैनिक समाज जागरण,( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 25, अप्रैल। स्थानीय बी.आर.सी.एम. शिक्षण संस्थान बहल के 'एम. के. चौधरी सेमिनार हॉल बीआरसीएम विद्याग्राम कैंपस' में जी.डी.सी. मेमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह "लम्हे-2025" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या व गीत- संगीत की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख मुख्य अतिथि डॉ. अनुज कुमार शर्मा, प्राचार्य बीआरसीएम सीईटी, डॉ. एस. के. सिन्हा निदेशक बीआरसीएम एजुकेशन सोसाइटी एवं जीडीसी प्राचार्य , डॉ सुनील कुमार शुक्ला प्राचार्य बीआरसीएम लॉ कॉलेज, श्री संदीप टंडन प्रधानाचार्य बीआरसीएम शिशु कुंज तथा प्रधानाचार्य श्री राजेश झाझडिया बीआरसीएम ज्ञान कुंज, बहल) के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के आगमन से सभागृह लबा-लब भर गया ।वरिष्ठ कक्षा के छात्रों द्वारा अतिथियों एवं वरिष्ठ जनों का स्वागत बड़ी खुशी से किया गया क सम्माननीय व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट करके स्वागत किया गया। तथा "रैंप वॉक राउंड" के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आदरणीय बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक महोदय, डॉ. एस.के. सिन्हा ने महाविद्यालय से विदाई ले रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने जीवन में उच्च-लक्ष्य, शिक्षा के महत्व, अनुशासन, संस्कार, संस्कृति, सेवा- भाव, उत्तम व्यक्तित्व तथा आज्ञाकारिता आदि गुणों को अपनाते हुए अपने जीवन को सफल बनाने का संदेश व आशीर्वाद दिया । अपने महाविद्यालय का, स्वयं का, परिवार का, राज्य का तथा देश का नाम रोशन करने को कहा । उन्होंने महाविद्यालय से विदाई लेने वाले विद्यार्थियों से ऐसी उम्मीद की कि उनके अनुगामी विद्यार्थी उनसे कुछ अच्छी सीख ग्रहण करेंगे। तत्पश्चात प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने 'टैलेंट राउंड' में कविता, पंजाबी, राजस्थानी, हिंदी तथा हरियाणवी गीत एवं नृत्य आदि कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति दी।

कल्पना, मनीषा, रोशनी, हिमानी, अर्पणा, कौशल्या, सीमा स्नातक एवं स्नातकोत्र की छात्राओं ने 'सोलो डांस' में गजब ढ़ाया व दर्शकों का मन मोह लिया।इसी के साथ 'हरियाणवी पॉप एकल नृत्य' में(कल्पना बी.ए. तृतीय एवं रोशनी एम.ए. इतिहास द्वितीय वर्ष) कि छात्रों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।कार्यक्रम की प्रस्तुति बड़ी धूमधाम से हुई। कार्यक्रम के दौरान गीत संगीत का माहौल बना रहा। महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापकगण व अन्य सहकर्मी कर्मचारीगण में भी अपने प्रिय छात्रों से बिछड़ने का दुख दिखाई दिया।

'प्रश्न -उत्तर राउंड' में मुख्य अतिथि व अन्य सम्माननीय अतिथियों ने कार्यक्रम में विजित व उत्तम प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों से शिक्षा, ज्ञान व उनके करियर से संबंधित प्रश्न पूछे। स्नातक अध्यक्ष डॉ उपेंद्र प्रसाद ने समारोह में पहुंचे सभी मेहमानों व प्यारे बच्चों का महाविद्यालय परिवार की ओर से आभार प्रकट किया ।

# एएसआई राजबीर सिंह फौजी एवं जगबीर सिंह चैहड़कलां के पिता चौ.फूलसिंह श्योराण का गत दिवस हृदय गति रुकने से निधन

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 25 अप्रैल। लोहारू बार एसोसिएशन के सचिव एवं अधिवक्ता विकास श्योराण के दादा व एएसआई राजबीर सिंह फौजी व जगबीर सिंह चैहड़कलां के पिता चौ.फूलसिंह श्योराण का गत दिवस निधन हो गया है। वे 87 वर्ष के थे और अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उनके निधन पर क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक पार्टी के नेताओं, पंचायत प्रतिनिधियों, समाजिक संगठनों के लोगों सहित लोहारू व भिवानी बार एसोसिएशन के सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# श्री श्याम बाबा की झांकी रहीं भक्तों का आकर्षण का केंद्र

## श्री श्याम मित्र मंडल बहल द्वारा चौथे श्री श्याम संकीर्तन आयोजन से पूर्व निशान यात्रा का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 25 अप्रैल। श्री श्याम मित्र मंडल बहल द्वारा चौथे श्री श्याम संकीर्तन आयोजन से पूर्व निशान यात्रा का आयोजन किया। जिसमें कि कस्बे की सैकड़ो महिलाओं वी लोगों ने श्रीश्याम निसान यात्रा में भाग लेकर खाटू वाले बाबा का गुणगान किया। श्री श्याम मंदिर से पूजा अर्चना के उपरांत निशान यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों, सार्वजनिक चौक, चौराहों, मुख्य बाजारों से गुजरती हुई संकीर्तन स्थल श्री कृष्ण वाटिका पहुंची। जहां निशान यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। श्री श्याम के जयकारे से निकली ध्वज निशान यात्रा कस्बे के लोगों की आस्था और श्रद्धा का केंद्र रही लोगों ने जगह-जगह पर यात्रियों को शर्बत व जलपान कराया और प्रसाद का वितरण किया। यात्रा में श्री श्याम बाबा की झांकी भी भक्तों का आकर्षण का केंद्र रही और लोगों ने माथा टेक आशीर्वाद लिया। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा यह चौथा आयोजन किया जा रहा है और इसमें श्री श्याम प्रभु के भजन कलाकारों को आमंत्रित किया गया है जो शुक्रवार शाम से शनिवार भौर काल तक श्री श्याम प्रभु के अपनी भजन रचनाओं से गुणगान करेंगे और शनिवार को विधिवत्त प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# तनाव : कारण एवं निवारण विषयक सेमिनार का आयोजन

**ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में आयोजित सेमिनार में वक्ताओं ने तनाव से बचाव के उपायों पर डाली रोशनी**



**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग द्वारा शुक्रवार को हृतनाव : कारण एवं निवारणहृ विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में तनाव एक सामान्य लेकिन गंभीर समस्या बन गई है। युवा, बच्चे और बुजुर्ग - सभी किसी न किसी रूप में तनाव से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि तनाव शरीर की एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है, जो दबाव की स्थिति में उत्पन्न होती है। हल्का तनाव हमारे लिए उपयोगी हो सकता है क्योंकि यह प्रदर्शन को बेहतर बनाता है, लेकिन अत्यधिक तनाव मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध होता है।

**वर्तमान में जीना है तनावमुक्त जीवन का मूलमंत्र**

सेमिनार के विशिष्ट अतिथि डॉ. सुधांशु शेखर ने अपने वक्तव्य में कहा कि जब व्यक्ति अतीत की घटनाओं से आक्रांत होता है और भविष्य की अत्यधिक चिंता करता है, तो तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि हमें वर्तमान में जीना चाहिए और निष्काम भाव से कर्म करते रहना चाहिए, ताकि हम मानसिक संतुलन बनाए रख सकें।

**तनाव के दुष्परिणाम और उपचार पर चर्चा**

कार्यक्रम का संचालन करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि लंबे समय तक बने रहने वाला तनाव न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि तनाव के कारण शरीर में कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जैसे - वजन में गिरावट, नींद की गड़बड़ी, पाचन संबंधी समस्या आदि। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि वे तनाव के कारणों को पहचानें और समय रहते उपचार करें।

**स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल**

धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मधुनंदा ने किया। उन्होंने कहा कि तनाव से बचने के लिए हमें स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। नियमित रूप से योग और ध्यान करना, अच्छा संगीत सुनना, और पर्याप्त नींद लेना तनाव को दूर करने के प्रभावी उपाय हैं।

**छात्रों की विशेष सहभागिता**

इस सेमिनार में यू.जी. चतुर्थ सेमेस्टर के अनेक छात्र-छात्राएं सक्रिय रूप से शामिल रहे। उपस्थित छात्रों में प्रमुख नाम इस प्रकार हैं: विकास, चंदा, मौसम, सिक्की, राधिका, रानी, रेखा, नीमा, अनीता, गुंजन, सिंपल, अनोखा, हिमांशु, उषा, आरती, रोशनी खातून, अभिलाषा, बाबुल, अमन, अस्मिता एवं मुस्कान। सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को तनाव के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना और एक स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था, जिसे सभी प्रतिभागियों ने सराहा।

# स्वच्छता एवं पोषण पखवारा पर जेनिथ पब्लिक स्कूल, जोगबनी में विविध गतिविधियाँ आयोजित

**छात्रों ने गाँव में चलाया जागरूकता अभियान, पेंटिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा**




**दैनिक समाज जागरण जोगबनी।** सी बी एस ई , नई दिल्ली के निदेशानुसार स्वच्छता एवं पोषण पखवारा के अंतर्गत शुक्रवार को स्थानीय जेनिथ पब्लिक स्कूल, जोगबनी में एक दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वच्छता व पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया। कार्यक्रम की शुरूआत पेंटिंग प्रतियोगिता से हुई, जिसमें बच्चों ने स्वच्छता, पोषण, संतुलित आहार और स्वास्थ्य विषयों पर प्रेरक चित्र प्रस्तुत किए। इसके पश्चात वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने तर्कपूर्ण विचार रखे। दोनों प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और चिंतनशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गाँव में चला जागरूकता अभियान छात्रों की एक टीम ने गाँव जाकर महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित आहार, स्वच्छता के नियम, पोषण युक्त भोजन, हाथ धोने की आदत, एवं खुले में शौच से बचाव जैसे विषयों पर जागरूक किया। बच्चों ने स्थानीय भाषा में जानकारी देकर आमजन से संवाद स्थापित किया।

**प्रिंसिपल कविता खान ने दिलाई विशेष शपथ**

विद्यालय की प्राचार्या कविता खान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्रों से कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति समाज की सबसे बड़ी पूंजी होता है। यदि हम स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें, तो एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है ह्व उन्होंने सभी छात्रों को जंक फूड का बहिष्कार करने और स्वस्थ एवं पोषणयुक्त आहार अपनाने की शपथ दिलाई।

**शिक्षकों और समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका**

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों एवं समन्वयकों ने अत्यंत सक्रिय भूमिका निभाई। इनमें प्रमुख रूप से शामिल थे:राजीव भट्टाचार्य (सीनियर कोऑर्डिनेटर), राजू झा (कोऑर्डिनेटर) , इरफान अली, विवेक गुप्ता, गणेश ठाकुर एवं पायल लड्डा। इन्हीं के समन्वय और मार्गदर्शन में सभी गतिविधियाँ सफलता पूर्वक संपन्न हुईं।

**छात्रों में उत्साह और सामाजिक जागरूकता**

पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों का उत्साह देखने योग्य था। उन्होंने न केवल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए गाँव में सक्रियता से कार्य किया। विद्यालय के इस प्रयास ने छात्रों को व्यवहारिक शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा की भावना से भी जोड़ा।

**समापन समारोह में सम्मान और प्रोत्साहन**

कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया और उन्हें आगे भी ऐसे सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# डीबीकेएन कॉलेज, नरहन में समाज विज्ञान कांग्रेस को लेकर आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न

**दो तकनीकी सत्र एवं समापन समारोह आयोजित करने पर सर्वसम्मति, आयोजन को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा**



**दैनिक समाज जागरण रोसड़ा।** यूआर कॉलेज, रोसड़ा एवं डीबीकेएन कॉलेज, नरहन के संयुक्त तत्वावधान में प्रस्तावित चतुर्थ बिहार समाज विज्ञान कांग्रेस के सफल आयोजन हेतु डीबीकेएन कॉलेज, नरहन में शुक्रवार को आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार सिन्हा ने की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 17 एवं 18 मई, 2025 को आयोजित चतुर्थ बिहार समाज विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत डीबीकेएन कॉलेज परिसर में दो तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा, साथ ही समापन समारोह भी वहीं सम्पन्न होगा। सभी सदस्य बिहार समाज विज्ञान अकादमी की आजीवन सदस्यता ग्रहण कर अपना पंजीयन कराएंगे। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय को पत्र के माध्यम से यह जानकारी दी जाएगी कि यह आयोजन यूआर कॉलेज, रोसड़ा एवं डीबीकेएन कॉलेज, नरहन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता इस बैठक में संचालन समिति एवं शैक्षणिक समिति के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें शामिल हैं: डॉ. घनश्याम राय (संयोजक एवं प्रभारी प्राचार्य, यूआर कॉलेज, रोसड़ा), डॉ. विनय कुमार, डॉ. जाकिर हुसैन, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. अमरेश कुमार सिंह, डॉ. शशि शेखर द्विवेदी, डॉ. दिनेश कुमार राम, डॉ. सौरभ कुमार झा, डॉ. अरुण कुमार राय एवं डॉ. प्रिंस विवेक। बैठक का समापन डॉ. दिनेश कुमार राम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी सदस्यों के सक्रिय योगदान एवं भावी आयोजन के प्रति प्रतिबद्धता के लिए आभार प्रकट किया। यह बैठक आगामी सम्मेलन की योजनाओं को साकार करने की दिशा में एक सुदृढ़ कदम के रूप में देखी जा रही है।

# पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि हेतु छातापुर में कैंडल मार्च आज शाम

**कार्यक्रम की सारी तैयारियाँ पूर्ण, वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा की अगुवाई में होगा आयोजन**

**दैनिक समाज जागरण छातापुर।** पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की याद में 26 अप्रैल (शनिवार) को संध्या 5:30 बजे छातापुर में कैंडल मार्च का आयोजन किया जा रहा है। यह शांति मार्च छातापुर पेट्रोल पंप से दुर्गा मंदिर तक निकाला जाएगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। इस आयोजन की अगुवाई वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पैनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा कर रहे हैं। उन्होंने आमजन से भावुक अपील करते हुए कहा: "हम मौन रहेंगे, पर हमारी लौ बोलेगी–एक दीया इंसानियत के लिए। आतंक का यह दर्द हमें झकझोर गया है। अब वक्त है एकजुट होने का, मानवता के पक्ष में खड़े होने का। आइए, हम सब मिलकर उन निर्दोष आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करें और शांति का संदेश फैलाएं।" मानवता का संदेश फैलाने को संकल्पित यह मार्च, न सिर्फ एक श्रद्धांजलि है, बल्कि यह आतंकवाद के विरुद्ध सामूहिक प्रतिरोध और संवेदनशील समाज की पहचान भी है। बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, समाजसेवी, छात्र, युवा, महिलाएं और स्थानीय नागरिकों के शामिल होने की उम्मीद है। संपूर्ण कार्यक्रम की निगरानी एवं समन्वयन संजीव मिश्रा के नेतृत्व में की जा रही है, और स्थानीय स्वयंसेवकों की सहायता से मार्ग-व्यवस्था, मोमबत्तियों का वितरण, और सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित कर लिए गए हैं।

# समाज में बढ़ती नशाखोरी पर महिलाओं ने जताई गहरी चिंता

**महिला संवाद रथ अभियान के आठवें दिन दीदियों ने सरकार से की सख्त कार्रवाई की मांग, यातायात सुविधाओं को लेकर भी रखी समस्याएं**



**दैनिक समाज जागरण अररिया।** जिला परियोजना समन्वयन इकाई, जीविका अररिया के तत्वावधान में चल रहे महिला संवाद रथ अभियान के आठवें दिन बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और समाज में व्याप्त समस्याओं को लेकर खुलकर अपनी बात रखी।

जहां एक ओर महिलाओं ने सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की, वहीं दूसरी ओर उन्होंने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर गहरी चिंता जताई और इसे रोकने के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की।

**नशे के विकल्प युवाओं को कर रहे बर्बाद**

महिलाओं का कहना था कि शराबबंदी के बावजूद युवा अब स्मैक, नशीली दवाओं और अन्य खतरनाक विकल्पों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो उनके भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है। दीदियों ने चेताया कि यदि इसे समय रहते नहीं रोका गया तो इसका दुष्प्रभाव पूरे समाज पर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि नशाखोरी के इस नए ट्रेंड पर सख्त कानून बनाकर और निगरानी बढ़ाकर इसे तत्काल रोका जाए।

**यातायात सुविधाओं की कमी ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी**

कुछ दीदियों ने गांवों को शहरों से जोड़ने वाली यातायात सुविधाओं की कमी की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने बताया कि गांवों से शहर जाने के लिए सिर्फ ऑटोरिक्शा या निजी वाहन ही विकल्प हैं, जिससे आपात स्थिति में अस्पताल या जरूरी स्थानों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। महिलाओं ने सुझाव दिया कि सरकारी स्तर पर बस या मिनी बस सेवा शुरू की जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी आसानी से शहर तक पहुंच सकें।

**जन-जागरूकता में सहायक बन रहा संवाद रथ**

उल्लेखनीय है कि जिले में 18 महिला संवाद वाहन प्रतिदिन 36 स्थानों पर पहुंच कर दो पालियों (सुबह 9-11 बजे और शाम 4-6 बजे) में सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा कर रहे हैं। इन वाहनों के माध्यम से वीडियो फिल्म के जरिए महिलाओं को बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे- स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य, आजीविका, शिक्षा आदि के बारे में जागरूक किया जा रहा है। यह संवाद रथ अभियान 18 अप्रैल 2025 से शुरू होकर दो महीने तक चलेगा, और इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी, सशक्तिकरण और जागरूकता को बढ़ाना है।

# आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए कड़े कदमों ने भारत की वैश्विक छवि को दी है नई मजबूती: प्रदीप सिंह

**मिथिलांचल-सीमांचल वासियों की ओर से सांसद श्री सिंह का प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को कोटिशः आभार**

**सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने मधुबनी में किया अभूतपूर्व स्वागत, कहा- यह दौरा सिर्फ कार्यक्रम नहीं, विकास का संकल्प है**



**दैनिक समाज जागरण मधुबनी।**

मिथिलांचल बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरती पर एक बार फिर विकास की गूंज सुनाई दी, जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी ने मधुबनी पहुंचकर बिहारवासियों को कई ऐतिहासिक सौगातें दीं। पीएम मोदी का "विकास मंत्र": मिथिला से आत्मनिर्भर भारत की पुकार अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "बिहार अब अभाव का प्रतीक नहीं, अवसर का केन्द्र बनेगा। मिथिला की माटी में जो ऊर्जा है, वो पूरे भारत को दिशा दे सकती है।" प्रधानमंत्री ने कई मल्टी-मॉडल इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, रेल संपर्क, शिक्षा संस्थानों, और स्वास्थ्य सेवाओं का शिलान्यास कर विकास को धरातल पर लाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रदीप कुमार सिंह: सीमांचल की आवाज, संसद में संकल्प सीमांचल क्षेत्र के इकलौते भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा: यह दौरा सिर्फ राजनीतिक नहीं, यह हमारी आकांक्षाओं की पूर्ति का वादा है। सीमांचल और मिथिला को जोड़ने वाले हर पुल, हर योजना में मोदी जी की सोच झलकती है। हम सभी क्षेत्रवासियों की ओर से उनका हृदय से आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आतंक के खिलाफ प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए कड़े कदमों ने भारत की वैश्विक छवि को नई मजबूती दी है। जनता का रिस्पॉन्स: हाईटेक जोश, सोशल मीडिया पर ट्रेंड प्रधानमंत्री के आगमन के साथ ही सोशल मीडिया पर#ModiIn Mithila, # Vikas KaYug,और # Thank You Modi Jiट्रेंड करता रहा। मिथिला और सीमांचल के युवाओं ने ड्रोन वीडियोग्राफी, छएऊ प्रचार वैन, और 360ट लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए इस ऐतिहासिक पल को हर कोने तक पहुंचाया। राजनीतिक संदेश साफ: 2025 और 2029 की रणनीति को मिला नया आयाम राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो यह दौरा केवल परियोजनाओं का लोकार्पण नहीं था, बल्कि यह पूर्वी भारत में भाजपा की रणनीतिक पकड़ को और मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है।

# फैक्टनेब राज्य समिति की बैठक 4 मई को पटना में आयोजित

**शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों के वेतन भुगतान और आंदोलनात्मक कार्यक्रमों पर होगी चर्चा**

**दैनिक समाज जागरण पटना।** बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) की राज्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 4 मई 2025 (रविवार) को सुबह 10:30 बजे से बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन, कदमकुआं, पटना में आयोजित की जाएगी। यह बैठक संगठन की आगामी रणनीतियों और आंदोलनों को लेकर दिशा तय करने हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**बैठक के मुख्य एजेंडे में शामिल हैं**

1. गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि 2. पूर्व में किए गए आन्दोलनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा 3. परीक्षा परिणाम आधारित वेतनानुदान के स्थान पर प्रतिमाह वेतन भुगतान के लिए सरकार के रवैये पर चर्चा 4. भविष्य की आंदोलनात्मक रणनीति पर निर्णय 5. कोष और संगठनात्मक मजबूती पर विचार 6. अन्य विषय, अध्यक्ष की अनुमति से सभी स्तर के पदाधिकारियों से सहभागिता का आग्रह बैठक में राज्य महासंघ के सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय, जिला एवं महाविद्यालय स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति अपेक्षित है। महासंघ ने आग्रह किया है कि सभी साथी निर्धारित समय और स्थान पर पहुंचकर बैठक को सफल बनाएं और साझा मुद्दों पर एकजुटता दिखाएं। नेतृत्वकताओं का आह्वान इस अवसर पर महासंघ के अध्यक्ष डॉ. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा एवं महासचिव प्रो. राजीव रंजन ने शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों से संगठित होकर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि, यह बैठक हमारे अधिकारों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए निर्णायक सिद्ध होगी।

# बाबा सुन्दरनाथ धाम मेला को मिला राज्य स्तरीय दर्जा

**राज्य सरकार का ऐतिहासिक निर्णय, स्थानीय विधायक सह मंत्री विजय कुमार मंडल और सांसद प्रदीप कुमार सिंह को मिली बधाई**



**दैनिक समाज जागरण कुसार्काटा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अररिया जिले के कुसाकांटा प्रखंड स्थित बाबा सुन्दरनाथ धाम (सुन्दरी मठ) मेला को राज्य स्तरीय मेला का दर्जा प्रदान किया है। इस निर्णय के बाद अब यह मेला बिहार राज्य मेला प्राधिकरण के अधीन संचालित होगा। यह निर्णय अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह द्वारा जारी अधिसूचना के तहत लिया गया, जिसमें समाहर्त्ता, अररिया द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्यों का संदर्भ लिया गया है। बाबा सुन्दरनाथ धाम का मंदिर महाभारत काल से जुड़ा हुआ है और इसका धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटकीय महत्व अतुलनीय है।

**महाभारत काल से जुड़ा है मंदिर का इतिहास**

स्थानीय मान्यता के अनुसार, यह मंदिर महाभारत काल से संबंधित है, जब पाण्डवों ने अज्ञातवास के दौरान यहां प्रवास किया था। माता कुन्ती ने यहां पूजा की थी और मंदिर में स्थित शिवलिंग का आकार समय-समय पर बदलने की मान्यता है, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत आस्था का प्रतीक है।

**श्रावण माह और महाशिवरात्रि में लाखों की भीड़**

श्रावण माह में यहां जल चढ़ाने के लिए न केवल बिहार बल्कि नेपाल और भूटान के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में आते हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित विशाल मेला में लगभग 15 दिनों तक हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। पर्यटन को मिलेगा नया आयाम, बेहतर सुविधाओं का इंतजाम राज्य सरकार के इस निर्णय के बाद, मेला स्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता, चिकित्सा, बिजली, यातायात प्रबंधन सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं बेहतर तरीके से प्रदान की जाएंगी, जिससे धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी और इस क्षेत्र में विकास की गति तेज होगी।

**स्थानीय नेताओं को मिली बधाई**

इस ऐतिहासिक फैसले के बाद सीमांचल और मिथिलांचल वासियों ने सुंदरी मठ न्यास समिति के अध्यक्ष स्थानीय विधायक और मंत्री विजय कुमार मंडल तथा स्थानीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह को बधाई दी। उन्होंने इस निर्णय को क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को बढ़ाने वाला कदम बताया। साथ ही, उन्होंने सूबे की एनडीए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह फैसला इलाके के विकास और स्थानीय लोगों के लिए ऐतिहासिक साबित होगा।

**भविष्य में क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बल**

भाजपा और एनडीए कार्यकताओं का मानना है कि यह निर्णय क्षेत्रीय विकास को और गति देगा। विजय कुमार मंडल और प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में सहरसा, अररिया और कुसाकांटा क्षेत्रों को एक नई पहचान मिलेगी और आने वाले समय में यहां पर्यटन के अवसर और बड़ेंगे।

यह निर्णय निश्चित रूप से सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से सीमांचल व मिथिलांचल के विकास में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# प्रिंसिपल प्रो. त्रिलोक नाथ झा के जन्मदिन पर पौधारोपण और सम्मान समारोह, समाजसेवियों और शिक्षाविदों ने दी बधाई

**बखरी कुसाकांटा के डिग्री कॉलेज प्रांगण में पौधा रोपण के साथ प्रो. त्रिलोक नाथ झा के दीघार्यु की कामना, बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल**



**दैनिक समाज जागरण कुसाकांटा** बखरी कुसाकांटा स्थित के एन डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य और समाजसेवी प्रो. त्रिलोक नाथ झा के जन्मदिन के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय कुमार मंडल, समाजसेवी ई. मनोज झा और कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने प्रो. झा को बधाई दी और उनके योगदान की सराहना की। प्रो. त्रिलोक नाथ झा के जन्मदिन पर आयोजित इस कार्यक्रम में दीनानाथ झा, गोलोक नाथ झा, जटाधर झा, पत्रकार प्रो. अनिल कुमार झा, प्रयाग झा, पूर्व मुखिया सुदामा सिंह, रणवीर झा, आशीष कुमार झा, शिक्षिका अस्मिता झा, भुट्टो सुजीत झा, जिला परिषद सदस्य रूपम कुमारी, और प्रतिनिधि अजीत झा सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रो. त्रिलोक नाथ झा को बधाई दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए लोग एकजुट होकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। इस कार्यक्रम के जरिए यह संदेश भी दिया गया कि पर्यावरण की सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, और इस दिशा में छोटे-छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। प्रो. त्रिलोक नाथ झा के प्रति इस सम्मान से यह स्पष्ट होता है कि उनकी शिक्षण और समाजसेवी कार्यों को सभी ने दिल से स्वीकार किया है।

# कैबिनेट मिनिस्टर विजय कुमार मंडल बने सहरसा जिला के प्रभारी मंत्री

**बिहार सरकार ने नई अधिसूचना जारी की, भाजपा-एनडीए कार्यकताओं में हर्ष की लहर**

**दैनिक समाज जागरण बटराहा से लौटकर डा. रूद्र किंकर वर्मा।** बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी महत्वपूर्ण अधिसूचना के तहत सिकटी से भाजपा विधायक एवं राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय कुमार मंडल को सहरसा जिला का प्रभारी मंत्री-सह-अध्यक्ष, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति मनोनीत किया गया है। यह आदेश अधिसूचना सं. 4/मं.स./का.का. (गठन)-1379/10-719 पटना-15 के तहत तत्काल प्रभाव से लागू हुआ है। इस अधिसूचना के अंतर्गत पूर्व में निर्गत सभी अधिसूचनाएं विलोपित कर दी गई हैं और नवगठित प्रभारी मंत्री सूची के अनुसार, विभिन्न जिलों को उनके नए प्रभारी मंत्रियों को सौंपा गया है।



इस निर्णय के तहत विजय कुमार मंडल को सहरसा जिला का नेतृत्व सौंपा गया है। कार्यकताओं में खुशी की लहर, स्वागत में उमड़ा जनसैलाब सहरसा जिला के प्रभारी मंत्री बनाए जाने की सूचना मिलते ही भाजपा एवं एनडीए कार्यकताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक और गणमान्य नागरिक मंत्री विजय कुमार मंडल को बधाई देने उनके बटराहा स्थित आवास पर पहुंचे, जहां गुलदस्ते, माला और मिठाइयों के साथ स्वागत का माहौल बना रहा। भाजपा जिला इकाई के पदाधिकारियों ने इस मनोनयन को क्षेत्र के लिए सम्मान और विकास का अवसर बताया। स्थानीय नेताओं का कहना है कि विजय कुमार मंडल की कर्मठता, जनसंपर्क और संगठन क्षमता से सहरसा जिले को नई ऊंचाई मिलेगी। विकास कार्यों में आएगी तेजी: भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया भाजपा नेताओं ने उम्मीद जताई कि अब सहरसा जिले के योजना, बजट, निगरानी और क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गति आएगी। प्रभारी मंत्री के रूप में विजय कुमार मंडल सीधे जिले की योजनाओं की समीक्षा करेंगे और समयबद्ध कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेंगे। यह निर्णय बिहार सरकार द्वारा विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्रियों के पुनर्गठन की व्यापक प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय विकास योजनाओं में मंत्रालयीय निगरानी और जवाबदेही बढ़ाना है।

# अनंतनाग हमले में शहीद नागरिकों को श्रद्धांजलि, ई. मनोज झा के नेतृत्व में सोहागमारो से निकला कैंडल मार्च

**सिकटी विधानसभा क्षेत्र के प्रबल दावेदार व समाजसेवी ई. मनोज झा ने गांववासियों संग जताया शोक, शांति व एकता का दिया संदेश**

**दैनिक समाज जागरण सिकटी।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की याद में शुक्रवार की शाम को सिकटी विधानसभा क्षेत्र के वरीय समाजसेवी एवं महागठबंधन से संभावित प्रत्याशी ई. मनोज झा के नेतृत्व में एक कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च उनके निज निवास सोहागमारो से आरंभ होकर पूरे गांव से होता हुआ गुंजन चौक तक पहुँचा, जहाँ एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए शहीदों को मौन श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी प्रतिभागियों को शांति और एकता का प्रतीक सफेद गमछा पहनाया गया। ई. मनोज झा ने अपने संबोधन में कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है, और हम सबको मिलकर इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। इस कैंडल मार्च में सभी धर्म, जाति और वर्ग के लोगों ने एक साथ भाग लिया, जिससे सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश गया। लोगों ने मोमबत्तियों की रोशनी में देश के वीरों को नमन किया और देश की अखंडता एवं सुरक्षा के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर स्थानीय लोगों ने भी ई. मनोज झा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल समाज में जागरूकता और एकता की भावना को मजबूत करती है।

# किरतपुर में पहलगाम हमले के विरोध में केंडल मार्च निकाला गया

**समाज जागरण**
**अजमल अंसारी जनपद बिजनौर**



किरतपुर। इंडियन बैकवर्ड कॉन्फ्रेंस शाखा बसी किरतपुर के बैनर तले गुरुवार की शाम जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में एक कैंडल मार्च निकाला गया कैंडल मार्च इंडियन बैकवर्ड कॉन्फ्रेंस के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शोएब के नेतृत्व में नहटौर बस अड्डा स्थित पत्रकार व फोटोग्राफर मोहम्मद परवेज के फोटो स्टूडियो से शुरू हुआ जो बस स्टैंड अंबेडकर तिराहा जैन मंदिर चौराहा तथा सरकारी अस्पताल से होता हुआ पुलिस स्टेशन पहुंचा जहां पर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार को दिया गया जिसमें कहा गया कि हम किरतपुर की शांति प्रिय जनता पहलगाम में हुए हमले से आहत हैं दिल झकझोर देने वाली घटना की जितनी निंदा की जाए कम है हम पीड़ित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं तथा केंद्र सरकार से मांग करते हैं घटना में शामिल आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए समाज के लिए इस तरह की घटना अस्वीकार्य हैं आतंकवाद जड़ से खत्म होना चाहिए तथा आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए तथा मृतकों के परिजनों को समुचित सहायता प्रदान किए जानी चाहिए।

इससे पूर्व कैंडल मार्च में लोग जलती हुई मोमबत्तियां लेकर व नारे लिखि तख्तिया लेकर चल रहे थे तथा आतंकवाद हाय हाय हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान हाय हाय पाकिस्तान मुदार्बाद पहलगाम के आतंकवादियों को फांसी दो आदि नारे लगाते चल रहे थे कैंडल मार्च में सैकड़ो लोग शामिल रहे चौधरी शोएब प्रदेश अध्यक्ष युवा इंडियन बैकवर्ड कांफ्रेंस उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय सचिव युवा राष्ट्रीय लोकदल,मुस्लिम इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल कैप्टन मोहम्मद मजहर नामी, एडवोकेट तल्हा मकरानी, कॉमरेड शमशाद हुसैन, एडवोकेट हसन अली चौधरी,सभासद रहीस खा, पूर्व सभासद इरशाद कांबोज, मास्टर मोहम्मद नवेद, डॉक्टर एहसानुल करीम, हाजी मोहम्मद आफाक ,वसीम राजा प्रधान पति इस्लामपुर शाहली उर्फ मुस्सेपुर,युवा नेता शादान कादरी, नावेद खान, मोहम्मद आमान, अरमान सिद्दीकी ,वरिष्ठ पत्रकार दिलशाद अल्वी, याकूब मलिक, मुशैब सिद्दीकी, मोहम्मद परवेज,रोहिल खान, शरीफ मलिक,साबिर मलिक,शमीम अंसारी, डाक्टर खिजर खान, मोहम्मद आकिल,सलीम राशिद, अजमल अंसारी,कादिर अंसारी,मोहम्मद फैज, मोहम्मद जैद,आसिफ सलमानी, मोहम्मद शहजाद,मोहम्मद अजीम, मोहम्मद अमन,मोहम्मद शाहिद ,आदि सेकडो लोग मौजूद रहे
अंत में कार्यक्रम संयोजक चौधरी शोएब ने सबका आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने सूकरो नदी पर स्थित सेतु के क्षतिग्रस्त पहुँच मार्ग का निरीक्षण किया

**दैनिक जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा सुकरो नदी पर स्थित सेतु के क्षतिग्रस्त पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य तथा लालवाला से सुन्दरवाली सम्पर्क मार्ग पर रपटे के क्षतिग्रस्त पहुँच मार्ग का कार्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण से कराने के सबंध में निरीक्षण एवं सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद के मीटिंग हॉल में बैठक कर विभागीय अधिकारियों के साथ समस्या के समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।
इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नजीबाबाद विजयशंकर, नगीना आशुतोष जैसवाल, डीएफओ नजीबाबाद अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड अफजलगढ़ सहितअन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सूकरो नदी पर स्थित सेतु के क्षतिग्रस्त पहुँच मार्ग का निरीक्षण करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग, वन एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी सामंजस्य से क्षतिग्रस्त मार्ग को रिपेयर करना सुनिश्चित करें तथा इस कार्य में यदि किसी भी प्रकार की रुकावट उत्पन्न होती है तो उनको संज्ञानित करें ताकि उसका सक्षम स्तर से स्थाई समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में पानी के भराव के कारण एप्रोच रोड का कटाव ना होने पाए इसके लिए तीनों विभाग सहमति बनाकर स्थाई समाधान करना सुनिश्चित करें ताकि पानी के कटाव से एप्रोच रोड को कोई नुक्सान न पहुंचे और राष्ट्रीय राजमार्ग भी क्षतिग्रस्त न होने पाए। तदुपरांत उन्होंने नगीना-कोटद्वार रोड स्थित सुकरो पुल एवं उसके एप्रोच रोड का निरीक्षण किया। नदी में बरसात के मौसम में पानी बढ़ने के कारण पुल के एप्रोच रोड को कटाव से सुरक्षित रखने के लिए सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि उक्त समस्या के स्थाई समाधान के लिए कार्य योजना बनाएं और स्वीकृति के लिए शासन को प्रेषित करें ताकि समयपूर्वक कार्य शुरू कराया जा सके ताकि आवागमन प्रभावित न हो सके और आसपास के गांव भी बाढ़ के संकट से प्रभावित न हो। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि वर्षा ऋतु में सुकरो नदी में पानी बढ़ने के फलस्वरूप लालवाला से सुन्दरवाली सम्पर्क मार्ग पर बने रपटे पर कई फुट पानी का बहाव होने की वजह से ग्राम सुंदरवाली सहित अन्य ग्रामों का संपर्क खत्म हो जाता है, जिसके कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और आम ग्रामीणों को भारी असुविधा होती है। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड अफजलगढ़ को निर्देशित किया कि रपटें के स्थान पर सेतु निर्माण के लिए कार्य योजना तैयार करें ओर उनकी ओर से शासन को स्वीकृति के लिए भेजे ताकि इस समस्या का भी स्थाई समाधान किया जा सके।

# "विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा बनाया गया सकारात्मक शैक्षणिक माहौल"

"यूपी बोर्ड की परीक्षा परिणामों में नजर आया"

**समाज जागरण ओंकार दानगंज वाराणसी**



चोलापुर झ यूपी बोर्ड द्वारा शुक्रवार को घोषित हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणामों में चोलापुर क्षेत्र का सरला लर्नस एकेडमी, बाबतपुर-नियार एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सामने आया। हाई स्कूल की छात्रा रागिनी यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया, वहीं वर्षा पांडेय ने 84% अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत का प्रमाण दिया। इंटरमीडिएट की छात्रा गरिमा गुप्ता ने भी 83% अंक हासिल कर स्कूल की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। विद्यालय के प्रबंधक पंकज चौबे ने बताया कि छात्रों और शिक्षकों द्वारा मिलकर जो सकारात्मक और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण तैयार किया गया है, वही परीक्षा परिणामों में स्पष्ट रूप से झलकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय ने हमेशा अभिभावकों के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास किया है और भविष्य में भी इसे कायम रखेगा।
विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज चौबे ने सभी सफल छात्रों और शिक्षकों को मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण संतोष शुक्ला, चंद्रशेखर सिंह, प्रतिमा तिवारी, दिनेश मिश्रा, प्रबल चौबे सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# श्री गणेश शिवनोहर इंटर कॉलेज बनारसीपुर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल

**समाज जागरण एस बी तिवारी बड़ागांव /वाराणसी**

बड़ागांव ब्लाक के श्री गणेश शिवनोहर इंटर कालेज बनारसीपुर के इस विद्यालय में इंटर की छात्रा सना परवीन निवासी बरही नेवादा ने 500 में 423 अंक, साक्षी गुप्ता निवासी बरही नेवादा ने 500 में 412 अंक,रितिका पांडेय निवासी लक्षिमनपुर मढ़ी ने 500 में 403 अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है kवहीं इसी कॉलेज के हाई स्कूल छात्र अखिल श्रीवास्तव निवासी बरही नेवादा ने 600 में 549 अंक, शिल्पी यादव निवासी बरही नेवादा ने 600 में 531 अंक,रंजन खरवार 600 में 515 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है । कॉलेज की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य विजय शंकर पांडेय ने सभी छात्रों को छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# राजेश्वरी बालिका इंटरमीडिएट कालेज की छात्राओं ने मारी बाजी,लक्ष्य के लिए करेंगी संघर्ष

माला पहना मिठाई खिलाकर परिजनों,छात्राओं ने किया स्वागत,बांटी खुशियां

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। यू0पी0 बोर्ड परीक्षा परिणाम आते ही छात्र-छात्राओं में अपने परिणाम जानने के लिए उत्सुकता बढ़ी जिसके लिए कम्प्यूटर पर जानकारी के लिए भीड़ जमा रही। राजेश्वरी बालिका इंटरमीडिएट कालेज ,बैजलपट्टी ,हरहुआ की हाई स्कूल व इंटर की छात्राओं ने इस वर्ष भी बाजी मारी। बालको ने जहां चाह कर भी सफलता पाने में पीछे रह गए। प्रबन्ध निदेशक कौशलेंद्र नारायण सिंह के अनुसार हाई स्कूल में मानवी गुप्ता 89.00% शालू मौर्या 88.00%और रेशमा बानो ने 87.00% तो इंटरमीडिएट की छात्रा इल्तिजा बानो 79.8%, काजल 76.8%,और शाहजादी ने 76.6% अंक प्राप्त कर परिवार सहित विद्यालय का मान बढ़ाया। छात्राओं ने कहा कि वगैर कोचिंग गए ही विद्यालय व घर पर पढ़ाई कर सफलता अर्जित करने पर गर्व महसूस कर रही हूं।आगे भी अपने बड़े लक्ष्य के लिए प्रयास करते रहेंगे। शिक्षकों का सम्मान करते हुए ज्ञान प्राप्त कर उनके आशीर्वाद से बढ़ने का सिलसिला रुकेगा नहीं। विद्यालय में छात्राओं ने माला पहना मिठाई खिलाकर आपस मे खुशियों बांटी। विद्यालय की ओर से छात्राओं को शिक्षकों ने बधाई दी।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाईन में परेड की ली सलामी, किया निरीक्षण।

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह।**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। निरीक्षण के क्रम में महोदय द्वारा यू0पी0-112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी । तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क में स्थित क्वार्टर गार्द पर तैनात सलामी गार्द द्वारा महोदय को सलामी दी गयी जिस पर महोदय द्वारा सलामी का अभिवादन स्वीकार किया तथा कर्मियों की गार्द रजिस्टर पेशी की गई । इस दौरान महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द, स्टोर, परिवहन शाखा, मेस, पुलिस बैरक व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।
पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के नेतृत्व में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने व किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के उद्देश्य से पुलिस लाइन्स चुर्क, सोनभद्र में पुलिस टीम को दंगा/बलवा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिसकर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया व पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके सिखाये गये। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ लाठी चार्ज/आँसू गैस के गोले और दंगाईयों पर रबर के गोले/एंटी राइट गन/रबर बुलेट गन/टीयर गैस गन/ हैंड ग्रेनेड/मिर्ची बम व फायर बिग्रेड आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास किया गया साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास कराया गया। इस दौरान जनपद के समस्थ उच्चाधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# विश्व मलेरिया दिवस जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**
**दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। विकास खंड बभनी के पीएम श्री राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज चपकी में विश्व मलेरिया दिवस पर छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इसके बाद रैली निकाल मलेरिया के प्रति जागरूक किया गया। रैली के माध्यम से लोगों को मच्छरों से होने वाले मलेरिया रोग के बारे में जानकारी दी गई। जागरुकता कार्यक्रम में बताया कि मलेरिया रोग को कम करने और जीवन बचाने के लिए पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनजार्गृति की थीम के साथ इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस मनाया जा रहा है।मलेरिया मच्छर जनित रोग है। इसमें रोगी को सर्दी, सिरदर्द के साथ बार-बार बुखार आता है। इसमें तेज बुखार आता जाता रहता है। गंभीर मामलों में रोगी बेहोश हो सकता या उसकी मौत भी हो सकती है। मलेरिया मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से होता है। गड्ढे और नालियों में जमे पानी में पनपते हैं मलेरिया के मच्छर से बचाव के लिए घर तथा आसपास पानी जमा नहीं होने दें। गड्ढे और नालियों में जमे पानी में मलेरिया के मच्छर पनपते हैं। जानकारी दी कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी में मलेरिया की जांच निशुल्क उपलब्ध है। फैमिली हेल्थ इंडिया एंबेड से रवि शंकर पाण्डेय ने बताया कि यदि किसी को बुखार आता है तो उसे मलेरिया जांच अवश्य करानी चाहिए। साथ ही साथ बताया कि रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मलेरिया से बचने की सलाह देते हुए कहा कि पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े पहनें। इसके बाद मलेरिया दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिससे बच्चों को प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया । साथ ही साथ चित्रकला प्रतियोगिता प्रतिभाग किए हुए सभी छात्र छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया । इस कार्यक्रम में हरीश कुमार, दिलीप कुमार, रत्नेश कुमार पटेल, अजीत कुमार यादव, दिनेश कुमार यादव, कुलदीप यादव, केशव प्रसाद, जितेंद्र कुमार वर्मा राहुल जायसवाल प्रोग्राम एसोसिएट फैमिली हेल्थ इंडिया एंबेड सोनभद्र एवं सभी टीचर, आशा, आशा संगिनी के साथ साथ सभी छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।

# रॉबट्‌र्सगंज पुलिस ने फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह।**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण/नेतृत्व में रॉबट्‌र्सगंज पुलिस द्वारा



मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-368/2025 धारा 333, 64(1), 352, 351(3) बीएनएस व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त मनोज कुमार सिंह पुत्र आदित्य सिंह निवासी मिश्रौलिया थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र को आज दिनांक 25.04.2025 को उरमौरा तिराहा थाना रॉबट्‌र्सगंज जनपद सोनभद्र से समय करीब 11.45 बजे दिन में गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में विहिप के कार्यकताओं ने निकाला मशाल जुलूस

**दैनिक समाज जागरण.**



दुद्धी/ सोनभद्र। कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादी हमले के विरोध में शुक्रवार को देर शाम विश्व हिंदू परिषद दुद्धी के कार्यकताओं ने मशाल जुलूस निकाला.मशाल जुलूस श्री संकट मोचन मंदिर से निकलकर अमवार तिराहे से वापस लौटकर महिला थाना, तहसील मोड़, म्योरपुर मोड़ से पुनः वापस श्री संकट मोचन मंदिर परिसर पहुंचकर सभा मे तब्दील हो गया. भाजपा मंडल अध्यक्ष दुद्धी दीपक शाह, सुरेंद्र अग्रहरि सहित अन्य कार्यकताओं ने पहलगाम की आतंकी घटना का विरोध किया और दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी. कार्यकताओं ने कहा कि पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किया गया कायरतापूर्ण हमला देश की आत्मा पर हमला है. जिसे भारत बर्दाश्त नहीं करेगा. पूरा देश इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व के साथ खड़ा है.इस अवसर पर सुरेंद्र गुप्ता, रवि जायसवाल, आलोक जायसवाल, संदीप गुप्ता, मनीष, सोनू, विकास मद्देशिया, विनोद जायसवाल, सर्वेश मोहन, निरंजन जायसवाल, प्रेमनारायण सिंह मोनू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हिण्डाल्को रेणुकूट को मिला जल सरंक्षण के क्षेत्र में रोटरी सी.एस.आर. अवार्ड।

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह।**



सोनभद्र। हिण्डाल्को रेणुकूट द्वारा नगर एवं आसपास के इलाकों में जल संरक्षण के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने को लेकर रोटरी सी.एस.आर. अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हिण्डाल्को को पुणे महाराष्ट्र में आयोजित भव्य समारोह में दिया गया जहां पुरस्कार प्रदान करने हेतु मुख्य अतिथि के तौर पर वाइस एडमिरल गुरचरन सिंह (कमांडेंट एनडीए, पुणे) मौजूद रहे। गौरतलब है कि, जल संरक्षण आज के युग में सबसे ज्वलंत विषयों में से एक है। लगातार भूजल का अत्यधिक दोहन, दिन-प्रतिदिन घटता जल स्तर, मानसून में अनियमितता, शहरीकरण, पर्याप्त जलप्रबंधन का अभाव ऐसे अनेक कारक हैं, जो जल संरक्षण को अत्यधिक महत्वपूर्ण विषय बनाता है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए तथा प्रकृति एवं क्षेत्र के प्रति अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए हिण्डाल्को संस्थान ने जल सरंक्षण के क्षेत्र में कई दशक पहले से ही कार्य करना शुरू कर दिया था। हिण्डाल्को द्वारा सी.एस.आर. अंतर्गत दुद्धी, म्योरपुर एवं बभनी ब्लॉक के कई गांवों में जल संरक्षण हेतु चेक निर्माण, बॉवली निर्माण, तालाब गहरीकरण, तालाब में रिटेनिंग वॉल जैसे संरचनाओं का निर्माण कराकर जल सरंक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रतिवर्ष हिण्डाल्को के समुदायिक विकास के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों में जल संरक्षण की परियोजनाओं को प्रमुख स्थान है। जल प्रबंधन के इन कार्यों से क्षेत्र में न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि किसानों को खेती के लिए वर्ष भर पानी की भी उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। रोटरी सी.एस.आर. अवार्ड जीतने पर हिण्डाल्को संस्थान के मुखिया समीर नायक एवं क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए रेणुकूट सीएसआर टीम को बधाई दी। वहीं समीर नायक ने कहा कि हिण्डाल्को, समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारी के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध है। जल सरंक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य निश्चित ही आदित्य बिड़ला समूह के उद्देश्यों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होता है। जसबीर सिंह ने कहा कि हिण्डाल्को हमेशा ही इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देता रहा है एवं रोटरी सी.एस.आर. अवार्ड में हिण्डाल्को को सम्मान मिलना संस्थान के प्रतिबद्धता का परिचायक है।

# रॉबट्‌र्सगंज पुलिस ने चोरी में संलिप्त अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह।**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में जनपद सोनभद्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबट्‌र्सगंज पुलिस द्वारा थाना रॉबट्‌र्सगंज पर मोटरसाइकिल चोरी हो जाने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-386/2025 धारा-303(2) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त जिशान पुत्र सलीम निवासी पूरब मोहाल थाना रॉबट्‌र्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 19 वर्ष को चोरी की मोटरसाइकिल हीरो होंडा हंक नं0 वढ53अढ6643 के साथ दिनांक 24.04.2025 को बीएसएनएल ऑफिर रॉबट्‌र्सगंज के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धी करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

# कुराड़ी देवी धाम मंदिर पहुंचकर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी ने की पूजा-अर्चना।

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**
**विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा व मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने आज सुदूर क्षेत्र के कुणाड़ी गांव में स्थित श्री कुणाड़ी देवी धाम मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर, मंदिर परिसर की स्थिति का जायजा भी लिये। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को मंदिर परिसर में देख लोग पुजारी के साथ ही उपस्थित लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की, इस दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर के पूजारी से सीधा संवाद कर मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, जिला विकास अधिकारी हेमन्त सिंह, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह द्वारा भी मंदिर में पूजा-अर्चना की गयी। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# उत्कृष्ट रहा एबीआईसी रेणुकूट का बोर्ड परीक्षा परिणाम, बच्चों ने लहराया परचम।

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह।**

रेणुकूट। हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट का हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय की छात्रा रिया सिंह ने 90.83 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में नौवा व विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, छात्रा कोमल साहू ने 89.83 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा छात्रा ज्योति यादव ने 89.67 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं इण्टरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय के गणित वर्ग के छात्र पीयूष कुमार व श्रवण कुमार ने 87.80 प्रतिषत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से जिले में नवम् तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, छात्र सुबेष कुमार 87.00 प्रतिषत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रहे एवं छात्र उज्ज्वल कुमार ने 85.20 प्रतिषत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान अर्जित किया। विद्यालय के वाणिज्य वर्ग की छात्रा शालू यादव ने 80.60 प्रतिषत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, छात्र पवन कुमार ने 80.20 प्रतिषत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं छात्र पीयूष राय व आलोक मौर्या ने 79.20 प्रतिषत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय में तृतीय स्थान अर्जित किया। जीव विज्ञान वर्ग में छात्र अर्जुन कुमार ने 84.60 प्रतिषत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, सुधांषु सिंह ने 82.20 प्रतिषत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं हर्ष प्रताप सिंह ने 80.80 प्रतिषत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया। इसी प्रकार मानविकी वर्ग में छात्र चन्दन कुमार ने 84.80 प्रतिषत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, छात्रा नीतिका कुमारी ने 82.00 प्रतिषत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं छात्रा रिमझिम पाण्डेय ने 81.20 प्रतिषत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया। इस परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों व षिक्षकों को हिण्डालको प्रमुख समीर नायक, मानव संसाधन प्रमुख जसवीर सिंह, विद्यालय प्रबन्धक अजय कुमार सिन्हे तथा प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल व उप-प्रधानाचार्य विजय भागवत पाटिल ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।



# प्रशासनिक अधिकारी बनकर देश की सेवा करने का लक्ष्य हर हाल में पूरा करूंगी।

**समाज जागरण वाराणसी।**

काशी विद्यापीठ ब्लॉक के जवाहर आदर्श इंटर कालेज सुसुवाही (बृंदावन) वाराणसी की छात्रा अस्मिता सिंह विश्वकर्मा पुत्री राजेश कुमार विश्वकर्मा निवासी बृंदावन,सुसुवाही, वाराणसी ने हाई स्कूल में 600/566 ( 94.33%) प्राप्त किया वहीं गणित विषय में 100 में 100अंक प्राप्त किया है। अपने माता-पिता तथा अपने स्कूल के साथ-साथ जिले का भी नाम रोशन किया है।बिना कोचिंग सेंटर गए यह अचीवमेंट हासिल किया है।जिले में 10 वा स्थान प्राप्त करने पर परिजनों ने माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत ,सम्मान किया गया। एमएलसी/भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि अस्मिता के प्रतिभा का सम्मान करते हुए हर तरह का व्यक्तिगत सहयोग कर आगे लक्ष्य तक पहुंचाने का कार्य मेरे द्वारा की जाएगी।

# किशोरी अपहरण के विरोध में ग्रामीणों ने थाने का किया घेराव

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नवीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव के नाबालिक किशोरी को दबंगतापूर्वक अपहरण किए जाने एवं घटना के 48 घंटे के बाद भी अपहत किशोरी का पता लगाने में पुलिस असफल रही है। इससे नाराज जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने शुक्रवार को थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणो ने पुलिस पर आरोप लगाया की दो माह पुर्व नवीनगर थाना कांड संख्या 47/25 दर्ज करायी गयी थी। जिसमें एक युवती को अपहरण कर लिया गया था। इस कांड में नामजद औरंगाबाद जिला के टंडवा थाना क्षेत्र के घुरा सागर गांव निवासी गोलू कुमार सिंह, टंडवा थाना क्षेत्र के धरमखाप झिकटीया गांव निवासी अंकित कुमार तथा औरंगाबाद जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रत्तुआ गांव निवासी अमीत सिंह पर मामला दर्ज कराया गया था। मगर पुलिस के द्वारा कोई कारवाई नही की गई। वही 2 माह बाद पुन नवीनगर थाना कांड संख्या 127/25 दर्ज करायी गयी। जिसमे पुलिस अबतक नाबालिग किशोरी को बरामद नही कर पाई। घटना से गुस्साये ग्रामीणो ने पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाते हुए थाना के बाहर प्रदर्शन किया। पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद भी लगभग 1 - 2 घंटों तक घेराव व प्रदर्शन चलता रहा। वही लोगों ने बताया कि पुर्व मे घटना के 2 माह बाद व दुसरी घटना के 48 घंटे के बाद भी पुलिस अपहरण करने वालों पर कार्रवाई नहीं की है। अपहत किशोरी की बरामदगी नहीं होने से लोगों में काफी आक्रोश हैं।घेराव और प्रदर्शन के बीच ग्रामीणो ने कहा कि मामले को पुलिस गंभीरता से नहीं ली और आरोपितों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसको लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बार-बार थाने आने पर कोरा आश्वासन दिया गया। आक्रोशित लोगों ने जल्द से जल्द किशोरी की बरामदगी और आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की।मामले मे नवीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि घटना हुई है। पीड़ित परिजन ने आवेदन दिया है। आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस ने मामले में एक आरोपित औरंगाबाद जिला के टंडवा थाना क्षेत्र के धरमखाप झिकटीया गांव निवासी अंकुश कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। किशोरी की बरामदगी के लिए और अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद लोग शांत हुए। काफी मशक्कत और समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीण थाने परिसर से वापस गये।

# नीट पेपरलिक का मास्टर माइंड गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला**
**संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी संजीव मुखिया को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी पटना के दानापुर इलाके में गुरुवार की रात की गई। संजीव मुखिया को पकड़ने के लिए बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम पिछले कई महीनों से लगातार प्रयासरत थी। संजीव मुखिया सिर्फ नीट पेपर लीक ही नहीं, बल्कि बिहार में हुए कई प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक मामलों का भी मुख्य आरोपी रहा है। वह लगातार पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार रहने में कामयाब हो रहा था। उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए नाक का सवाल बन चुकी थी। इसी कारण से बिहार पुलिस मुख्यालय ने उस पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। गुरुवार की रात पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि संजीव मुखिया पटना के सगुना मोड़ क्षेत्र के एक अपार्टमेंट में छिपा हुआ है। इसके बाद आर्थिक अपराध इकाई की विशेष टीम ने इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी की और संजीव मुखिया को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे तुरंत पटना लाया गया जहां उससे पूछताछ की जा रही है। आर्थिक अपराध इकाई के एडीजी नैयर हसनैन खान ने बताया कि यह गिरफ्तारी पुलिस की बड़ी सफलता है। उन्होंने बताया कि संजीव मुखिया नीट पेपर लीक मामले में सबसे अहम कड़ी था और उसकी तलाश लंबे समय से की जा रही थी। शातिर तरीके से वह फरारी काट रहा था और पुलिस को चकमा दे रहा था। लेकिन अंततः वह कानून के शिकंजे में आ गया। संजीव मुखिया की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उससे प्रारंभिक पूछताछ की है, जिसके आधार पर कई ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि उसके नेटवर्क में कई अन्य लोग भी शामिल हैं जो देशभर में परीक्षा से जुड़े गड़बड़ी के मामलों में सक्रिय हैं। पुलिस अब इन सभी की पहचान कर उन तक पहुंचने की कोशिश में जुट गई है। नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होना देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले ऐसे अपराधियों के खिलाफ जनता में गहरा आक्रोश है। लोग मांग कर रहे हैं कि संजीव मुखिया को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि भविष्य में कोई इस तरह की हरकत करने की हिम्मत न करे। संजीव मुखिया की गिरफ्तारी पुलिस की बड़ी उपलब्धि है, लेकिन यह मामला यहीं खत्म नहीं होता। अब जरूरत है पूरे नेटवर्क को उजागर करने और न्यायिक प्रक्रिया के तहत दोषियों को सजा दिलाने की। देश के शिक्षा तंत्र की विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में सख्त और त्वरित कार्रवाई बेहद जरूरी है। 5 मई 2024 को हुई नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद से संजीव मुखिया पर शक जताया जा रहा था कि उसने इस मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 11 मई 2024 को झारखंड के देवघर से 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी, जिनमें से एक आरोपी चिंटू था, जो संजीव मुखिया का रिश्तेदार था। जांच में यह सामने आया कि नीट के प्रश्नपत्र और उसके उत्तर की पीडीएफ फाइल 5 मई की सुबह चिंटू के व्हाट्सएप पर आई थी, जिसे फिर लर्न एंड प्ले स्कूल में रखे गए वाईफाई प्रिंटर से प्रिंट किया गया और छात्रों को दिया गया।

# 45 लीटर महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के गोपी बिगहा गांव से 45 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।गिरफ्तार किए गए तस्कर की पहचान माली थाना क्षेत्र के जसोईया गांव निवासी सूरजमल कुमार है।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए ए एस आई गंगाधर मेहता ने शराब तस्कर सूरजमल कुमार को मौके पर चुलाई महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि बरामद शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और मद्यनिषेध अधिनियम के तहत




प्राथमिकी दर्ज कर शराब तस्कर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# पटना में करेंट लगने से हुई किसान की मौत

**समाज जागरण पटना**
**जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में एक हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को शोक में डाल दिया। खेत में काम करने जा रहे एक किसान की बिजली के करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। मृतक किसान की पहचान अरविंद सिंह (उम्र 55 वर्ष) के रूप में की गई है। यह घटना न केवल एक परिवार के लिए दुखद है, बल्कि यह प्रशासनिक लापरवाही और बिजली व्यवस्था की बदहाली की ओर भी इशारा करती है। घटना की जानकारी गांव के ही निवासी निशांत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अरविंद सिंह रोज की तरह अपने खेत की ओर जा रहे थे, जब रास्ते में बोरिंग के पास एक खतरनाक रूप से नीचे झूलता हुआ 440 वोल्ट का बिजली का तार उनके संपर्क में आ गया। बिजली के तेज करंट की चपेट में आने के कारण अरविंद सिंह बुरी तरह घायल हो गए। खेत में ही मौजूद एक अन्य किसान ने यह भयावह दृश्य देखा और तुरंत उनके परिजनों को सूचना दी।परिवार के लोग अरविंद सिंह को इलाज के लिए नजदीकी अनुमंडलीय अस्पताल, बाढ़ लेकर पहुँचे, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचने के बाद जैसे ही मौत की पुष्टि हुई, पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजन और गांव वाले गहरे शोक में डूब गए हैं। मृतक के घर का माहौल बेहद गमगीन है, और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही बाढ़ थाने की पुलिस भी अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो गई कि हाई वोल्टेज बिजली का तार इतने नीचे लटकता रहा और बिजली विभाग को इसकी जानकारी नहीं हुई। इस हादसे ने न केवल एक किसान की जान ली, बल्कि यह प्रशासन और बिजली विभाग की ओर से ज़िम्मेदारी निभाने में हुई चूक को भी उजागर करता है। गांव के लोग इस बात से बेहद नाराज हैं और अब सरकार से मुआवजे और उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस प्रकार की घटनाएं यह सोचने पर मजबूर करती हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति कितनी चिंताजनक है। यदि समय रहते इन व्यवस्थाओं में सुधार न किया गया, तो ऐसी दुखद घटनाएं भविष्य में और भी जानें ले सकती हैं।

# पटना में तिलक चढ़ाने जा रहे पिता की सड़क हादसे में मौत

**समाज जागरण पटना जिला**
**संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ आईआईटी थाना क्षेत्र के दिलावरपुर गांव में गुरुवार की देर शाम एक खुशहाल परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब बेटी की शादी के तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे पिता की एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई।इस हादसे ने ना सिर्फ एक परिवार, बल्कि पूरे गांव की खुशियों को गम में तब्दील कर दिया। घटना बिहटा के आईआईटी थाना क्षेत्र अंतर्गत एचपीसीएल डिपो के पास की है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की शाम करीब सात बजे दिलावरपुर गांव निवासी 45 वर्षीय सुरेंद्र राम अपनी तीसरी बेटी की शादी के तिलक समारोह के लिए ऑटो से पालीगंज के उदयपुर गांव जा रहे थे।ऑटो में उनके साथ परिवार के अन्य सदस्य भी सवार थे। सभी लोग उत्साह और उमंग से भरे हुए थे, क्योंकि घर की बेटी की शादी का तिलक चढ़ाने का शुभ अवसर था। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। जैसे ही ऑटो दिलावरपुर से कुछ दूरी पर पहुंचा, तेज रफ्तार में आ रही एक अनियंत्रित बालू लदी ट्रक ने सामने से आकर ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो पलट गया और सुरेंद्र राम उसके नीचे दब गए। घटनास्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान राम नारायण वर्मा, रविंद्र राम, यमुना राम और एक अन्य के रूप में की गई है। सभी को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। शादी की रौनक वाले घर में मातम छा गया। परिवार के लोग बदहवास हो गए और बेटी छोटी–जिसकी शादी थी–खबर सुनते ही बेसुध हो गई.होश में आने के बाद वह फूट-फूट कर रोने लगी। उसकी चीखें पूरे गांव को झकझोर रही थीं–ह्लपापा हो पापाङ्ग अब हम कैसे जियब पापा? बाबूजी बिना तो हम दुल्हन ना बन सकीङ्गउसके हाथों की मेंहदी आंसुओं से धुल गई, और आंखों के सपने वहीं टूट कर बिखर गए। पालीगंज के उदयपुर गांव में जहां तिलक की तैयारियाँ पूरी हो चुकी थीं, वहां भी मातम पसर गया। ढोलक की थाप थम गई, गीत सिसकियों में बदल गए और हर चेहरे पर उदासी छा गई। सुरेंद्र राम की अर्थी उठते ही पूरा गांव गम में डूब गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बिहटा-लई रोड को जाम कर दिया और जमकर प्रदर्शन किया।गुस्साए लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस को भी आक्रोशित लोगों का सामना करना पड़ा। थाना प्रभारी शिव शंकर कुमार ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत और पांच लोग घायल हुए हैं। ट्रक और ऑटो को जब्त कर लिया गया है और चालक को हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। इस हृदयविदारक घटना के बाद परिजनों ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है।उनका कहना है कि गरीब परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है और सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए।खबर लिखे जाने तक सैकड़ों लोग सड़क पर डटे थे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। यह हादसा एक बार फिर साबित करता है कि सड़कों पर मौतें अब आम हो चली हैं, और लापरवाह ड्राइविंग किसी की जिंदगी की सबसे बड़ी खुशियाँ भी छीन सकती है।

# पटना में युवक की बेरहमी से हत्या कर शव को नाले में फेंका

**समाज जागरण पटना जिला**
**संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना में एक बार फिर अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आए, जब एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई और उसका शव नाले में फेंक दिया गया। यह घटना राजधानी के पटना सिटी क्षेत्र के खाजेकला थाना अंतर्गत पश्चिम दरवाजा मोर्चा के पास स्थित पश्चिम सिटी मोट नाले की है। गुरुवार देर रात इस वारदात को अंजाम दिया गया और शुक्रवार सुबह इसका खुलासा हुआ। पुलिस को सूचना मिलने के बाद जब मौके पर जांच की गई तो पाया गया कि युवक की हत्या ईंट और पत्थर से बुरी तरह सिर कुचलकर की गई थी। इसके बाद शव को नाले में फेंक दिया गया, ताकि पहचान में देर हो और पुलिस को गुमराह किया जा सके। शव की हालत देखकर अंदाजा लगाया गया कि हत्या बहुत ही क्रूर तरीके से की गई है। मृतक की पहचान शुभम कुमार के रूप में की गई है, जो पटना सिटी के ही आलमगंज थाना क्षेत्र के बेलवरगंज सिंधुआ टोली मुहल्ला का निवासी था। शुभम के पिता पूजा-पाठ सामग्री की दुकान चलाते हैं और उनका कहना है कि गुरुवार रात शुभम घर नहीं लौटा था। रात में जब उसने देर तक घर नहीं आने पर कोई सूचना नहीं दी, तो परिजन चिंतित हो उठे और उसकी तलाश शुरू की। परिवारवालों को खबर मिली कि पास के नाले के किनारे एक युवक घायल अवस्था में पड़ा है। वे तुरंत मोहल्ले के लोगों के साथ घटनास्थल पहुंचे और वहां शुभम का शव देखकर हक्के-बक्के रह गए। शव लहूलुहान हालत में पड़ा था। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। खाजेकला थाने के थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा और मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। थानाध्यक्ष का कहना है कि हत्या के पीछे की वजह फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन जांच के बाद ही मामले की असली वजह सामने आ सकेगी। इस हत्या के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश दोनों फैले हुए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और मोहल्ले के लोग भी इस वारदात से काफी नाराज हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए और उन्हें सख्त सजा मिले। पटना जैसे बड़े शहर में इस तरह की नृशंस हत्या ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या आम आदमी शहर की गलियों में सुरक्षित है? पुलिस को न सिर्फ मामले की तह तक पहुंचना होगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना होगा कि शहर में कानून व्यवस्था बनी रहे और अपराधियों में कानून का डर हो। उम्मीद की जा रही है कि पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा करेगी और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाएगी।

# पटना नगर निगम की वाहन ने मारी बाइक सवार को टक्कर

**समाज जागरण पटना**
**जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में शुक्रवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। घटना अटल पथ की है, जहां पटना नगर निगम का एक हाईवा ट्रक अनियंत्रित होकर पहले एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारता है और फिर डिवाइडर तोड़कर एक घर में घुस जाता है। इस दुर्घटना से न सिर्फ यातायात बाधित हुआ, बल्कि स्थानीय लोगों में भी दहशत का माहौल बन गया। इस दुर्घटना में सबसे अधिक नुकसान उस बाइक सवार को हुआ जिसे ट्रक ने पहले टक्कर मारी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार सड़क किनारे धीमी गति से जा रहा था, तभी तेज रफ्तार में आ रहे हाईवा ट्रक ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार कई फीट दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। ट्रक टक्कर के बाद भी नहीं रुका। बेकाबू ट्रक ने अटल पथ के डिवाइडर को भी पार कर लिया और दूसरी ओर स्थित एक रिहायशी मकान में घुस गया। जिससे मकान की बाहरी दीवारें और खिड़कियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इस दौरान घर में मौजूद लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन अचानक हुए इस हादसे से पूरा परिवार सदमे में है। घटना होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। ट्रक को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसे की जांच शुरू कर दी गई है और ट्रक चालक की पहचान की जा रही है। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ट्रक चालक ने वाहन को काफी तेज गति में चला रखा था। इसके अलावा, यह भी आशंका है कि चालक ने शराब का सेवन किया हो या उसे नींद आ गई हो। हालांकि, मेडिकल जांच के बाद ही इस बारे में पुख्ता जानकारी मिल सकेगी। पुलिस अब चालक से पूछताछ कर रही है और नगर निगम से भी ट्रक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। इस घटना के बाद इलाके के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि भारी वाहन अकसर इस मार्ग से तेज गति में गुजरते हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। लोगों ने नगर निगम और प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जाए और ट्रैफिक नियमों को सख्ती से लागू किया जाए। पटना में हुआ यह हादसा न सिर्फ लापरवाही की पोल खोलता है, बल्कि यह भी बताता है कि किस प्रकार प्रशासनिक वाहन भी आमजन की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। समय रहते ऐसी घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया तो इससे और गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। प्रशासन और नगर निगम को इस घटना से सबक लेते हुए सुरक्षा मानकों को और कड़ा करना चाहिए।

# जन सुराज पार्टी ने नबीनगर मे किया बैठक

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार**
**संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) शुक्रवार को नबीनगर में जन सुराज पार्टी ने प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित किया जिसका संचालन दिवाकर चंद्रवंशी द्वारा किया गया।पार्टी के प्रवक्ता पवन सिंह ने बताया कि 28 अप्रैल को औरंगाबाद जिले के ओबरा में एक रैली का आयोजन होने



जा रहा है। इस रैली में पार्टी के नेता प्रशांत किशोर का आगमन होने जा रहा है। बैठक मे सभी लोगो से अपील किया गया कि 28 अप्रैल की रैली में अधिक से अधिक लोग भाग लेकर प्रशांत किशोर के विचारों को सुने और लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि बैठक के माध्यम से पार्टी के सभी कार्यकताओं सहित प्रशांत किशोर के विचारों से सहमत होने वाले आम लोगों से अपील किया कि बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए प्रशांत किशोर के विचारों को सुने और अधिक से अधिक भाग लेकर रैली को सफल बनाए। मौके पर अजय कुमार सिन्हा,पप्पू ठाकुर,अशोक चंद्रबंशी,रामकुमार,रविन्द्र गुप्ता, इकरार अहमद, केश्वर रजक, बैजनाथ यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# पुलिस ने मारपीट के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार**
**संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद )**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के रामनगर गांव से मारपीट मामले में दो आरोपीयो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान औरंगाबाद जिला के टंडवा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी पवन कुमार तथा असरेश चौधरी के रूप में की गई



है। मामले में टंडवा थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि आपसी विवाद में मारपीट मामले में टंडवा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी पवन कुमार तथा असरेश चौधरी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है । उक्त दोनों के विरुद् रामनगर गांव निवासी कृष कुमार ने टंडवा थाना कांड संख्या 46/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी । जिसमें अभियुक्त को छापेमारी कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं छापेमारी अभियान में पी एस आई आशुतोष कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार**
**संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों से छापेमारी कर तीन लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है किया है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की गई। इसमें मारपीट मामले के तीन आरोपी पकड़े गए। गिरफ्तार आरोपियों में औरंगाबाद जिला के नवीनगर थाना क्षेत्र के पतरघटा गांव निवासी वीरेन्द्र यादव तथा सुरेंद्द यादव



तथा कुशा गांव निवासी विनेश यादव शामिल हैं। मामले मे नवीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार औरंगाबाद जिला के नवीनगर थाना क्षेत्र के पतरघटा गांव निवासी वीरेंद्र यादव के विरुद्ध थाना कांड संख्या 64/25 दर्ज की गयी थी। वही पतरघटा गांव निवासी सुरेन्द्र यादव के विरुद्ध थाना कांड संख्या 63/25 दर्ज की गयी थी। वही औरंगाबाद जिला के नवीनगर थाना क्षेत्र के कुशा गांव निवासी विनेश यादव के विरुद्ध थाना कांड संख्या 119/25 दर्ज की गयी थी जिसमें सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# पटना सिविल कोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में शुक्रवार को पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। यह धमकी एक ईमेल के माध्यम से दी गई, जिसमें कोर्ट परिसर को निशाना बनाने की बात कही गई थी। जैसे ही यह जानकारी पुलिस प्रशासन को मिली, बिहार एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ते), डॉग स्क्वॉड और पटना पुलिस की विशेष टीमें तुरंत हरकत में आ गईं और पूरे कोर्ट परिसर में व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। धमकी उस समय मिली जब कोर्ट में बड़ी संख्या में वकील, न्यायाधीश और आम लोग मौजूद थे। इससे मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। तत्काल कोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई और किसी भी अनहोनी से बचने के लिए मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वॉड के माध्यम से सघन जांच अभियान चलाया गया। सभी प्रवेश द्वारों पर कड़ी निगरानी रखी गई और आने-जाने वाले हर व्यक्ति की बारीकी से तलाशी ली गई। नगर डीएसपी दीक्षा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि धमकी भरे ईमेल की जांच की जा रही है और इसे अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि यह ईमेल किसने और कहां से भेजा। उन्होंने बताया कि फिलहाल पूरे सिविल कोर्ट परिसर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है और जब तक पूरी तरह से संतोषजनक जांच नहीं हो जाती, तब तक सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा। यह घटना देश में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों की ओर इशारा करती है, खासकर संवेदनशील संस्थानों और न्यायिक परिसरों को लेकर। हाल के दिनों में आतंकी घटनाओं में हुई बढ़ोतरी के कारण सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही सतर्क थीं और इस धमकी ने उनकी सजगता को और बढ़ा दिया है। कोर्ट जैसी जगहों पर आम नागरिकों और न्याय से जुड़े लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि होती है, इसलिए प्रशासन किसी भी खतरे की आशंका को नजरअंदाज नहीं कर सकता। इस पूरे घटनाक्रम ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था की गंभीरता को उजागर किया है बल्कि यह भी दिखाया है कि तकनीकी माध्यमों का दुरुपयोग करके किस प्रकार अशांति फैलाने की कोशिश की जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि जांच एजेंसियां जल्द ही इस ईमेल के स्रोत का पता लगाकर दोषियों को पकड़ने में सफल होंगी।

# पटना में शिक्षिका से मोबाइल, पर्स और सोने की चेन छीनकर बदमाश फरार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना से महज कुछ कदम की दूरी पर माली गली मोड़ के पास शुक्रवार की सुबह स्कूल जा रही शिक्षिका से बदमाशों ने पर्स, मोबाइल और सोने की चेन छीन ली। घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की संख्या तीन थी जो शिक्षिका को घेरकर लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़िता के पति और ईसापुर बाग मोहल्ला निवासी रिजवानुजमा ने बताया कि उनकी पत्नी आतिया खानम प्रतिदिन की तरह बाढ़ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सैदपुर जाने के लिए सुबह घर से निकली थीं। वह पैदल ही ईसापुर से फुलवारी शरीफ थाना गोलंबर की ओर जा रही थीं। इसी दौरान माली गली मोड़ के पास बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और पर्स, मोबाइल और सोने की चेन छीन ली। शिक्षिका के अनुसार छिनी गई सोने की चेन की कीमत करीब 55 हजार रुपये थी, वहीं पर्स में ड्ढ5200 नगद, ओप्पो कंपनी का स्मार्टफोन और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी थे। उन्होंने फुलवारी शरीफ थाना में इस संबंध में लिखित शिकायत दी है, लेकिन अब तक पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। खासकर सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकलने वाले पुरुषों और महिलाओं में डर समा गया है। स्थानीय लोग कह रहे हैं कि जब थाना से चंद कदम की दूरी पर इस तरह की लूट हो सकती है तो आम लोगों की सुरक्षा का क्या होगा। लोगों ने बताया कि इलाके में बदमाशों को पुलिस का कोई खौफ नहीं रह गया है। लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।पीड़िता के परिजनों ने मांग की है कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर बदमाशों की पहचान करे। बताया जाता है कि ईसापुर से लेकर फुलवारी गोलंबर तक कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। अगर पुलिस तत्परता से फुटेज खंगाले तो अपराधियों का सुराग जल्द मिल सकता है। बहरहाल, घटना की जानकारी के बारे जब फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मशहूद हैदरी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसी कोई घटना के बारे में जानकारी नहीं है।

# बिजली विभाग के अधिकारी बन ठगी कर रहे साइबर अपराधी, रहें सावधान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



साइबर ठगों ने ठगी का नया तरीका निकाला है और उनके झांसे में आकर लोग ठगे जा रहे हैं। वहीं शुक्रवार को राहुल शर्मा बिजली विभाग के अधिकारी बनकर 9942445657 नंबर से शाम को फोन किया और उपभोक्ता को बोला आपका बिजली काट दिया जाएगा आपने रिचार्ज कब किया है हमारे पास अपडेट राशि नहीं बता रहा है बिजली बिल जमा नहीं हुआ है। कनेक्शन काट दिया जाएगा या आपका कंज्यूमर आईडी अपडेट नहीं हुआ है और बोला मैं व्हाट्सएप पर सॉफ्टवेयर भेज रहा हूं उसको अपलोड कर लीजिए। आपका बिजली कनेक्शन नहीं तो काट दिया जायेगा। मोबाइल पर मैसेज भेजे हैं उसको अपलोड कर लीजिए। आपको बता दें कि किसी तरह का मैसेज आएं तो सावधान रहें। साइबर ठग ऐसे मैसेज भेजकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे मैसेजो में नीचे कस्टमर केयर का नंबर देकर संपर्क करने को कहा जाता है।यदि आप उनके झांसे में पड़े और उक्त नंबर पर फोन किया तो बिजली बिल किस एकाउंट नंबर से जमा किया या ओटीपी नंबर क्या है? यह पूछेंगे और इसके बाद आपके बैंक खाते में जमा पैसे खाली कर देंगे। बता दें कि साइबर ठगों ने ठगी का नया तरीका निकाला है और उनके झांसे में आकर लोग ठगे जा रहे हैं। अक्सर ठगों का मैसेज रात में आता है। ठग रात को बिजली काटने का झांसा देते हैं। रात में बिजली कटने की सूचना पाकर लोग घबराकर मैसेज में आए फोन नंबर पर कॉल कर देते हैं।ठग इससे बचने का उपाय बता एक एप डाउनलोड करवाते हैं।ओटीपी पूछकर बैंक खाते में जमा राशि खाली करा देते हैं। इस तरह के झांसे में पड़कर सैकड़ों लोग अपनी जमा पूंजी गवां रहे हैं।

इस बाबत विजली विभाग के अभियंता ने बताया की यह ठगों का नया तरीका है।बिजली उपभोक्ताओं को कनेक्शन काटने बिजली विभाग इस तरह रात को मैसेज नहीं करता और रात में कभी बिजली नहीं काटी जाती। इसलिए आपके पास ऐसे मैसेज या फोन आए तो उसके झांसे में न पड़े ।

# हरे रामा-हरे कृष्णा के साथ हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम का का हुआ शुभारंभ

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

शहर के डुमरिया वार्ड नंबर 30 में चार दिवसीय महाप्रभु सतनाम संघ के हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसे लेकर शुक्रवार को हरे रामा-हरे कृष्णा के साथ महाप्रभु सतनाम संघ के हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम में शामिल हुए। सुबह से ही मंत्रोचार का आयोजन चल रहा है। चारों तरफ वातावरण भक्ति में डूबा हुआ है। चारों तरफ हरे रामा-हरे कृष्णा की गूंज गूंज रही है। हरिनाम संकीर्तन के सचिव सह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजा सिंह ने बताया कि जो भी श्रद्धालु यहां पर पहुंच रहे हैं भक्तिमय में डूब जाते हैं। आगे उन्होंने बताया कि महाप्रभु सतनाम संघ के हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम चार दिवसीय है।



24 अप्रैल को हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालुओं के साथ कलश यात्रा निकाली गई थी। वही आज 25 अप्रैल से हरे रामा-हरे कृष्णा के साथ महाप्रभु सतनाम संघ के हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 27 अप्रैल को महाप्रसाद वितरण के साथ हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस मौके पर हरिनाम संकीर्तन कार्यकताओं में अध्यक्ष रामनारायण भर, सचिन राजा सिंह, नागेश्वर शर्मा, राजेश चौहान, शंकर दास, जय बर्मन, शशांक सिंह, विशाल पाल, राहुल दास एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन,प्राप्त शिकायतों पर संबंधित अधिकारी को दिये निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिलाधिकारी के द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे से समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में आमजनों की सभी समस्याओं, शिकायतों की सुनवाई की जाती है। इसी दौरान पीड़ित लोगों ने जिलाधिकारी से मिलकर अपनी समस्याओं, शिकायतों से उन्हें अवगत कराया। प्राप्त समस्याओं,



शिकायतों पर यथाशीघ्र नियमानुसार अग्रेतर कारवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि आमजनों से जुड़ी हुई सभी समस्याओं, शिकायतों पर तुरंत कारवाई की जायेगी। आमजन प्रत्येक शुक्रवार को 10:00 से अपनी समस्याओं, शिकायतों से संबंधित आवेदन के साथ मिलकर अपनी बात रख सकते है। उनकी बातों पर नियमानुसार यथाशीघ्र कारवाई की जायेगी।

# विश्व मलेरिया दिवस : मलेरिया की रोकथाम, नियंत्रण व उन्मूलन के प्रति लोगों का जागरूक होना जरूरी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



25 अप्रैल । मलेरिया नामक परजीवी संक्रमण मादा मच्छर द्वारा फैलता है और यह गंभीर, कभी-कभी घातक बीमारी का कारण बन सकता है। मलेरिया से हर साल 200 करोड़ लोगों को खतरा होता है, जिसमें 90 स्थानिक देशों के निवासी और 12.5 करोड़ अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक शामिल हैं। प्लास्मोडियम परजीवी एक जटिल जीवन चक्र प्राप्त करते हैं जिसके परिणामस्वरूप समय-समय पर बुखार होता है। अधिकांश रोगी उपचार के बाद मलेरिया के लक्षणों से जल्दी ठीक हो जाते हैं, लेकिन उपचार में देरी होने पर गंभीर मलेरिया संबंधी एनीमिया, सेरेब्रल मलेरिया, कोमा या मृत्यु जैसी गंभीर जटिलताएँ हो सकती हैं। इसी आलोक में मलेरिया रोग के खतरे व इससे बचाव संबंधी उपायों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया जाता है। हर साल की तरह इस बार भी विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये । इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ राज कुमार चौधरी ने बताया कि आम जनों को जागरूक करने के उद्धेश्य से विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस साल ये दिवस मलेरिया हमारे साथ समाप्त होता है: पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जीवन ।यह थीम मलेरिया के उन्मूलन में तेजी लाने के लिए नए समर्पण, नवीन योजना और टीम वर्क की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।इस थीम के साथ सदर अस्पताल स्थित एएनएम स्कूल प्रांगन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिले में वर्ष 2023 में कुल 87 मलेरिया रोगी एवं वर्ष 2024 में 17 मलेरिया रोगी पाए गये थे वही इस वर्ष अब तक एक भी मरीज नही मिले है । विगत वर्षों में जो मलेरिया के मामले मिले हैं, उनमें अधिकांश मरीज दिल्ली, हरियाणा, पंजाब या पूर्वोत्तर के राज्य से संबंद्ध पाये गये हैं। बीते साल कालाजार रोगी खोज अभियान के साथ मलेरिया रोगियों की खोज को लेकर जिले में विशेष अभियान संचालित किया गया। इसमें मलेरिया से जुड़े मामले काफी कम मिले। मलेरिया की जांच व इलाज का निःशुल्क इंतजाम है। बावजूद इसके लोग जानकारी के अभाव में इलाज पर काफी खर्च करते हैं। प्राइवेट क्लिनिक में मलेरिया जांच के लिये 500 से 1000 रुपये चार्ज किया जाता है। वहीं जांच सभी पीएचसी, एपीएचसी, रेफरल, अनुमंडल व जिला अस्पताल में निःशुल्क की जाती है। रोग से जुड़े लक्षण होने पर लोगों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपनी जांच करानी चाहिये। एनोफिलीज मच्छरों ज्यादातर शाम को या रात में काटता है। सिविल सर्जन डॉ राज कुमार चौधरी ने बताया कि जागरूकता को लेकर रोग का लक्षण छह से आठ दिन के बाद व्यक्ति में रोग के लक्षण दिखने लगते हैं। ठंड लगकर बुखार आना, बुखार ठीक होने पर पसीना आना, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, पेट की परेशानी, उल्टी आना, बेहोशी, त्वचा पीला पड़ना ,रोग के सामान्य लक्षण हैं । मलेरिया मादा एनोफिलीज मच्छरों द्वारा फैलाए गए एक तरह के परजीवी की वजह से होता है, जो ज्यादातर शाम को या रात में काटता है। मलेरिया के पहले कुछ लक्षण आमतौर पर मच्छर के काटे जाने के 7 से 18 दिनों के बाद दिखाई देते हैं।मलेरिया के शुरूआती लक्षण फ्लू जैसे होते हैं, लेकिन आमतौर पर ये तेज कंपकंपी और ठंड लगने के साथ शुरू होता है।इसके बाद तेज बुखार और पसीना आता है तो ऐसा होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाने की सलाह दी जाती है।

# फरिमगोला से 6.75 देशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद भी शराब तस्करी थमने का नाम नहीं ले रहा है। उत्पाद विभाग के द्वारा लगातार जिले में शराब पीने व शराब



तस्करी के विरुद्ध जांच अभियान चलाया जा रहा है। वही उत्पाद विभाग के उत्पाद निरीक्षक अमृत कुमार गुप्ता अपने दल-बल के साथ फरिमगोला में गुप्त सूचना के आधार छापेमारी कर 6.75 लीटर देशी शराब बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया।

# छतरपुर में महावीर मंडल ने निकाला आक्रोश मार्च, पाकिस्तान का फूंका पुतला, श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

### पहलगाम हत्याकांड को लेकर छतरपुर में फूटा आक्रोश, पाकिस्तान मुदार्बाद के लगे नारे

**समाज जागरण दीपक सरकार**



छतरपुरः कश्मीर के पहलगाम में मारे गए शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु छतरपुर में महावीर मंडल के द्वारा आक्रोश मार्च, पुतला दहन और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ठाकुरबाड़ी से लेकर भारत माता चौक होते हुए सरैडीह मोड़ महावीर चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। साथ ही जपला मोड़ स्थित भारत माता चौक पर पाकिस्तान का प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन किया गया। इस मौके पर लोगों ने शहीदों को इंसाफ दो, आतंकवाद मुदार्बाद, वी वांट जस्टिस और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। इस मौके पर मंडल के संरक्षक सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द गुप्ता चुनमून ने कहा कि यह हमला कोई साधारण हमला नहीं है ये देश की अस्मिता और उसके गौरव पर प्रहार है। भारत सरकार को अविलंब कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान का सफाया करते हुए, पाक समर्थिक आतंकवाद को करारा जवाब देना चाहिए, आतंकियों को चुन चुन कर मारे सरकार। वहीं महावीर मंडल के अध्यक्ष पंकज कुमार, आर्यन कुमार, मृणाल कुमार, आकाश चंद्रा, यमुना यादव, पंचम कुमार, जयकुश प्रजापति ने कहा कि आतंकवाद विरोधी शक्तियों के खात्मा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। सरकार से मांग करते हैं कि आतंकियों का खात्मा करे सरकार,बनव कहा कि इस क्रूरतम हत्याकांड को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आक्रोश मार्च में सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। आक्रोश मार्च में मुख्य रूप से महावीर मंडल के संरक्षक अरविन्द गुप्ता चुनमून, कुंदन पाठक, आशीष मिश्रा, आकाश चंद्रा, ओमप्रकाश सोनी, अध्यक्ष पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष मृणाल गुप्ता, जयकुश प्रजापति, पवन प्रजापति, प्रीतम कुमार, सन्नी कुमार, सोनू गुप्ता, रितेश चंद्रा, अभिषेक छोटू, डब्लू चंद्रा, बद्वू ठाकुर, सुरेंद्र चंद्रवंशी, गोकुल प्रसाद, नमन गुप्ता, गिरिजा चंद्रवशी, दिना प्रसाद, मंजुल गुप्ता, राकेश चंद्रा, गोकुल प्रसाद, कुंदन गुप्ता, दीपक यादव, अजय कुमार, उमेश सोनी, संजय विश्वकर्मा, प्रियांशु ठाकुर, मंजीत यादव, विश्वनाथ प्रसाद, गोरा पासवान, मणि ठाकुर सहित सैकड़ों लोगों ने आक्रोश मार्च सह श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया।

# जमीन विवाद से परेशान परिवारो ने आत्मदाह का किया प्रयास, पुलिस ने समय रहते बचाई जानःछत्तरपुर

**समाज जागरण दीपक सरकार**

पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल मुख्यालय गेट में शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक परिवार ने छतरपुर अनुमंडल परिसर में आत्मदाह करने की कोशिश की और खुद को आग लगाने की तैयारी करने लगे. हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें बचा लिया. परिवार का आरोप है कि उनकी हिस्सा का जमीन पर अंचल अधिकारी द्वारा रोके जाने पर भी दबंगई से कब्जा कर दीवार निर्माण किया जा रहा हैं। और छतरपुर थाना को सुचना देने के बाद भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर यह कदम उठाया गया है। आत्मदाह करने का प्रयास करने वाले परिवार पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड के उदयगढ़



गांव के परन राम पिता सुखलाल राम सह उनके अपने परिवार के सदस्य शामिल थे। जिन्होंने इंसाफ नहीं मिलने पर मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय विधायक सह वित्त मंत्री को विवाद भूमि को नापी कराकर अलग डिमांड और तत्काल उनके हिस्से में बनाए जा रहे दीवार को तोड़ने का अपील किया था। उन्होंने आवेदन में अर्जुन राम पिता स्वर्गीय रामसेवक राम, अवध राम, विनय राम, सुनेश्वर राम तीनों का पिता अर्जुन राम पर आरोप लगाया है। मौके उपस्थित पुलिस में सभी लोगों को आत्मदाह का प्रयास कर रहे लोगों को अपने साथ थाना लाया गया है। और पीड़ित परिवार इंसाफ दिलाने की बात कही हैं।

# हत्या में शामिल तीन अभियुक्त गिरफ्तार छत्तरपुर

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छत्तरपुर थाना कांड स0-74/25, दि0-24.04.2025 धारा-103 (1)/3 (5) इठर वादी मुन्ना कुमार उम्र २२ वर्ष पिता मदन यादव ग्राम दिनादाग टोला देवताही पो० कउवल थाना छतरपुर जिला पलामू के द्वारा दिनांक 24.04.25 को लिखित आवेदन दिया गया कि दिनांक 03/04/2025 की शाम करीब 4:00 बजे इनकी मां शान्ति देवी एवं बहन बकरी को खूंटा बांध रही थी कि इतने में इनके गोतिया के 1. कुलमनिया देवी उम्र 42 बर्ष पति लखन यादव 2. रंजू कुमारी उस 22 वर्ष पिता लखन यादव 3. अंजू कुमारी मे 19 वर्ष पिता लखन यादव सभी ग्राम देवताही पोस्ट कउअल थाना छतरपुर के द्वारा लकड़ी के पीढ़ा से मृतिका के गर्दन में मारी जिससे वो गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जहां इलाज के दौरान दिनांक 24.04.25 को इसकी मृत्यु हो गई। पुलिस अधीक्षक महोदया पलामू के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर के नेतृत्व में टीम गठन किया गया। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड के तीनों प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में पूछताछ में सभी अभियुक्त के द्वारा अपना अपराध काबूल करते हुए बताया गया कि जमीन बंटवारा को लेकर इन लोगों में पहले से से विवाद था। और उस दिन मृतिका



अभियुक्त लोग के जमीन में बकरी को खूंटा बांध रही थी। जिसमें इन लोगों में विवाद हुआ था और पास में ही रखा हुआ पीढ़ा से उसके गर्दन में मार दी जिससे वह जख्मी हो गई। गिरफ़्तार आरोपियों का नाम पताः- 1. कुलमनिया देवी उम्र 42 बर्ष पति लखन यादव 2. रंजू कुमारी उस 22 वर्ष पिता लखन यादव 3. अंजू कुमारी मे 19 वर्ष पिता लखन यादव सभी ग्राम देवताही पोस्ट कउअल थाना छतरपुर जिला पलामू । गठित पुलिस टीम (SIT):- 1. पु०अ०नि सह थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद 2. पु०अ०नि घनश्याम मिश्रा, अनुसंधानकर्ता छतरपुर थाना 3. पु०अ०नि सुशील उरांव छतरपुर थाना
4. महिला आरक्षी 1089 गूंजा कुमारी एवं महिला आरक्षी 51 पूनम कुंवर 5. महिला थाना महिला पुलिस बल 6. सशस्त्र बल छत्तरपुर थाना पलामू ।

# पहलगाव के आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति जताई शोक संवेदनाए

**समाज जागरण मनोजकुमारसाह गोड्डा**

छात्र नेता सोनू कुमार महतो ने कहा कि कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले में जिस प्रकार से पर्यटकों को धर्म पूछ कर हिंदू समुदाय के 28 से ज्यादा लोगों को पाकिस्तान समर्पित आतंकवादी संगठन के द्वारा नरसंहार किया गया है यह घटना पूरे देश को झकझोर के रख दिया है और खास कर हिंदू समुदाय को ऐसा लग रहा है कि हम हिंदू आज भी सुरक्षित नहीं है पूरे देश के हिंदू समुदाय को गहन चिंतन करने की जरूरत है पर्यटक स्थल में मुस्लिम भाई भी थे लेकिन उनके ऊपर कोई अटैक नहीं हुआ इस घटना को पूर्व से संयोजित तरीके से अंजाम दिया गया है इस घटना में शहीद हुए सभी भारतीयों को मैं अपना संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह ,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से निवेदन करता हूं कि पाकिस्तान के साथ किसी प्रकार का रिशता नहीं रखें। पाकिस्तान में फंसे हुए भारतीयों को अपना देश बुलाए और पाकिस्तान के ऊपर एयर स्ट्राइक कर उसको सबक सिखाएं और अपने देश के वीर शहीदों के लिए श्रद्धांजलि के लिए पाकिस्तान में मैं घुसकर पल रहे जितने भी आतंकवादी संगठन है चुन चुन कर उनका खत्म करें यही मैं देश के प्रधानमंत्री से निवेदन करता हूं मौके पर मुख्य रूप से विक्रम महतो, मोनू यादव, गुंजन कुमार, राहुल कुमार आदि दर्जनो लोग उपस्थित थे।

# गंगा नारायण सिंह जयंती पर आजसू नेता हरे लाल महतो ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः भूमिज विद्रोह के महानायक स्वतंत्रता सेनानी शहीद गंगा नारायण सिंह के जयंती अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो ने श्रद्धांजलि अर्पित की। नीमडीह प्रखंड के बांधडीह तथा सामानपुर मोड़ पर स्थित शहीद गंगा नारायण सिंह के प्रतिमा पर हरे लाल महतो ने अपने समर्थकों संग माल्यार्पण किया। इस अवसर पर हरे लाल महतो ने कहा कि गंगा नारायण सिंह जैसे हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए शहादत दी है। गंगा नारायण सिंह ने शहादत को स्वीकार किया था लेकिन अंग्रेजों



की गुलामी को स्वीकार नहीं किया था, उनके संघर्ष गाथा से हमें प्रेरणा मिलती हैं। इस मौके पर नीमडीह जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, पूर्व मुखिया हरि सिंह सरदार, विपुल सिंह, भानू सिंह सरदार, दिगंबर सिंह सरदार, भोला सिंह सरदार, अजय सिंह सरदार, हरि नारायण सिंह, मिथुन पांडे, रवि महतो, कांचन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# मोहरदा जलापूर्ति योजना के सभी विसंगतियां दुर नही हुआ तो कांग्रेस पार्टी जेएनएसी और जुस्को कार्यालय का अनिश्चित काल का महाघेराव करेगा - आनन्द बिहारी दुबे

**दैनिक समाज जागरण 25.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर : मोहरदा जलापूर्ति योजन के अनेकों विसंगतियों के विषय को लेकर जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार के द्वारा त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन शुक्रवार का बुलाई गई, जिसमें जुस्को हेड मोहरदा जलापूर्ति अभिषेक दुबे एवं जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने मोहरदा जलापूर्ति योजन से संबंधित पाँच मुद्दों को क्रमवार पदाधिकारी के समक्ष रखा। 1) पानी कनेक्शन का शुल्क मनमाने तरह से आम जनता को कनेक्शन दुरी बता कर अनर्गल राशि का मांग किया जा रहा है। इस पर अधिकारियों के साथ सहमती बनी कि जिन गलियों में पाइपलाइन नहीं पहुंच पाया है इसका सर्वे कर पाइप बिछाने का कार्य होगा। जिससे आम जनता को कम शुल्क में कनेक्शन मिल सके । 2) सप्लाई पानी की गुणवत्ता नहीं है :- इस विषय पर अधिकारियों ने कहा कि कुछ लोग गंदा पानी सिधे नालों में छोड़ देते हैं जिससे नदी प्रदुषित हो रही है जल्द नालों पर फिल्टर प्लांट बनाने का डीपीआर बनाकर टेंडर निकाला जाएगा जिससे पानी स्वच्छ रखने की स्थाई सुविधा हो। इस पर उन्होंने जुस्को के पदाधिकारीगण को निर्देशित किया कि क्षेत्र में बारीकी से सर्वे कर पानी के गुणवत्ता को सुधार करने का कार्य करें जिससे लोगों को शुद्ध और स्वच्छ जल मिले । 3) जिलाध्यक्ष नें मांग की कि बहुत सारे लोग बीपीएल श्रेणी के हैं परंतु उनका कार्ड नहीं बना है जिन्हें मुफ्त पानी कनेक्शन देने का कार्य किया जाए जिससे हर जरूरतमंद को शुद्ध जल मिल सके इस पर पदाधिकारीयों ने कहा कि जुस्को एवं जेएनएसी के पदाधिकारीयों का संयुक्त टीम क्षेत्र के वैसे सभी कच्चे घरों का सर्वे करेगी जो वास्तव में अति गरीब हैं और वैसे लोगों को मुफ्त में कनेक्शन देने का कार्य भी करेगी। 4) जिलाध्यक्ष ने क्षेत्र में पानी कनेक्शन का पेमेंट होने के तीन-चार माह बाद भी जूस्को द्वारा कनेक्शन नहीं देने का मामला उठाते हुए अपना आक्रोश प्रकट किया । इस पर नगर आयुक्त ने शुल्क जमा होने के 30 दिनों के अंदर जुस्को द्वारा पानी कनेक्शन शुनिस्चित करने का लिखित आदेश जारी करने का निर्देश दिया। 5) जिला अध्यक्ष ने लाल भट्टा ,बाबुडीह और ग्वाला बस्ति जहां ड्राई जोन है, वहां बोरिंग काम नहीं कर रहा है। उन क्षेत्रों में जुस्को द्वारा पाइपलाइन लगा कर पानी देना था जुस्को का कार्य काफी धीमा है जिसकारण इस प्रचंड गर्मी में भी पानी मिलने की संभावना नहीं है। इस पर जुस्को और जे एन ए सी के पदाधिकारी ने कहा कि कार्य में तेजी लाई जाएगी और बहुत जल्द पानी घर घर पहुँचाया जाएगा। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी आम जनता के समस्याओं पर संजीदा है, मोहरदा जलापूर्ति योजना एवं बाबूडीह लालभट्टा ग्वाला बस्ती क्षेत्र में समय रहते यदि सुधार नहीं होता है

# दुमदुमा में सात मस्जिद कमेटियों ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी ।

**दैनिक समाज जागरण गोरखनाथ गुप्ता।**

देश भर में जारी कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ गुस्से का उबाल दुमदुमा में नजर आया । दुमदुमा के सात मस्जिद कमेटियों ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। आतंकवादियों के हमले से घाटी में मातम का साया है। क्योंकि आर्तकियों ने खुफिया एजेंसी को अंगूठा दिखाकर मौत की चीख बना दी है। दमदुमा इलाके की 7 मस्जिद कमेटियों और दमदुमा मदरसा ईदगाह और कब्रिस्तान कमेटी ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की और मृतकों की आत्मा की शांति की कामना की उन्होंने दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के लिए न्याय की भी मांग की। वहीं दुमदुमा आंचलिक छात्र संस्था ने मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम में उग्रवादियों के हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी। आज संध्या नगर के गांधी चौक में आयोजित सार्वजनिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आसू पदाधिकारीयों, सदस्यों सहित अन्य विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिकों ने इस कार्यक्रम में अंश ग्रहण कर उग्रवादियों द्वारा निर्दोष लोगों के उपर आक्रमण करने की घटना की तीव्र निन्दा की है । इस आक्रमण में मारे गए लोगों की स्मृति में लोगों ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस उपलक्ष्य में आसू के तिनसुकिया जिला समिति के सभापति प्रतिम नेउग और वरिष्ठ पत्रकार तथा तिनसुकिया जिला साहित्य सभा के पूर्व सभापति अर्जुन बरूआ ने उग्रवादियों के इस जघन्य कृत्य की तीव्र भाषा में निन्दा करते हुए सरकार से उग्रवादियों के विरुद्ध कठोर व्यवस्था ग्रहण करने का आह्वान किया है। वहीं दुमदुमा चेम्बर्स आफ कामर्स के अध्यक्ष किशन लाल पारीक भावुक होते हुए सरकार को इस मामले में उग्रवादीयो को सबक सिखाने मांग कि।इस अवसर पर आंसु दुमदुमा आंचलिक सचिव समुज्ज्वल बोरा सोनवाल ने कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि हम अपने ही देश में सुरक्षित नहीं हैं आज समय आ गया है उग्रवाद को सरकार को मिटाने का। प्रधानमंत्री के चुनावी सभा में उग्रवाद के खिलाफ बहुत ही रोड मेप दिखाते थे आज उस पर कठोर दमन नीति से पालन कर उग्रवाद को जड़ से खत्म करें।

## बानादाग में हाथियों आगमन से किसानों का भारी नुकसान ।

**आर्यन कुमार संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण कटकमदाग ।**

प्रखंड के बानादाग में बीते रात हाथियों का झुंड पहुंचकर दर्जनों किसानों के खेत में लगे फसल को रौंद डाला। काफी मशक्कत के बाद रात में वन विभाग के कर्मियों की मदद से किसानों ने हाथियों को जंगल की ओर भगाया। गांव की ओर हाथियों को आने से ग्रामीण दहशत में हैं। फिलहाल हाथी कुसुम्भा क्षेत्र के जंगल में ही जमे हुए हैं। ग्रामीणो ने बताया कि झुंड में तीन हाथी के बच्चे व 6 बड़े हाथी शामिल हैं। हाथी रात में चिंघाड़ लगाते हुए पहुंचे और खेतों में लगे टमाटर, कद्दू, खिरा सहित अन्य फसलों को खाने लगे। इस दौरान अत्यधिक फैसले रौंद कर बर्बाद कर डालें। जिन किसानों के हाथियों ने फसलों को नष्ट किया इनमें सरजू महतो, किशोर महतो, सोहर यादव, दीपक प्रसाद, राजेंद्र कुमार, उधो यादव, उगन यादव सहित अन्य किसानों का नाम शामिल है।

## दो शवों के मिलने से प्रखंड में भय का माहौल।

**मामला प्रेम प्रसंग का जांच में जुटी पुलिस घटना प्रखंड के जमनीजरा की,सुनसान इलाका में मिले दोनों शव।**

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।प्रखंड के जमनिजारा गांव में सुनसान इलाका में एक युवक और एक युवती का शव मिलने की सूचना है ।ग्रामीणों को सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा शवों को देखने के बाद इसकी सूचना विष्णुगढ़ पुलिस को दी गई ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी ।दोनों शव एक सुनसान स्थान पर पाए गए हैं, जिससे मामले को लेकर कई तरह के प्रश्न उठ रहे है। विष्णुगढ़ पुलिस बल के द्वारा बरामद मृतकों की पहचान विजय कुमार महतो (उम्र 26 वर्ष) पिता मोहन महतो निवासी ग्राम जरीडीह थाना गांधीनगर ज़िला बोकारो एवं तिलैया देवी पति मुकेश कुमार महतो निवासी ग्राम जरीडीह थाना गांधीनगर ज़िला बोकारो के रूप में की गई है। सूत्रों के मुताबिक मामला प्रेम-प्रसंग का बताया जा रहा है। तिलिया देवी विष्णुगढ़ के कुसुंभा की रहने वाली थी, जिसकी शादी जरीडीह में हुई थी और वह दो बच्चों की मां भी थी। मृतक विजय कुमार महतो रिश्ते में मृतिका का देवर लगता था। इस बाबत विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सपन कुमार महथा के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि महिला की मां के द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है। उक्त आवेदन के आधार पर विष्णुगढ़ थाने में मामला दर्ज हुआ है। विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या -78/25 दिनांक 25/4/25 भारतीय न्याय संहिता की धारा 103, 238, 61(2), और 3(5) के तहत मुकेश कुमार महतो पिता मोहन महतो साकिन जरीडीह बस्ती करमाटांड़ थाना गांधीनगर ज़िला बोकारो एवं अन्य के विरुद्ध दर्ज किया गया। दोनों शवों को शिनाख्त के पश्चात हजारीबाग पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। विष्णुगढ़ पुलिस इस मामले को लेकर जांच में जुटी है, जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है। इसके साथ ही मृतक विजय कुमार महतो के भाई संजय कुमार महतो के द्वारा भी थाने में आवेदन दिया गया है जिसमें तिलैया देवी का पति मुकेश कुमार महतो एवं अन्य लोगों पर आरोप लगाया गया है कि विजय कुमार महतो की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से दोनों के शव को कोनार डैम के किनारे फेंक दिया गया।

## --विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर प्रभात फेरी व रेली का भव्य आयोजन

**दैनिक समाज जागरण। संवाददाता कटकमसांडी**




शुक्रवार को कटकमसांडी व कटकमदाग प्रखंड के अंतर्गत तमाम सीएचसी, पीएचसी, आम, एचएससी व गांव के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों मे विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भूषण राणा, डॉ. अमित कुमार, एमटीएस सुरेन्द्र कुमार, सीएचओ निधि कुमारी, पूनम बारला, अर्पिता रंजन, लिपिक आशीष यादव, एएनएम, एमपीडब्ल्यू प्रदिप गिरी, राजेन्द्र प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, अंशुमन कुमार, दीपेश कुमार, महेश कुमार, मनोज कुमार, धुरेंद्र कुमार सिंह, पिंटू शर्मा, एसटीएस शुभम राज, बीटीटी बिनोद विश्वकर्मा, चिंता देवी, अलका कुमारी, सहिया साथी, सहिया सहित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा पहलगाम मे हुए आतंकी हमले मे मारे गए भारतीय नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विश्व मलेरिया दिवस कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ. भूषण राणा द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मलेरिया से सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जन समुदाय को जागरुक करना एवं बेहतर स्वास्थ के लिए उनका व्यवहारिक परिवर्तन करना है। विश्व मलेरिया दिवस पर स्कूलों मे रैली एवं जान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही, मलेरिया उन्मुलन कराने हेतु शपथ व नारा लगाया गया और लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।

## भीषण गर्मी से बचाव को लेकर विद्यालय में बच्चों को दी जा रही है शरबत

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव : पिछले दो-चार दिनों से क्षेत्र में गर्मी काफी तेज पड़ने लगी है। जिसके कारण विद्यालय के बच्चों को गर्मी से कठिनाई हो रही है। वहीं गर्मी से बचाव को लेकर राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव में विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा मध्याह्न भोजन से कुछ घंटे पूर्व बच्चों को नींबू पानी का शरबत बनाकर दिया जा रहा है ।उक्त आशय की जानकारी प्रधानाध्यापक सहसचिव रवि शंकर पाठक के द्वारा दिया गया।

**विद्यालय के समय सारणी में पत्र जारी कर किया गया बदलाव**

झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आदेश अनुसार राज्य में बढ़ते गर्मी के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी , गैर सरकारी , सहायता प्राप्त , गैर सहायता प्राप्त , अल्पसंख्यक , सहित एवं सभी निजी विद्यालयों में अगले आदेश तक के लिए वर्ग केजी से वर्ग 8 तक की कक्षाएं सुबह 7:00 से पूर्वाहन 11:30 बजे तक तथा वर्ग 9 से वर्ग 12 तक की कक्षाएं सुबह 7:00 से मध्याह्न 12:00 तक संचालित की जाएगी ।निजी विद्यालयों का संचालन संबंधित विद्यालयों की दिशा निर्देश के अनुरूप आरटीआई अधिनियम एवं प्रबंधन के प्रावधानों के तहत संचालित होंगे ।यह आदेश दिनांक 26 अप्रैल 2025 के प्रभाव से लागू होगा ।उक्त पर विभागीय सचिव का अनुमोदन प्राप्त है ।दिनांक 24 अप्रैल को नंदकिशोर लाल झारखंड रकार के संयुक्त सचिव) के द्वारा हस्ताक्षर युक्त पत्र जारी कर आदेश दी गई है।

## पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय शिवाडीह में निकाली गई जल जागरूकता प्रभात फेरी

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**




बड़कागांवः जल संरक्षण को लेकर पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय शिवाडीह में जल पखवाड़ा - 2025 के तहत जल जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को विद्यालय के आस पास के क्षेत्र में विद्यालय ( इको क्लब ) के नोडल शिक्षक सहायक अध्यापक ओंकारनाथ पाण्डेय , विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य , शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं छात्र - छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें मुख्य रूप से होने लगातार जल स्तर निम्नीकरण ,जल प्रदूषण , जल के गुणवत्ता में ह्रास ,वर्षा जल संचयन एवं जल संरक्षण के विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया गया ।इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाऐं, प्रबंधन समिति सदस्यगण शामिल हुए।

## आतंकवाद के खिलाफ काला पट्टी लगाकर बड़कागांव के शिक्षकों ने किया शिक्षण कार्य

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव : अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार के निर्देश पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा 26 देशवासियों की निर्मम हत्या को लेकर बड़कागांव प्रखंड इकाई के सभी शिक्षकों के द्वारा विद्यालयों में मारे गए देशवासियों के प्रति 2 मिनट का मौन रखा गया साथ ही शिक्षकों द्वारा काला बिल्ला लगाकर पठन-पाठन का कार्य किया गया। जिसमें मुख्य रूप से देवकांत शर्मा, अवधेश कुमार,अशोक कुमार, चेतलाल राम,रूपा कुमारी,बबीता कुमारी, उचित्रा देवी,रवि शंकर पाठक,श्याम देवदास,वीरेंद्र कुमार, अनुज कुमार गोप, अवध किशोर यादव, बैजनाथ पांडे, रामसेवक रविदास,लखेश्वर महतो, रविंद्र कुमार,संतोष राम,अरुण रविदास, रामविलास दास, मनोज राम,तुलेश्वर कुमार,उपेंद्र महतो, राजीव कुमार, नरेंद्र कुमार शामिल हुए'

## पूर्व विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर स्वीकृत पथ का निर्माण कार्य हुआ शुरू

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा अनुशंसित कई सड़कों का निर्माण तेजी से विधानसभा क्षेत्र में हो रहा है। इसी कड़ी में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा स्वीकृत बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के सुकूलखपिया



(तारा पोखर से अंबाजीत) पथ तक लगभग 2.800 किमी सड़क एक करोड़ 93 लाख की लागत से हो रहा है ।सड़क निर्माण होने से स्थानीय निवासी काफी प्रसन्न हैं एवं पूर्व विधायक का आभार भी व्यक्त कर रहे हैं ।पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने इस संबंध में बताया कि विगत जुलाई माह में ही स्वीकृति के लिए योजना को राज्य स्तर से स्वीकृत करने का कार्य किया गया है। इस योजना के साथ ही कई दर्जन सड़क निर्माण की स्वीकृति हुई है जिसके लिए निविदा जारी होते ही कार्य शुरू हो जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई हिंसा नरसंहार के समान, केंद्र सरकार कड़ी कार्रवाई करे : विनोद कुशवाहा

**मिंटू कुमार संवाददाता समाज जागरण हजारीबाग सदर**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुई हिंसक घटना को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव विनोद कुशवाहा ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को नरसंहार करार देते हुए केंद्र सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विनोद कुशवाहा ने अपने बयान में कहा कि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुआ यह हमला सिर्फ एक आतंकी वारदात नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ किया गया एक जघन्य अपराध है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए आंतवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में ऐसी घटनाएं यह साबित करती हैं कि वहां पर खुफिया तंत्र और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। विनोद कुशवाहा ने यह भी कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। ऐसे समय में राजनीति से ऊपर उठकर सभी दलों और नागरिकों को एक स्वर में आतंकवाद की निंदा करनी चाहिए और शांति व एकता का संदेश देना चाहिए।

## केसुरा मोड़ से सरौनी कला तक जर्जर है सड़क जल्द नहीं बनी तो दुर्घटना की संभावना

**समाज जागरण स्थानीय सांसद महोदय और विधायक जी को भी इसकी जानकारी है**

**मिंटू कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण हजारीबाग सदर।**



हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड के अंतर्गत केसुरा मोड़ से सरौनी कला तक आने जाने वाली सड़क पिछले 1-2 साल से जर्जर अवस्था में है ।स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित सांसद और विधायक जी को इसकी जानकारी है ।परंतु सड़क का निर्माण या मरम्मत नहीं हो पा रहा है। मालूम हो कि इस सड़क से सरौनी कला, चुटियारो,सरौनी खुर्द डूमर, गुरहेत, धवैइयां, रोला पंचायत के चानो, रोला,कटघरा, सिलवार कला पंचायत के सिलवार कला ,सिलवार खुर्द आदि दर्जनों गांव के लोग इस सड़क से आते जाते हैं ।कृषक बहुल क्षेत्र होने के कारण इस क्षेत्र से 5:00 बजे भोर से किसान अपने-अपने सब्जियों को हजारीबाग मंडी तक पहुंचाने का काम करते हैं। मजदूर मजदूरी करने के लिए साइकिल से सैकड़ो की संख्या में हजारीबाग नगर और आसपास के क्षेत्र में काम करने के लिए निकलते हैं और देर शाम साइकिल मोटरसाइकिल से अपने-अपने घर तक पहुंचाते हैं। दुर्भाग्य है कि सभी जगह सडके बन रही है लेकिन यह सड़क अभी तक नहीं बनी। आखिर इसका जिम्मेवार कौन है ? बाहर से इस गांव में आने- जाने- वाले आगंतुक कहते हैं की सड़क बहुत खराब है। बता दें इसी सड़क से माउंट लिट्रा स्कूल, एंथम पब्लिक स्कूल, शिशु ज्ञान सरोवर सरौनी , पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय सरौनी, 5000 केवीए का का कोल्ड स्टोर, विद्युत विभाग का पावर हाउस सहित अन्य प्रतिष्ठान में लोगों का आना-जाना बना रहता इस क्षेत्र प्रसिद्ध व्यवसायी अर्जुन सिंह कहते हैं कि इस सड़क को सड़क बनाने वाली एजेंसी यारयो से हटाकर दूसरे एजेंसी को दिया जाए तो सड़क की मरम्मत और देख -रेख और निर्माण कार्य समय-समय पर होता रहेगा ।आरयो विभाग एक बार सड़क बनाती है तो कई वर्षों तक फिर उस सड़क की ओर कोई ध्यान नहीं देती। जदयू के सदर प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा कहते हैं शादी विवाह का समय है लोगों का आना-जाना बढ़ गया है। खराब सड़क के कारण लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते हैं। अच्छा होता की सड़क बन जाती ।आखिर कोई कितना दिन इंतजार करेगा साल 2 साल हो गए। लोकसभा विधानसभा चुनाव खत्म हो गया। जिला प्रशासन से कहना है कि सड़क का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए ।ताकि आम जनता को सड़क से आने-जाने में कोई दिक्कत ना हो ।रात में आने जाने वाले राहगीरों को अंधेरी सड़क से गुजरना पड़ता है ।जगह-जगह पर सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं ।साइकिल से मजदूर आते- जाते हैं ऐसे में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ।

## निजी खर्च से ग्रामीणों ने स्नान घाट टंडवा नदी की गहरीकरण ।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़:प्रखंड के गाल्होवार पंचायत के टंडवा नजदीकी नदी स्नान घाट को गुरुवार को ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा कर अपने निजी खर्च से जेसीबी लगाकर नदी की गहरीकरण करवाया। भीषण गर्मी के कारण पेयजल के साथ-साथ नदी नाले की किल्लत काफी बढ़ गई है। जिससे नदी का जलस्तर घट गया है। गांव में सरकारी किसी भी प्रकार कि पानी की सुविधा नहीं है सरकार द्वारा जल नल योजना से बनें सोलर जलमिनार पुरी तरह ठप और हांथी के दांत साबित हो रहे है। इस स्थिति में ग्रामीणों ने पेयजल के साथ साथ नहाने धोने की पानी के लिए भी तड़पना पड़ रहा है ।इस मुद्दों पर ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अपनी आवाज उठाई लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। नाला होने की वजह से पानी की संग्रह कम रहती हैं। इस गर्मी में जलस्तर घट जाने से ग्रामीणों को काफी दिक्कत और परेशानी का सामना करना पड़ रहा था अब गहरीकरण से पानी की संग्रह होने पर ग्रामीणों को स्नान करने सहित अन्य किसी प्रकार के कार्यों में दिक्कत नहीं होगी। यह नदी श्रद्धा कार्य के लिए गांव का एक मात्र नदी है।

## --करोड़ो के लागत से कच्छप गति से बन रही ढौढवा से0कटकमसांडी तक सड़क

**समाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी (हजारीबाग)**



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एक साल पूर्व से कटकमसांडी से ढौठवा गांव तक बन रही पीसीसी व कालीकरण सड़क अपनी बदहहाली पर आंसू बहाने को विवश है। सड़क निर्माण के गुणवत्ता का आलम यह है कि एक ओर सड़क बन रही है तो दूसरी ओर जगह जगह उखड़ना शुरू हो गई है। संवेदक अरविंद कुमार सिंह द्वारा इस पथ के अलावा ब्लॉक मोड़ से लखनु गांव होते हुए कटकमसांडी हजारीबाग मुख्य पथ तक सड़क व पुलिए का निर्माण कराया जा रहा है। कच्छप गति से हो रहे गुणवत्ताविहीन सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणो मे संवेदक व विभाग के प्रति घोर नाराजगी देखी जा रही है। इस बाबत ढौठवा पंचायत के मुखिया जयप्रकाश केसरी, कटकमसांडी पंचायत के मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय व शाहपुर पंचायत के मुखिया सुनीता देवी ने संवेदक व सम्बन्धित विभाग के विरुद्ध न सिर्फ डीसी, बल्कि सूबे के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मुखिया जयप्रकाश केसरी ने बताया कि छह इंच पीसीसी ढलाई की जगह संवेदक अरविंद कुमार सिंह व जेई सुभाष कुमार तीन इंच की पीसीसी ढलाई करवा दी है। विरोध करने पर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में फंसाने की धमकी दी जाती है। पूर्व मे बने सड़क के पिच को बगैर हटाए सड़क पर कालीकरण कराया जा रहा है। पुलिए में अवैध उत्खनित पत्थरों व बालू का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। इधर ब्लाक मोड़ से लखनु होते हुए छल्टा मोड़ तक हो रहे सड़क, गार्डवाल व पुलिया निर्माण का कार्य कच्छप गति से होने से आमजनो की परेशानियां बढ़ गई है। एक माह पूर्व पुलिया के लिए खोदे गए गड्ढे जस के तस की स्थिति मे है। गार्डवाल के लिए खोदे गए गड्ढे से सड़क तक धंस गई है, जिससे लोगों को आने जाने मे काफी फजीहतें उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर न संवेदक दिखते हैं और न ही जेई। इस बाबत जेई सुभाष कुमार से पूछने पर बताया जाता है कि सड़क का टूटना फटना लगा रहता है। बाद मे मरम्मत करा दी जाएगी। यह भी बताया कि हर वक्त योजना स्थल पर जाना जरूरी नही है। दिक्कत है तो मेरी शिकायत आलाधिकारियों से बेझिझक करें। हमे कोई फर्क नही पड़ता।

## निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकार के रूप में जाने जाते थे उपेंद्रनाथ मालाकार

**पत्रकार स्वर्गीय उपेंद्र नाथ मालाकार की 8 वीं पुण्यतिथि मनाई गई**

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव के दिवंगत पत्रकार उपेंद्रनाथ मालाकार की आठवीं पुण्यतिथि एसएस चौरसिया रेसीडेंस में मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता पत्रकार उग्रसेन गिरी व संचालन सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी ने किया। पत्रकारों ने स्वर्गीय मालाकार के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया एवं 1 मिनट का मौन धारण किया ।पुण्यतिथि के मौके पर पत्रकारों ने उपेंद्रनाथ मालाकार के पत्रकारिता जीवन के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी ने कहा कि स्वर्गीय मालाकार एक निर्भीक एवं निडर पत्रकारिता करते हुए क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का उजागर करते रहते थे। संजय सागर ने कहा कि उपेंद्रनाथ मालाकार अपने जीवन काल में पैदल एवं साइकिल से क्षेत्र की भ्रमण करते हुए समस्याओं एवं समाचार का संकलन करते थे ।इनसे आज भी प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मौके पर पत्रकार उग्रसेन गिरी, उमेश दांगी, शिव शंकर कुमार, संजय सागर, दीपक सिन्हा, पिंटू कुशवाहा, अमित मालाकार,विकास रंजन, दिनेश कुमार ,राज किशोर सोनी, बसंत महतो, अशीष साव, पंकज ठाकुर, वीरेंद्र कुमार ,रंजीत कुमार, मोहम्मद मोईन, जुबेर आलम, शिवनारायण साहू, कुलदीप कुमार, तारकेश्वर महतो सहित अन्य लोग शामिल थे। इसके अलावे सोशल मीडिया के माध्यम से पत्रकारों के अलावा जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों ने भी संवेदना व्यक्त की।



## जिला कांग्रेस द्वारा कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**




हजारीबाग : जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान पहलगाम मे हुए आतंकवादी हमले के विरोध में जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम से आन्नद कालेज चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया । तिरंगा झंडा के साथ कैंडल मार्च निकालकर आतंकवादी द्वारा काश्मीर पहलगाम में मारे गए निर्दोष 27 पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई । कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादी द्वारा किए गए हमले की मैं कड़ी शब्दों में निन्दा करता हूं ।उन्होंने कहा कि ये घटना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है ।एसी घटना को अंजाम देने वालों पर केन्द्र सरकार से कठोर कार्रवाई करने की मागं की ।उन्होंने कहा कि इस कठीन घड़ी में घटना में मारे गए पर्यटकों के परिवार के साथ कांग्रेस खड़ी है । कैंडल मार्च में पाकिस्तान मुदार्बाद, आतंकवाद मुदार्बाद गगन भेदी नारे ... उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा पूर्व अध्यक्ष आबिद अंसारी, अवधेश कुमार सिंह महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, अशोक देव, संजय गुप्ता, शशि मोहन सिंह जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, दिगम्बर प्रसाद मेहता, रजी अहमद युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश कुमार यादव सेवादल अध्यक्ष गुड्डू सिंह सहकारिता अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव कोमल कुमारी ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, अजय गुप्ता, राजू चौरसिया, संजय तिवारी, तारिक रजा, दिलीप कुमार रवि , जावेद इकबाल, साजिद अली खान, परवेज ... राठौर, बाबर अंसारी, मिथिलेश दुबे, रघु जायसवाल, राजीव मेहता, अनिल भुईंया, शिव नंदन साहू, बब्लू अंसारी, विजय कुमार सिंह, राशिद खान, गालिब अहमद, रोहन ठाकुर, मो.रब्बानी, बाबु खान, मुस्ताक अंसारी, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, सदरूल होदा निसार अहमद भोला, सैयद अशरफ अली, चंद्रशेखर आजाद, मो. मोजीब, मो. शमशाद, अशरफ अली, मो. वारिस, भैया असीम कुमार, कैलाश कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, महेश रजक, कृष्णा मेहता, कैलाश मेहता, बंसत मेहता, मनोज मेहता, ओमप्रकाश, बहादुर सागर अधिवक्ता इजहार हुसैन के अतिरिक्त सैकड़ो कार्यकर्ता

## रवि कुमार बने गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष

**सत्र 2024-26 का चुनाव संपन्न, सुराका उपाध्यक्ष और सचिन बने सचिव ।**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज हजारीबाग में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में शुक्रवार को सत्र 2024-26 के लिए छात्र संघ का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष पद पर रवि कुमार मेहता और आशीष भारती खड़े हुए , जिसमें रवि कुमार ने 40 वोट और आशीष भारती में 20 वोट पाया। अंततः रवि कुमार ने 10 वोट से विजय प्राप्त किया। उपाध्यक्ष पद पर सुराका अख्तर और सुदामा खड़े हुए। इसमें सुराका ने 45 वोट और सुदामा ने 25 वोट पाया। सुराका अख्तर ने 20 वोट से विजय प्राप्त किया। सचिव पद पर सचिन कुमार और भविष्य कुमार खड़े हुए। इसमें सचिन कुमार ने 50 वोट और भविष्य ने 20 वोट प्राप्त किया। अंततः सचिन कुमार ने 30 वोट से विजय हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर आजम हुसैन और मीनाक्षी कुमारी खड़ी हुईं। इसमें आजम ने 48 वोट और मीनाक्षी ने 22 वोट पाया। अंततः आजम ने 26 वोट से विजय प्राप्त किया। सांस्कृतिक मंत्री के पद पर रूप राजश्री और अंजली कुमारी खड़ी हुईं। इसमें रूप ने 55 वोट और अंजलि ने 15 वोट पाया। रूपा राजश्री ने 40 वोट से विजय प्राप्त किया। पुस्तकालय मंत्री के पद पर आशीष कुमार और राखी कुमारी खड़ी हुईं। इसमें आशीष ने 42 वोट और राखी ने 28 वोट पाया। अंततः 14 वोट से आशीष कुमार ने विजय प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ बसुंधरा कुमारी ने सभी विजयी उम्मीदवारों को जीत का प्रमाण पत्र दिया। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में एनएसएस को-आर्डिनेटर एस.एस.मैती, सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि और स्नेहलता खलखो मोजूद थीं।